
7
गुस्ताख इश्क़ की...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


11
प्रदेश में खेल संस्कृति...

■ वर्ष 31 अंक 156 ■ जबलपुर गुरूवार 27 नवम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# उज्जैन से होने वाला प्रसारण आकाशवाणी के इतिहास में लिखेगा नई इबारत : डॉ. यादव

### आकाशवाणी का उज्जैन केन्द्र बनेगा युवाओं के रोजगार और प्रसारण कौशल का जरिया : डॉ. मुरूगन

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह आकाशवाणी का उज्जैन केन्द्र है, ऐसा सुनने की हसरत अब जाकर पूरी हुई है। आकाशवाणी का भवन तैयार था, परंतु प्रसारण की मंजूरी के कारण अटका था। मंजूरी मिलने के मात्र 6 माह में उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण प्रारम्भ हो गया है। यह प्रदेश का 20वां आकाशवाणी केन्द्र है। इस केंद्र से निकले एक-एक शब्द उज्जैन और सिंहस्थ की प्रतिष्ठा होंगे। आकाशवाणी के कार्यक्रम, इसकी प्रस्तुति गांव-गांव तक उज्जैन और सिंहस्थ की महिमा पहुंचाएगी। मुझे विश्वास है कि आकाशवाणी अपना यह दायित्व, पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनोरंजन के साथ आकाशवाणी ने समाज सेवा और जन-जागरूकता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उज्जैन से होने वाला प्रसारण आकाशवाणी के इतिहास में नई इबारत लिखकर चार चांद लगाएगा। यहां रोजाना सुबह 5.55 बजे से प्रारंभ होकर रात 11 बजे तक लगातार प्रसारण जारी रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में आकाशवाणी उज्जैन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले को भी सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से उज्जैन जिले के लिए करीब 179 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 55 करोड़ 27 लाख की



लागत से महाराजवाड़ा में तैयार सांदीपनि स्कूल का एवं 30 करोड़ 21 लाख की लागत से उज्जैन रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न मार्गों के निर्माण और उन्नयन कार्य, 32 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से शासकीय धनवंतरी आयुर्वेदिक महाविद्यालय में 250 सीटर बालक और बालिका छात्रावास का निर्माण, 8 करोड़ 37 लाख की लागत से रेप्टाइल पार्क एवं स्नेक पार्क तथा करीब 3 करोड़ की लागत से हाईटेक नर्सरी के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार और इसके प्रचार-प्रसार के मामले में सिरमौर है, इसलिए उज्जैन में आयुर्वेद का एम्स बनाने की दिशा में भी हम केन्द्र सरकार को अपना प्रस्ताव भेजेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगरवासियों को आकाशवाणी केंद्र के शुभारंभ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उज्जैन के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण हैं। यहां के लोगों के कान अपने आकाशवाणी केंद्र की आवाज सुनने को तरस गए थे। यह स्वप्न प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन के प्रयासों से पूरा हो रहा है। उज्जैन की हवा में बाबा महाकाल की भक्ति और शक्ति निरंतर रहती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली रही है। उज्जैन के कण-कण में सम्राट विक्रमादित्य का गौरव महसूस होता है। वे आज भी हमारे आदर्श हैं। यह आकाशवाणी केन्द्र उज्जैन के लिए देववाणी और महालोक वाणी बनेगा। उन्होंने कहा कि 2028 में सिंहस्थ आने वाला है। युवाओं, कलाकारों ने अपनी तैयारियां कर ली हैं। उज्जैन में भगवान श्रीकृष्ण का शिक्षा आश्रम है।

### सोने पर सुहागा सिद्ध होगा उज्जैन स्टेशन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आकाशवाणी ने कला-संस्कृति, शिक्षा-स्वास्थय, जनजागरुकता और कृषि समेत हर क्षेत्र के संरक्षण और संवर्धन में अपना अद्वितीय योगदान दिया है। आकाशवाणी ने रंगकर्मियों और विभिन्न कलाधर्मियों को भी सुनहरा मंच दिया है। वर्ष 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ जैसे विराट महा-आयोजन की तैयारी हम कर रहे हैं। ऐसे में आकाशवाणी उज्जैन का शुरू होना सोने पर सुहागा सिद्ध होगा।

# संविधान राष्ट्रीय अस्मिता का ग्रंथ : राष्ट्रपति मुर्मु

## इसे आत्मसात कर संसद ने जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त किया

नयी दिल्ली (वार्ता)।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान को राष्ट्रीय अस्मिता और पहचान का ग्रंथ बताते हुए कहा है कि बीते दशक में हमारी संसद ने इसके मूल्यों पर चलते हुए जन आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अनेक कार्य किये हैं।

श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को यहां संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में अपने अभिभाषण में कहा कि संविधान सभा ने संसदीय



प्रणाली को अपनाने के पक्ष में जो ठोस तर्क दिये गए थे वे आज भी प्रासंगिक हैं। विश्व के विशालतम लोकतन्त्र में जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने वाली भारतीय संसद, विश्व के अनेक लोकतंत्रों के लिए आज एक उदाहरण के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा , हमारे संविधान निर्माता चाहते थे कि संविधान के माध्यम से हमारा सामूहिक और व्यक्तिगत स्वाभिमान सुनिश्चित रहे। मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता होती है कि बीते दशक में हमारी संसद ने जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के अत्यंत प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वह सभी सांसदों को बधाई देती हैं और कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से संविधान सभा के परम सम्माननीय सदस्यों की स्मृति में सादर नमन करती हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की अंतरात्मा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता जैसे आदर्शों में अभिव्यक्त होती है।

### भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि इन सभी आयामों पर संसद सदस्यों ने संविधान निर्माताओं की परिकल्पनाओं को यथार्थ स्वरूप प्रदान किया है। संसदीय प्रणाली की सफलता के ठोस प्रमाण के रूप में, आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से अग्रसर है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोगों के गरीबी की सीमारेखा से बाहर आने से आर्थिक न्याय के पैमाने पर विश्व की सबसे बड़ी सफलता अर्जित हुई है।

### राष्ट्र-गीत वन्दे मातरम की रचना के 150 वर्ष

राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान में सामाजिक न्याय के आदर्श के अनुरूप देश में समावेशी विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने से महिलाओं के नेतृत्व में विकास के एक नए युग का आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सात नवंबर से राष्ट्र-गीत वन्दे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में देशव्यापी स्मरणोत्सव मनाए जा रहे हैं। यह स्मरणोत्सव भारत माता को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का अवसर है।

### संविधान निर्माताओं ने हमारे संविधान को गतिशीलता और जीवंतता प्रदान की

राष्ट्रपति ने संविधान संशोधन के प्रावधानों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि संविधान में ही ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिसके बल पर भावी पीढ़ियां आवश्यकतानुसार समयानुकूल संशोधन कर सकें। इस प्रकार संविधान निर्माताओं ने हमारे संविधान को गतिशीलता और जीवंतता प्रदान की। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू , राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सभी सांसद मौजूद थे।



## कमला पसंद के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** कमला पसंद और राजश्री पान मसाला के मालिक कमल किशोर की बहू दीप्ति चौरसिया ने मंगलवार शाम को दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, उन्हें एक डायरी के साथ एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें महिला (40) ने अपने पति हरप्रीत चौरसिया के साथ लगातार वैवाहिक कलह का उल्लेख किया है। इस बीच जानकारी मिली है कि पीड़िता का परिवार आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए शिकायत दर्ज करवाने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मृतक ने 2010 में श्री चौरसिया से शादी की थी और उनका 14 साल का एक बेटा है। मामले की शुरुआती जाँच के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि श्री चौरसिया की कथित तौर पर एक दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री से दूसरी शादी के बाद पीड़िता ने आत्महत्या कर ली।

# दागदार रिकार्ड वालों को नैतिक उपदेश देने का हक नहीं

### भारत ने राम मंदिर पर पाकिस्तान की टिप्पणी खारिज की

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत ने अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वज स्थापना के बारे में पाकिस्तान की टिप्णाी को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि पाकिस्तान का अल्पसंख्यकों के साथ बुरे बर्ताव का रिकार्ड जग जाहिर है और ऐसे में उसे भारत को नैतिक उपदेश देने का अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा , हमने पाकिस्तान की टिप्पणी देखी है और हम उसे उसी अवमानना के साथ खारिज करते हैं जिसके वे हकदार हैं। एक ऐसे देश के तौर पर जिसका अपने अल्पसंख्यकों के दमन, कट्टरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का दागदार रिकार्ड है, पाकिस्तान के पास दूसरों को उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।



प्रवक्ता ने कहा कि खोखले पाखंडी उपदेश देने के बजाए पाकिस्तान के लिए बेहतर होगा कि वह अपने अंदर झांके और अपने खराब मानवाधिकार रिकार्ड पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि जहां तक मानवाधिकार का सवाल है पाकिस्तान को अपनी गिरेबां में झांकना होगा क्योंकि दुनिया को पता है कि पाकिस्तान में मानवाधिकार का हनन हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या स्थित राममंदिर पर ध्वज स्थापना की थी जिसके बाद पाकिस्तान ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इससे भारत में अल्पसंख्यकों पर दबाव बढेगा।

# आतंकवाद मानव जाति के लिए अभिशाप : शाह

नई दिल्ली।

गृहमंत्री अमित ने मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज ही के दिन आतंकियों ने मुंबई पर कायराना हमला कर वीभत्स और अमानवीय कृत्य किया। मुंबई आतंकी हमलों का डटकर सामना करते हुए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करता हूं ।

गृहमंत्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार की आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति स्पष्ट है, जिसे पूरा विश्व सराह रहा



**26/11 हमले की बरसी पर गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान बोले- आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति**

है और भारत के आतंक विरोधी अभियानों को व्यापक समर्थन दे रहा है। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक्स पर लिखा कि 26/11 को हुए मुंबई आतंकी हमले में देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी जवानों, पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करता हूं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आगे लिखा कि आतंकियों की इस कायराना हरकत के कारण कई निर्दोष लोगों ने अपने प्राण गंवाए। वहीं, हमारे वीर जवानों और सुरक्षाकर्मियों ने अद्भुत साहस एवं पराक्रम से आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया था। अपने अमर सपूतों के बलिदान के प्रति राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। वहीं केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर लिखा कि मुंबई 26/11 आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सभी निर्दोष नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और मां भारती की रक्षा हेतु बलिदान देने वाले सभी वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन करता हूं! उन्होंने आगे लिखा कि वर्ष 2008 में आज ही के दिन मुंबई में आतंकियों की कायराना हरकत के कारण हमने अनेक अपनों को खोया, लेकिन हमारे वीर सपूतों ने अदम्य साहस व पराक्रम के साथ आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया।

### कॉमेडियन कुनाल कामरा की फोटो पर भड़कीं बीजेपी-शिवसेना, बताया अपमानजनक

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कुनाल कामरा एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह एक ऐसी टी-शर्ट पहने नजर आ रहे हैं, जिसके बारे में दावा किया जा रहा है कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मजाक उड़ाती है। इस पोस्ट के बाद बीजेपी की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई है। पार्टी ने मंगलवार को पार्टी ने संभावित पुलिस कार्रवाई की चेतावनी दी।पिछले विवाद, जब कामरा ने एकनाथ शिंदे की आलोचना की थी, के संदर्भ में, कामरा ने अपने नए पोस्ट में साफ किया कि यह तस्वीर किसी कॉमेडी क्लब में नहीं ली गई थी। वहीं, तस्वीर में पूरा क्र दिखाई नहीं देता, इसलिए टी-शर्ट पर बने अक्षर पीएसएस भी हो सकते हैं।

# एसआईआर पर राजनीतिक दल डर पैदा कर रहे : चुनाव आयोग

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने चुनाव आयोग को 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजनीतिक दल इन राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अनुचित भय और भ्रम पैदा कर रहे हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि केरल एसआईआर मामले में चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग 1 दिसंबर तक जवाब दाखिल करें। मामले को 2 दिसंबर को सूचीबद्ध करें। तमिलनाडु में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 4 दिसंबर को सुनवाई होगी, जबकि




पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 9 दिसंबर को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट अलग-अलग राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में, केरल राज्य ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और आग्रह किया कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव समाप्त होने तक एसआईआर प्रक्रिया को कम से कम स्थगित कर दिया जाए।

# मोदी जी हमें औपनिवेशीकरण के खतरे पर ज्ञान...

### प्रधानमंत्री पर कांग्रेस ने साधा निशाना

नई दिल्ली।

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए सुनियोजित तरीके से संविधान के सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रक्रियाओं को कमजोर कर रहे हैं। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि वह संविधान पर होने वाले हर प्रहार का सामने खड़े होकर मुकाबला करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि न्याय, समानता, आजादी, परस्पर भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत की पहचान बन चुकी है, लेकिन आज ये पहचान खतरे में हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा और आरएसएस का संविधान के प्रति आदर दिखाना सिर्फ ढोंग है। संविधान दिवस के अवसर पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत का संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, यह देश के हर



नागरिक से किया गया एक पवित्र वादा है। वादा यह कि चाहे कोई किसी भी धर्म या जाति का हो, किसी भी क्षेत्र से आता हो, कोई भी भाषा बोलता हो, गरीब हो या अमीर, उसे समानता, सम्मान और न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि संविधान गरीबों और वंचितों का सुरक्षा कवच है, उनकी शक्ति है और हर एक नागरिक की आवाज है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक संविधान सुरक्षित है, हर भारतीय के अधिकार सुरक्षित हैं। राहुल गांधी ने कहा, आइए, हम प्रण लें कि हम संविधान पर किसी भी तरह का आक्रमण नहीं होने देंगे। इसकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य है और इस पर होने वाले हर प्रहार के सामने सबसे पहले खड़ा रहूंगा।

# छत्तीसगढ़ में 41 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर (वार्ता)।

छत्तीसगढ़ के अत्यधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिला में बुधवार का दिन सुरक्षा अभियानों और पुनर्वास नीति की ऐतिहासिक उपलब्धि का रहा जब 41 सक्रिय माओवादी कैडरों ने लंबे समय तक चली हिंसक, क्रूर और जनविरोधी विचारधारा को छोड़कर भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक पुनर्समावेशन में आस्था व्यक्त करते हुए आत्मसमर्पण किया।

दक्षिण बस्तर, विशेष रूप से बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के घने जंगलों में दशकों से सक्रिय प्रतिबंधित माओवादी संगठन के लिए यह समर्पण इसलिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि इन कैडरों पर कुल मिलाकर एक करोड़ 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था और इनमें संगठन के दक्षिण सब-जोनल ब्यूरो के 39 सदस्य शामिल बताए जा रहे हैं। जानकारों



के मुताबिक हाल के वर्षों में माओवादी गतिविधियों, हथियार मूवमेंट, टैक्टिकल ऑपरेशन, सप्लाई नेटवर्क, मिलिशिया ढांचे, जनताना सरकार, पीएलजीए बटालियन और एरिया कमेटी में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने वाले सदस्य जब मुख्यधारा में लौटते हैं, तो यह केवल एक कार्यक्रम नहीं होता, बल्कि यह एक वैचारिक ढांचे के क्षरण का प्रतीक बन जाता है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बुधवार को मिली जानकारी के मुताबिक, समर्पण करने वालों में 12 महिला और 29 पुरुष कैडर शामिल रहे, जो दक्षिण बस्तर दंडकारण्य स्पेशल जोन कमेटी (डीकेएसजेडसी) के अलावा तेलंगाना स्टेट कमेटी, धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड डिवीजन, पश्चिम बस्तर सप्लाई टीम, डीके जोन और विभिन्न आरपीसी मिलिशिया समूहों में सक्रिय थे।

इन 41 कैडरों में पीएलजीए बटालियन नंबर-01 के पीपीसीएम पदनाम वाले सदस्य, अलग-अलग कंपनियों, प्लाटून और एरिया कमेटी के प्रमुख कार्यकर्ता, मिलिशिया प्लाटून कमांडर और डिप्टी कमांडर, जनताना सरकार के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष स्तर पर सक्रिय सदस्य, डीएकेएमएसऔर केएएमएस संगठन से जुड़े फैसले लेने वाले कैडर भी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों में पण्डरू हपका उर्फ मोहन और उनकी पत्नी बण्डी हपका का नाम सबसे प्रमुख रहा, जो पीएलजीए बटालियन नंबर-01 में पीपीसीएम पद पर सक्रिय थे और दोनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके अलावा कंपनी नंबर-02 के पीपीसीएम सदस्य लक्खू कोरसा पर भी आठ लाख का इनाम था, जबकि प्लाटून नंबर-30 के पीपीसीएम सदस्य बदरू पुनेम और प्लाटून नंबर-50 के पीपीसीएम सदस्य सुखराम हेमला और उनकी पत्नी मंजूला हेमला उर्फ शांति पर भी आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कमलानगर से जयस्तंभ चौक तक यूनिटी मार्च का हुआ आयोजन

## सांसद हिमाद्री सिंह यूनिटी मार्च में हुई शामिल



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मेरा युवा भारत शहडोल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर देशभर में आयोजित किए जा रहे यूनिटी मार्च श्रृंखला के तहत सोमवार को कमलानगर शहडोल से सूर्यनमस्कार परिसर जयस्तंभ तक भव्य एकता पदयात्रा निकाली गई। लगभग 5 किलोमीटर लंबी यह यूनिटी मार्च सूर्यनमस्कार परिसर (जयस्तंभ) शहडोल में पदयात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम में माननीय सांसद हिमाद्री सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। च्सरदार पटेल अमर रहेंज्ज च्भारत माता की जयज्ज च्वंदे मातरमज्ज जैसे जोशीले नारों के साथ स्कूली विघार्थियों, समाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मार्च में भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए माननीय सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती पर प्रदेशभर में एकता के संदेश को जन-जन तक पहुचाने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण सरदार पटेल की अद्भुत सूझबूझ और राष्ट्रनिष्ठा का अप्रतिम उदाहरण है। महात्मा गांधी के एक भारत के स्वप्न को साकार करने का श्रेय सरदार पटेल को ही जाता है। उन्होंने युवा पीढी से आह्वान किया कि वे लौह पुरूष के जीवन मूल्यों और राष्ट्रनिष्ठ आदर्शों का अनुसरण कर भारत को सशक्त और समृद्धि के पथ पर आगे बढाए। साथ ही उन्होंने कहा कि शहडोल रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, और अधोसंरचना के क्षेत्र में लगातार नई ऊॅचाइयों की ओर अग्रसर है। सांसद हिमाद्री सिंह सरदार पटेल की जयंती पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लौह पुरूष के असाधारण व्यक्तित्व और राष्ट्रनिर्माण के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी देश के सरंक्षक के रूप में आगे आए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थियों में सरदार पटेल ने विखंडित भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक और असंभव-सा लगने वाला कार्य पूरा किया। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं बुके द्वारा मनीष चौहान ए.पी.ए ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अमिता चपरा ने युवाओ को भी सम्बोधित किया। सांसद हिमाद्री सिंह को मेरा युवा भारत शहडोल की ओर से जिला युवा अधिकारी शहडोल कीर्तिका कुहर ने स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित मनीष चौहान ए.पी.ए द्वारा किया गया। मंच का सफल संचालन अमित मिश्रा जिला महामंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी, कार्यालय मंत्री, अंकुश शर्मा कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, जिला मंत्री रवीन्द्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष, मृदुल मिश्रा, प्रिन्स त्रिपाठी, अजय शर्मा, अर्जुन सोनी, प्रियंका त्रिपाठी, रजीव शर्मा, सचिन सेठिया, विनय केवट जिला मीडिया प्रभारी, कैलाश विशनानी वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे। सभी को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का भी लयबद्ध गायन हुआ।



# नगर परिषद बकहो में विकास कार्यों का किया गया शिलान्यास एवं लोकार्पण

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** नगर परिषद बकहो में आज विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंह मरावी विधायक जैतपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अमिता चपरा मौसमी केवट अध्यक्ष नगर परिषद बकहो वैभव विक्रम सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद बकहो, नगर परिषद बकहो के पार्षदगण सहित नगर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस समारोह में नगर परिषद बकहो क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। ये परियोजनाएँ नगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण करते हुए कहा कि ये परियोजनाएँ निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएँगी, जिससे नगर के निवासियों को सीधा लाभ मिले। शिलान्यास के साथ ही, नगर परिषद बकहो द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए कई विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। इन कार्यों के माध्यम से अब नागरिकों को उनका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष ने लोकार्पण के दौरान कहा कि नगर परिषद बकहो नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे ही विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। वक्ताओं ने विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने नगर परिषद की प्रशंसा की और कहा कि स्थानीय निकाय जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नगर के तीव्र विकास का आश्वासन दिया। नगर परिषद अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराया।

# प्रवीण तोगड़िया ने दिया हिंदू राष्ट्र का फॉर्मूला

## एक हिंदू दूसरे हिंदू की करे मदद

## हर मंगलवार और शनिवार हनुमान चालीसा का हो पाठ : प्रवीण तोगड़िया



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

जिले मुख्यालय से जुड़े ग्राम सिंहपुर में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया पहुचें जहां सैकड़ो हिन्दू कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, प्रवीण तोगड़िया ने कहा जो हिंदुत्व के लिए खड़ा रहेगा हम उसके साथ खड़े होगें, स्वस्थ हिंदू-सुखी भारत अभियान की तैयारी जोरों से चल रही है उन्होने कहा शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार मे हिन्दुओ का सहयोग करे हिंदू राष्ट्र का रास्ता भाईचारे से होकर गुजरता है, प्रवीण तोगड़िया ने कहा मार्च-मई में बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन कई स्थानों पर किया जायेगा। तोगड़िया ने हिंदू राष्ट्र को लेकर अपना फॉर्मूला साझा करते हुए कहा कि एक हिंदू, दूसरे हिंदू भाई की मदद करे तो हिंदू राष्ट्र अपने आप बन जाएगा। मीडिया से चर्चा के दौरान तोगड़िया ने कहा कि देशभर में प्रयास किया जा रहा है कि हर शहर, हर मोहल्ले में शनिवार या मंगलवार को लोग एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। उन्होंने बताया कि हिंदुओं की सहायता के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों को सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। अपने वक्तव्य मे तोगड़िया ने स्पष्ट कहा जो भी व्यक्ति हिंदुत्व के लिए कार्य करेगा, हम उसके समर्थन में रहेंगे।

# पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय की मनमानी एवं फीस में की गई बढ़ोत्तरी को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले के बुढार धनपुरी इकाई द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बुढार में मनमानी ढंग से बढ़ाई गई प्रवेश फीस एवं अन्य 23 विषयों को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य को नगर सहमंत्री नवदीप पनिका द्वारा महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें प्रमुख मांगे इस प्रकार है। यह है कि शंभूनाथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम वर्ष की परीक्षाए तो अगस्त माह में संपन्न हुई परंतु आज दिनांक तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया। एवं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की मार्कशीट जो की तत्काल रूप से जारी किया जाए। यह है कि महाविद्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रवेश फीस में 1900 से 2000 की बढ़ोतरी की गई। जिसे तत्काल रूप से पूर्वानुसार करते हुए विद्यार्थियों से अधिक ली गई फीस



उन्हें तत्काल रूप से वापस की जाए। यह है कि महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस एवं बायोटेक्नोलॉजी के प्राध्यापक न होने के कारण विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल रूप से प्राध्यापक की उचित व्यवस्था की जाए। यह है कि महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम जो की प्रवेश के समय कंप्यूटर रूम में तब्दील कर दिया गया था जो आज दिनांक तक कंप्यूटर रूम ही हैं जिसे तत्काल रूप से गर्ल्स कॉमन रूम बनाकर छात्रों के लिए खोला जाए एवं सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगवाई जाए। यह है कि महाविद्यालय में प्रयोगिक कक्षाएं तो हैं परंतु प्रयोग संचालित नहीं हो रहे हैं जिसे तत्काल रूप से प्रत्येक विषयों के प्रयोग प्रारंभ कराए जाए। यह है कि महाविद्यालय में लगातार कई बार ज्ञापन के बाद भी आज तक विद्यार्थियों को पीवीसी आईडी कार्ड उपलब्ध नई कराया गया जिसे तत्काल रूप से उपलब्ध कराया जाए। यह है कि महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य गेटों के सामने सीसीटीवी कैमरे तत्काल रूप से लगवाये जाएं। यह है कि महाविद्यालय कैंपस में निःशुल्क वाईफाई सुविधा प्रारंभ की जाए। महाविद्यालय के लाइब्रेरी में एनईपी के अनुसार पुस्तके एवं लाइब्रेरी को सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए। महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की सूचना पूर्व से नोटिस बोर्ड एवं व्हाट्सएप समूह में विद्यार्थीयो को दी जाए। महाविद्यालय में स्वच्छ पीने हेतु पानी की व्यवस्था की जाए एंव वॉटर कूलर, क्लास रूम एवं वॉशरूम की सफाई नियमित कराई जाए। महाविद्यालय में विद्यार्थीयो हेतु कम्प्यूटर लैब बनकर तैयार है परंतु सभी विद्यार्थी उसका उपयोग नहीं कर पा रहे जिसे तत्काल रूप से सभी विद्यार्थीयो के लिए प्रारंभ किया जाए एवं कम्प्यूटर लैब प्रभारी को बदला जाए। महाविद्यालय के अंदर आए दिन बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट गाली गलौज की जाती है। जिसको देखते हुए ड्रेस कोड का पालन कड़ाई से हो और बाहरी व्यक्तियों जो भी प्रवेश करे उनकी जानकारी मुख्य द्वार पर रजिस्टर में हो। महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्र सहायता केंद्र स्थापित किया जाए जिससे बाहरी व्यक्तियों को वही से जानकारी प्रादन की जा सके। महाविद्यालय में कई बार ज्ञापन के पश्चात भी अधिक से अधिक वाहन महाविद्यालय के पीछे की ओर खड़े होते हैं जिसे ध्यान में लाते हुए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पार्किंग स्थान पर हो एवं पूर्व में आश्वासन के बाद भी पार्किंग शेड का निर्माण नहीं हुआ जिससे तत्काल रूप से कार्रवाई की जाए।

# जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता में 91 टीमों ने लिया हिस्सा, नवोदय विद्यालय डिंडोरी प्रथम-राज्यस्तर के लिए चयनित

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड, भोपाल के निर्देशन तथा वनमंडलाधिकारी डिंडोरी के मार्गदर्शन में मंगलवार को उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी में जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वन विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा ली गई। क्विज मास्टर अश्विनी कुमार साहू ,पीएस कुसराम ने बताया कि जिले के रिकॉर्ड 102 शासकीय एवं निजी विद्यालयों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 91 टीमों ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया।

**प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान**-प्रथम स्थान = जवाहर नवोदय विद्यालय डिंडोरी प्रतिभागी - कुबेर मिश्रा, राखी पुषाम, तनय राय द्वितीय स्थान = उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी प्रतिभागी - हर्षित व्योहार, नियति सोनी, अभिलाषा नंदा तृतीय स्थान = एकीकृत उमाशाला अझवार प्रतिभागी - सौरभ, विकास, अनुराग विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य सभी 91 टीमों के प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त टीम नवोदय विद्यालय डिंडोरी अब 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्यस्तर पर प्रथम पुरस्कार 30,000 रुपये, द्वितीय 24,000 रुपये तथा तृतीय 15,000 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तरीय क्विज दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक संपन्न हुई। परीक्षा उपरांत तत्काल परिणाम घोषित किए गए।



डिंडोरी वन परिक्षेत्र रेंजर अतुल सिंह ने बताया कि जैव विविधता बोर्ड का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल, जंगल, वन्यजीव एवं पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना है ताकि भविष्य में वे समाज को भी संरक्षण के प्रति प्रेरित कर सकें और जंगलों व वन्यजीवों को नुकसान न पहुँचाएँ। प्रतियोगिता के सफल संचालन में वनमंडलाधिकारी श्री पुनीत सोनकर, उपवनमंडलाधिकारी श्री एस.एस. जाटव, एसीएफ श्री अखिलेश प्रताप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते, रेंज ऑफिसर श्री अतुलसिंह बघेल, क्विज मास्टर श्री अश्विनी कुमार साहू, श्री पीएस कुसराम, उपासना चौबे, लतिका डेनियल, डी.आर. सिंगरौरे, शोभित राम, वनवासी अमृतलाल कुसराम, दीपलता मार्को, निशा पट्टा, सुनील कोरी सहित वन विभाग एवं शिक्षा विभाग की टीम और विद्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। 91 टीमों के प्रभारी शिक्षक और प्राचार्यों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

डीएफओ के संवाद सत्र में प्रतिभागी रानू पांडे एवं भूमिका ने जैव विविधता संरक्षण पर अपने उत्कृष्ट विचार साझा किए, जिन्हें भी वनमंडलाधिकारी द्वारा प्रोत्साहित कर पुरस्कृत किया गया।

# महीनों से गायब सचिव पर आखिरकार गिरी गाज : जिला सीईओ ने किया सस्पेंड




डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

ग्राम पंचायत सुनपुरी (जनपद पंचायत बजाग) के सचिव गजरूप सिंह धुर्वे को कर्तव्य से लंबे समय तक अनाधिकृत अनुपस्थिति, कार्य में लापरवाही और शासन के निर्देशों का पालन न करने पर जिला पंचायत डिंडौरी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडौरी ने आदेश जारी किया।

जनपद पंचायत बजाग द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि सचिव धुर्वे पिछले दो माह से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे, जिससे पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ।

मजदूरी भुगतान, अन्य बिल भुगतान एवं निर्माण कार्य ठप पड़े रहे। समग्र की प्रगति भी शून्य पाई गई।

किसान, मजदूर और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ समय पर न मिल पाने की स्थिति बनी रही। सचिव धुर्वे को कई बार कारण बताओ सूचना पत्र एवं चेतावनी पत्र जारी किए गए, परंतु उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का भी समय-सीमा में निराकरण नहीं कराया गया। यहां तक कि 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभा में भी वे बिना सूचना अनुपस्थित रहे।

प्रकरण को अनुशासनहीनता मानते हुए और मप्र पंचायत सेवा नियम 2011 के नियम 7 का उल्लंघन पाए जाने पर जिला पंचायत ने उन्हें निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उन्हें नियम अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा तथा उनका मुख्यालय जनपद पंचायत बजाग निर्धारित किया गया है।

# जादूटोना के शक में बुजुर्ग की हत्या पुलिस ने चार आरोपी किए गिरफ्तार

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** थाना मेहंदवानी क्षेत्र में 19 नवंबर की रात हुई अंधे कत्ल की गंभीर घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने जांच के आधार पर हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 20 नवंबर को ग्राम कोड़ाझिर निवासी प्रार्थिया रिया धुर्वे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके ससुर सुबल साह धुर्वे की घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। घटना की रात घर के सभी सदस्य सो चुके थे। सुबल साह परछी में सो रहे थे, तभी लगभग 11.30 बजे उनकी चीख सुनाई दी। परिजन बाहर आए तो एक अज्ञात व्यक्ति वहां से भागता हुआ नजर आया। टॉर्च की रोशनी में देखने पर पाया गया कि सुबल साह के सिर पर घातक हमला किया गया था। पुलिस ने



तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच एसपी डिंडौरी, एएसपी और एसडीओपी शाहपुरा के निर्देशन में थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान संदेही अनूप सिंह मरकाम को तलब किया गया। मृतक की पत्नी और बहू ने यह पहचान की कि घटना से पहले वही सुबल साह को झाड़फूंक के बहाने लेकर गया था। पूछताछ में मामला धीरे-धीरे पूरा स्पष्ट हो गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी प्रेमसिंह मरावी का मृतक के भाई की लड़की सुखवती धुर्वे से प्रेम संबंध था। सुखवती अपनी बीमारी का कारण प्रेमसिंह को बताती थी और मृतक सुबल साह झाड़फूंक किया करते थे। प्रेमसिंह को यह शक हो गया कि सुबल साह जादूटोना कर रहा है और इसके चलते उसने उन्हें रास्ते से हटाने का निर्णय ले लिया। प्रेमसिंह ने प्रदीप मरावी और अनूप सिंह के साथ मिलकर हत्या की योजना तैयार की।घटना से पहले आरोपियों ने सुबल साह को जंगल ले जाकर मारपीट की, लेकिन वह किसी तरह वहां से निकल आए। इसके बाद 19 नवंबर की रात प्रेमसिंह टॉर्च और तबली लेकर घर में घुसा और सो रहे सुबल साह की बेरहमी से हत्या कर दी। इस दौरान अनूप सिंह घर के बाहर महुआ के पेड़ के पास खड़ा रहकर निगरानी कर रहा था।पुलिस ने पूरे मामले में प्रेमसिंह मरावी, अनूप सिंह मरकाम, सुखवती बाई धुर्वे और प्रदीप मरावी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया।इस पूरे खुलासे में निरीक्षक एस.एस. उसराठे, सउनि मंगलप्रसाद मानेश्वर, प्रआर कमलेश भवेदी, नरेन्द्र मार्को, नारायण सिंह, रविन्द्र कुम्हरे, दिनेश लोधी, ओमकार, म0आर नमिता भगत तथा सायबर सेल के प्रआर मुकेश प्रधान और आर जगदीश मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समानता, स्वतंत्रता और न्याय की मूल भावना पर आधारित है भारतीय संविधान





## संविधान दिवस पर हितकारिणी लॉ कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में हितकारिणी लॉ कॉलेज एवं एडवेंचर्स हेल्प इनीशिएटिव सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यशाला का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की उत्पत्ति, उसकी मूल भावना संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं मानसिक स्वास्थ्य की व्यापक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में संवैधानिक मूल्य, नागरिक उत्तरदायित्व तथा लोकतांत्रिक चेतना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं मुख्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकाश सिंह ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और सर्वसमावेशी संविधान है, जो समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय की मूल भावना पर आधारित है। उन्होंने छात्रों से संविधान के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यशाला के दौरान उप प्राचार्य डॉ. भावना वर्मा ने संविधान की प्रस्तावना और उसकी आत्मा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। वहीं सहायक प्राध्यापक मोनिका सिंह, यामिनी मिश्रा तथा अश्विनी दोशी ने मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, न्यायपालिका की भूमिका, तथा संविधान का विकास एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य विषयों पर प्रभावी एवं प्रेरक उद्बोधन दिए।

### विद्यार्थियों ने पूछे सवाल

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रशांत वर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने अत्यंत संयमित एवं प्रभावशाली शैली में कार्यशाला को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। छात्रों ने कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी करते हुए महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और विधिक ज्ञान से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम मे सहायक प्राध्यापक राजेश सेन, लोकेन्द्र सिंह, अभिषेक नेमा, कीर्ति कोरी, नवीन जैन, देवेन्द्र पांडे, सुधांशु जैन एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण तथा स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यशाला ने न केवल विद्यार्थियों में संवैधानिक समझ को गहरा किया, बल्कि उनमें लोकतंत्र, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जहां प्रबंधन एवं संकाय ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सड़कों पर उतरा ब्राह्मण संगठन

## विवादित बयान के बाद घंटाघर में किया गया जमकर प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के एक कथित विवादित बयान पर प्रदेशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए वर्मा ने कथित तौर पर कहा था कि जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे को दान न कर दे या उससे संबंध न बना ले। तक तक आरक्षण बंद न हो । उनके इस बयान के बाद व्यापक विरोध शुरू हो गया है। इस बयान के सामने आने के बाद ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश देखा गया। इसी क्रम में बुधवार को ब्राह्मण एकता मंच के सदस्यों ने जबलपुर के ओमती थाने पहुंचकर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

ब्राह्मण एकता मंच के पदाधिकारी कपिल दुबे ने इस बयान को पूरे महिला समाज का अपमान बताया। उन्होंने कहा, बेटियां कोई वस्तु नहीं हैं कि उन्हें दान दिया जाए। यह बयान सिर्फ ब्राह्मण समाज का नहीं, बल्कि पूरे महिला समाज का अपमान है। ऐसे अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**तत्काल पद से हटाने की मांग** –महिला ब्राह्मण एकता मंच की प्रतिनिधि डॉ कल्पना मिश्रा ने भी इस पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज अपनी बेटियों के लिए इस तरह की अपमानजनक भाषा कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। हम परशुराम के वंशज हैं, यदि कोई समाज की बेटियों का अपमान करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। समाज के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आईएएस संतोष वर्मा पर कानूनी कार्रवाई की जाए और उन्हें उनके पद से हटाया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद थीं। पुलिस ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# हितकारिणी महाविद्यालय देवताल में मनाया गया संविधान दिवस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी विज्ञान, वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय देवताल गढ़ा में बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग मप्र के आदेश अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संविधान में बताए गए कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक कराना था । कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. ममता पाठक के उद्बोधन से हुआ उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें अपने अधिकारों से पहले कर्तव्यों को समझना होगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान से संबंधित पोस्टर, स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में भाग लिया । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी सहायक प्राध्यापिका अंजना मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति सराहनीय रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ पुष्पा शुक्ला, डॉ सरिता शर्मा, प्रो अंजना चंसौरिया, प्रो संदीप परिहार, डॉ वर्षा दुबे, डॉ मीना बेन, प्रो श्रद्धा सेन, प्रो सौम्या शुक्ला, प्रो मोनिका पाण्डेय आदि उपस्थित रही ।

## चार नई श्रम संहिता का मप्र विद्युत कर्मचारी संघ ने किया विरोध

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्रमिकों, कार्मिकों के शोषण को बढ़ावा देने, प्रशासन, प्रबंधन और उद्योगपतियों के हित संवर्धन के लिए केन्द्र सरकार पुराने सभी क़ानून खत्म कर चार नई श्रम संहिता, नये कानून लें आई है। श्रम संहिताए रद्द करने की मांग पर राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया गया। इसी आव्हान पर मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने भी विरोध किया। मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक, वरिष्ठ नेता यूके पाठक, दिनेश दुबे, केदारनाथ अग्निहोत्री, उमाशंकर दुबे आदि ने कानून का विरोध किया। श्री पाठक ने कहा कि इन श्रम संहिता के लागू होने से श्रमिकों, कार्मिकों की सुरक्षा, सुविधा और समस्याओं के समाधान होना मुश्किल हो जाएगा, वल्कि उद्योगपतियो ,प्रंबधन की मनमानी चलने लगेगी। श्रम संगठनों का रजिस्ट्रेशन,संचालन और श्रमिकों, कार्मिकों के हित संवर्धन और प्रगति के लिए मांग करना, आंदोलन, सत्याग्रह करना मुश्किल हो जाएगा। सब प्रबंधन, प्रशासन और उद्योगपतियो के रहमो-करम पर निर्भर हो जाएगा।

## विधि-विधान से सम्पन्न हुआ गजरथ महोत्सव के पात्रों का चयन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दयोदय तीर्थ (गौशाला) परिसर में नवनिर्मित जैन मंदिर के श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक चौबीसी जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, सप्त-रथ महोत्सव एवं विश्व-शांति कामना महायज्ञ्2025 के पावन अवसर हेतु गजरथ महोत्सव के पात्रों का चयन विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। यह भव्य आयोजन 30 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक दद्दा ग्राउण्ड, पिसनहारी तीर्थ के सम्मुख आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में आयोजित धर्मसभा का शुभारंभ मंगलाचरण के मधुर गायन से हुआ, जिसे सारिका सिंघई ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के तैलचित्र के समक्ष दयोदय तीर्थ के न्यासीगण- अरविंद भाई, कमलेश कक्का, सन्देश जैन, सतीश नेता, नीलेश जैन, धन्यकुमार, मनीष गमछा एवं कमलेश दलाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। आचार्य श्री के पावन सान्निध्य तथा वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय मैय्या बंडा की उपस्थिति में गजरथ महोत्सव के पात्रों का चयन सम्पन हुआ । संबोधन में आचार्य श्री ने कहा कि पंचकल्याणक के सात रथ जिनका प्रवर्तन आपको सात तारिख को देखने मिलेगा द्य इस माध्यम से श्रावकों को यह अनुभूति होती है कि एक तीर्थंकर आत्मा लोक-कल्याण के लिए कैसे अवतरित होती है।

## शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संतोष जाटव ने संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के बारे में एवं विशेषताओं के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया । भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ था । संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस संपूर्ण भारत में मनाया गया तथा तब से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन किया जाता है उपरोक्त प्रस्तावना डॉ. सुनीता शर्मा प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा दी गई । भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक अधिकार विषय पर स्लोगन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 150 विद्यार्थियों में भाग लिया । डॉ शिखा सक्सेना इस अवसर पर उपस्थित रही ।



धन्यवाद ज्ञापन डॉ चेतना राणा अग्निहोत्री, सदस्य भारतीय ज्ञान परंपरा ने किया । कार्यक्रम को संपन्न करने में डॉ. विनीता रतोनिया, डॉ. रुपाली जैन, डॉ सोहनी जैन, डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. सोनिल मार्क्सकोले एवं अंजली मिश्रा का विशेष सहयोग रहा । महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय संविधान पर ऑनलाइन क्विज का आयोजन भी किया गया ।जिसकी संयोजक डॉ. जया बाजपेई, प्रभारी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन रहीं ।

## नापे जाएंगे शहर में निर्मित भवन, निगमायुक्त का आदेश

### जांच के लिए बनाई गई टीम, नए सिरे से होगा करारोपण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

निगमायुक्त एक आदेश से हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल निगमायुक्त ने समस्त राजस्व अमले को निर्देश दिए हैं कि वसूली अभियान तेज करें। इसके साथ ही निर्मित एरिया और उनके वास्तविक उपयोग की भी गहन जांच की जाए। इसके लिए 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक सभी 16 संभागीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले वार्डों में विशेष वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार, 16 संभागीय कार्यालयों में कुल 1 लाख 32 हजार 9 सौ सम्पत्तियों से 110 करोड़ रुपये की बड़ी राशि बकाया है। निगम प्रशासन ने इस वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसका मुख्य लक्ष्य वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले इन बकायों को शून्य करना है। निगमायुक्त ने बताया कि वसूली अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निगम ने एक सशक्त कार्य योजना तैयार की है। प्रत्येक संभाग में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों, नोटिस सर्वर तथा कम्प्यूटर ऑपरेटरों का एक विशेष दल गठित किया गया है। इन दलों के लिए प्रतिदिन का वसूली लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि समय-सीमा के भीतर अधिकतम वसूली सुनिश्चित की जा सके। वसूली के साथ-साथ, अभियान के दौरान सम्पत्तियों के निर्मित एरिया और उनके वास्तविक उपयोग की भी गहन जांच की जाएगी। यह जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि संपत्ति मालिकों द्वारा सही जानकारी दी गई है या नहीं। यदि किसी संपत्ति के निर्मित क्षेत्र या उपयोग में विसंगति पाई जाती है, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि बकायादारों को वर्तमान में, 31 दिसंबर तक बकाया राशि पर 7 प्रतिशत का अधिभार लगाया गया है, जो 1 जनवरी, 2026 से अधिभार की दर को 8 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधा 15 प्रतिशत कर दी जाएगी और 1 अप्रैल से बकाया संपत्तिकर राशि को दुगना कर दिया जाएगा ।

## 251 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संस्कारधानी में पुण्यसलिला मां नर्मदा के तट पर विचार क्रांति के प्रणेता युग ऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शो के सूक्ष्म संरक्षण में धर्मतंत्र से लोक शिक्षण के अभियान को गति देने हेतु विराट 251 कुंडीय शक्तिसंवर्धन गायत्री महायज्ञ 19 से 22 दिसम्बर तक गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में संपन्न होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए गायत्री मंदिर के सदस्यों ने बताया कि विश्व की प्रथम एवं श्रेष्ठतम संस्कृति के माता पिता गायत्री और यज्ञ हैं। ऋषि प्रणीत परंपरा में यज्ञ को लोक शिक्षण का आधार बनाया गया है। इस दिव्य बज में विभिन्न सस्कारों को निशुल्क संपन्न कराया जायेगा।



गायत्री परिवार जबलपुर की युवा इकाई डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दिया द्वारा विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे रक्तदान अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन यज्ञ स्थल पर रक्तदान कराया जाएगा। जिसे शासकीय अस्पतालों में जरूरतमदी हेतु रिजर्व रखा जाएगा। इस आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार देव सस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या उपस्थित रहेंगे ।

## ज्ञानवती वर्मा का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चुंगी चौकी कांचघर निवासी ज्ञानवती वर्मा का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया । वे दुर्गा प्रसाद वर्मा की पत्नी एवं अजय, विजय, विनय वर्मा की माता हैं । उनकी अंतिम यात्रा आज गुरूवार 27 नवंबर को उनके निवास स्थान से सुबह 10.30 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



## संकीर्तन की अलख जगाने वाले 32 भजनकर्ताओं का हुआ सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट के द्वारा आर्य समाज भवन में हनुमान बाग पीठाधीश्वर बृजेश महाराज हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज पूर्व कमिश्नर वेद प्रकाश आईएस, महाकौशल प्राचार्य डॉ अल्केश चतुर्वेदी, रोहित दुबे, देवेंद्र त्रिपाठी, शरद अग्रवाल, मुकेश सुहागन के सानिध्य में संकीर्तन की अलख जाने वालों में शहर के प्रमुख भजनंदियों का अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया। जिसमें 87 साल से लेकर 12 साल तक के युवा रहे । इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल, संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, मनमोहन दुबे, संतोष अग्रहरि, विनोद दीवान, देवेंद्र नेमा, सत्य प्रकाश नामदेव आदि उपस्थित रहे । अगहन पुर्णिमा पर 469 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से 5 दिसंबर सुबह 8.30 बजे संत महात्माओ एवं श्री सीताराम संगीतन प्रभात फेरी के सानिध्य में निकाली जाएगी ।

### संविधान की रक्षा करने का लिया संकल्प

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संविधान दिवस के अवसर पर भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, बहुजन क्रांति मोर्चा ने के पदाधिकारियों ने अम्बेडकर चौक पर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लिया। इसी के साथ विगत दिवस मानस भवन में हुए पुस्तक विवाद को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर संबंधितों पर मुकदमा दर्ज करने का ज्ञापन दिया गया । इस दौरान इंजी. प्रवीण गजभिये, रामराज पटेल, विनय बौद्ध, अनिल बंशकार, अरविंद बिरहा, चन्द्रशेखर उरकुड़े, रमन पटेल, प्रशांत बटेल, एड. परमानंद साहू, एड. रविकांत भगत, एड. वरूण सकतेल, एड. राजाराम साहू आदि उपस्थित रहे ।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी ने काटे 488 पेड़

## मप्र हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, 7 अधिकारियों को किया तलब

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



भोपाल के पास भोजपुरङ्कबंगरसिया सड़क चौड़ीकरण के लिए बिना अनुमति के 488 पेड़ काटे जाने के मामले में मप्र हाईकोर्ट सख्त हो गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले पर गंभीर रुख अपनाते हुए राज्य सरकार के 7 वरिष्ठ अधिकारियों को बुधवार की सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में तलब किया। मप्र हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि भोपाल में अब एक भी पेड़ बिना अनुमति नहीं काटा जा सकेगा। यदि किसी विभाग, संस्था या व्यक्ति को पेड़ काटने की आवश्यकता है तो इसके लिए मप्र हाईकोर्ट की मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। दरअसल भोजपुरङ्कबंगरसिया सड़क के चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग रायसेन ने 488 पेड़ काट दिए। इन पेड़ों को काटने के लिए कहीं से अनुमति नहीं ली गई। इससे पहले सुनवाई में हाईकोर्ट की युगलपीठ ने भोपाल निवासी नितिन सक्सेना के याचिका में हस्तक्षेपकर्ता बनने के आवेदन को स्वीकार किया था।

### सेटेलाइट फोटो पेश करने के आदेश

इस मामले में भोपाल निवासी नितिन सक्सेना ने अपने आवेदन में बताया था कि तस्वीरों से स्पष्ट है कि किसी भी पेड़ को प्रत्यारोपित नहीं किया गया है, बल्कि पेड़ों को पूरी तरह से काटा गया है और उसके तने जमीन में गड़े हुए हैं। कुछ तनों में से अंकुर भी निकलने लगे हैं। हाईकोर्ट की युगलपीठ ने सुनवाई करते हुए प्रत्यारोपित किए गए पेड़ों की जीपीएस के साथ सेटेलाइट फोटो पेश करने के आदेश जारी किए थे।

### इन अधिकारियों को किया तलब

मप्र हाईकोर्ट ने अजय श्रीवास्तव, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, पीडब्ल्यूडीअंडर सेक्रेटरी, विधानसभा सचिवालय एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर-कम-अंडर सेक्रेटरी आदि को तलब किया है। पिछली सुनवाई में हस्तक्षेपकर्ता नितिन सक्सेना की ओर से अदालत को बताया गया कि भोपाल में कुछ नए रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के लिए अतिरिक्त 244 पेड़ काटने का प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़ काटने की अनुमति न मिलने पर ट्रांसप्लांटेशन के नाम पर पेड़ों को पूरी तरह काटने का नया तरीका अपनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों के हवाले से बताया कि पेड़ों को काटने की परमिशन लेना मुश्किल है। इसलिए पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने का एक प्रपोजल है, जिसके लिए किसी परमिशन की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य सरकार की तरफ से प्रदेश में कोई ट्री प्लांटेशन पॉलिसी लागू नहीं है। ट्रांसप्लांटेशन के तरीके में पेड़ की सभी टहनियों और पत्तियों को पूरी तरह से हटाना और पेड़ के तने को दूसरी जगह शिफ्ट करना होता है।

### समिति से भी नहीं ली अनुमति

इस मामले में हस्तक्षेपकर्ता का कहना है कि पेड़ों को काटने को लेकर नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत राज्य सरकार ने पेड़ काटने से जुड़े मामलों के लिए एक कमेटी का गठन किया है। किसी प्रोजेक्ट के लिए यदि पेड़ काटने की जरूरत है, तो इस कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य है। कमेटी की अनुमति के बगैर एक भी पेड़ नहीं काटा जा सकता। इस मामले में राज्य सरकार ने गठित 9 सदस्यीय कमेटी या जिम्मेदार वन अधिकारी से भी अनुमति नहीं ली गई है ।

# निजी स्कूल की बाउंड्रीवॉल निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध

## सावित्री देवी फूले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेनी का मामला





बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेनी में निजी स्कूल सावित्री देवी फूले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेनी के संचालक रहीश खांडेकर के द्वारा सड़क पर बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया, जिसके बाद पटवारी के हस्तक्षेप पर निर्माणाधीन कार्य बंद किया गया।

संचालक ने कहा कि परिसर में बढ़ रही चोरियों को देखते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, कोई सड़क पर बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा हैं।

जानकारी अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर ही अवैध बाउंड्रीवॉल निर्माण किया जा रहा हैं, जिसको लेकर पहले संचालक को बोला गया कि सड़क पर बाउंड्रीवॉल निर्माण होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होगी लेकिन उनके द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा था इसके बाद शिकायत सीएम हेल्पलाइन सहित पटवारी को की गई तो मौके पर पहुंचे पटवारी, सरपंच के मौजूदगी में निर्मानाधीन कार्य को बंद कर दिया गया।

वहीं बताया गया कि संचालक को दो दिनों का वक्त दिया गया है, अगर वह अपने दस्तावेज नहीं पता पाएंगे तो आगे शिकायत की जायेंगी।

### इनका कहना हैं

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया था कि सड़क पर बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य किया जा रहा हैं तो मौके पर पहुंचे और पटवारी की मौजूदगी में निर्मानाधीन कार्य को बंद करा दिया गया है। और बोला गया कि आप दो दिवस के भीतर अपने दस्तावेज बताएं नहीं तो आप अपने परिवार में ही बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य करें।

**जतन खरे, सरपंच ग्राम पंचायत बेनी**

2005 से स्कूल संचालित है, हमारा स्कूल का परिसर हैं उसी परिसर में बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। ओपन परिसर से चोरिया होती रहती हैं, जिसको देखते हुए कार्य किया जा रहा था अभी बंद कर दिया गया है। सरपंच से भी सड़क को लेकर कहा गया था कि सीसी सड़क निर्माण कार्य किया जायेगा। लेकिन नहीं बनाया गया है। हमारे पास भूमि के दस्तावेज हैं, पटवारी को पूरा दस्तावेज बताएं।

**रहीश खांडेकर, संचालक सावित्री देवी फूले विद्यालय, बेनी**




# खेत तालाब योजना से बदली धनसिंह की किस्मत

### बंजर जमीन बनी आय का स्थायी जरिया, मछली पालन से हुई कमाई

**बालाघाट।** मनरेगा की योजनाएँ ग्रामीणों के जीवन में कैसे सकारात्मक बदलाव ला रही हैं, इसका एक प्रेरक उदाहरण बालाघाट विकासखंड के ग्राम मगरदर्रा के निवासी धनसिंह पिता भदरू ने प्रस्तुत किया है। वर्षों से बंजर पड़ी भूमि पर न तो कोई फसल होती थी और न ही उससे कोई आय का स्रोत बन पाता था। लेकिन मनरेगा की खेत तालाब योजना ने धनसिंह की किस्मत ही बदल दी। अप्रैल 2025 में इस योजना के तहत धनसिंह के खेत में 3 लाख 83 हजार 512 रुपये की राशि से तालाब का निर्माण कराया गया है। जहां कभी सूखी मिट्टी और बेकार जमीन थी, आज वहीं पानी से भरा तालाब उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने का आधार बन गया है। इस वर्ष धनसिंह ने पहली बार तालाब में मछली पालन की शुरुआत की है। कम संख्या में मछली डालने के बावजूद उसे 30 हजार रुपये की आय हुई है, जो उसके लिए बड़ी उपलब्धि है। तालाब की मेड़ पर धनसिंह ने तुअर की फसल भी लगाई है, जिससे लगभग 5 हजार रुपये की अतिरिक्त आमदनी की उम्मीद है। अपनी बंजर भूमि पर आय का नया माध्यम पाकर धनसिंह बेहद उत्साहित हैं। उसका कहना है किज्पहले इस जमीन से मुझे कुछ भी नहीं मिलता था, लेकिन तालाब बनने के बाद अब मेरी आमदनी बढ़ने लगी है।

इस साल मैंने कम मछली डाली थी, लेकिन अगले साल ज्यादा मात्रा में मछली पालन करूँगा। खेत तालाब योजना ने न केवल धनसिंह की बेकार जमीन का सदुपयोग किया, बल्कि उसे स्थायी आय की नई राह भी दिखाई है। धनसिंह की यह सफलता ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन की दिशा में मनरेगा योजनाओं की प्रभावशीलता का जीवंत उदाहरण है।

# अपर कलेक्टर एवं एसडीएम ने नगरीय क्षेत्र बालाघाट में एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया



बालाघाट।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे एवं बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने 26 नवंबर को नगरीय क्षेत्र बालाघाट में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरने की जानकारी ली। जिन मतदाताओं द्वारा गणना पत्रक भरकर नहीं दिये गये हैं, उनसे गणना पत्रक भरकर शीघ्र बीएलओ को उपलब्ध कराने कहा गया।

इस दौरान मतदाताओं को बताया गया कि सभी मतदाता को गणना पत्रक भर कर देना अनिवार्य है। गणना पत्रक की जानकारी के आधार पर ही मतदाता का नाम पुनरीक्षित मतदाता सूची में शामिल हो पायेगा। इस दौरान बताया गया कि जिन मतदाताओं का नाम 2025 की मतदाता सूची में शामिल है उन्हें वर्ष 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम किस स्थान की मतदाता सूची में किस क्रमांक पर था यह भरकर देना है।

ऐसे मतदाता या विवाह होकर आयी नई बहु जिनका नाम वर्ष 2003 की सूची में शामिल नहीं है, उन्हें वर्ष 2003 की सूची में शामिल अपने माता-पिता या वंशज का नाम, मतदाता पहचान क्रमांक एवं मतदाता सूची में क्रमांक भर कर देना होगा।

# पाथरवाड़ा की बीएलओ रीता बनोटे एवं गोबरिया साकुरे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

### गणना पत्रकों का समय से पहले 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन किया




बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें गणना पत्रक वितरित किये गये हैं और मतदाताओं द्वारा भरे गये गणना पत्रकों का संकलन कर उन्हें पोर्टल पर अपलोड कर उनका डिजिटलाईजेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

बालाघाट जिले में गणना पत्रकों के डिजिटलाईजेशन का कार्य 85 प्रतिशत से अधिक किया जा चुका है। जिन बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र के शत प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाईजेशन कर दिया गया है उन्हें जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सम्मानित किया जा रहा है।

विधानसभा क्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत ग्राम पाथरवाड़ा के दो मतदान केन्द्रों के बीएलओ ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ग्राम पाथरवाड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक-251 के बीएलओ गोबरिया साकुरे एवं इसी ग्राम के मतदान केन्द्र क्रमांक-252 की बीएलओ रीता बनोटे ने अपने-अपने केंद्रों के गणना पत्रकों का समय सीमा से पहले शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन पूर्ण कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बालाघाट एसडीएम एवं मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री गोपाल सोनी द्वारा दोनों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री सोनी ने कहा कि बीएलओ साकुरे और बनोटे ने पूरी निष्ठा, सतर्कता और समयबद्धता के साथ एसआईआर कार्य को पूरा कर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मान समारोह के दौरान निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। दोनों बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि अन्य मतदान केंद्रों पर कार्यरत बीएलओ भी इसी तरह गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# कलेक्टर ने किया मेडिकल कालेज का भ्रमण , छात्रों से किया संवाद

### अध्यायनरत छात्रो का किया उत्साह वर्धन, कहा आप सभी चिकित्सा क्षेत्र की नीव हैः-गौरव बैनल



**सिंगरौली।** जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भ्रमण कलेक्टर श्री गौरव बैनल के द्वारा किया जाकर मेडिकल कालेज के छात्रो से संवाद किया। कलेक्टर ने छात्रो का उत्साह वर्धन करते हुयें कहा कि आप सभी चिकित्सा क्षेत्र की महत्वपूर्ण नीव है उन्होने कहा कि नीव अगर सही रहेगी तभी भविष्य में विकास संभव है इसलिए आप सब पूरे मनोयोग से पढ़ाई करे मेडिकल कालेज में जो भी कमिया है उन्हे शीघ्र ही दूर कराया जायेगा। साथ ही मेडिकल कालेज से संबंधित अन्य विकास कार्यो को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जायेगा। कलेक्टर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि चिकित्सा महाविद्यालय तक पहुच मार्ग सहित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करे।

कलेक्टर ने मेडिकल कालेज पहुचकर डीन सहित कालेज के प्राध्यापको से परिचय प्राप्त किया। एवं कालेज की व्यवस्थाओं तथा महत्वपूर्ण पहलुओ पर चर्चा की। तथा कालेज में निर्मित किए गयें कक्षो का अवलोकन किया एवं निर्देश दिया गया कि कालेज व्यवस्थाओ को सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु जिन भी सामंग्रियो की आवश्यकता है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर उपलंब्ध कराया जायें। लैब, कैटीन एवं छात्रावास मेस में सभी व्यवस्था उपलंब्ध रहे ताकि अध्यायनरत छात्रो को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होने यह भी कहा कि कालेज परिसर में स्पोर्ट कम्पलेक्स एवं लायब्रेरी की व्यवस्था की जाये। कलेक्टर ने महाविद्यालय के डीन को निर्देश दिए कि कालेज सहित छात्रावासो में साफ सफाई व्यवस्था हेतु कर्मचारी तैनात करे। साथ ही गर्ल छात्रावास में महिला सुरंक्षा कर्मी की नियुक्ति सुनिश्चित की जायें।

कलेक्टर ने छात्रो के मेस का निरीक्षण कर छात्रो के दिए जाने वाले नास्ता भोजन की सामंग्रियो का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि छात्रो को उनकी डाईट प्लान के अनुसार समय पर पौष्टिक भोजन एवं नास्ता उपलंब्ध करायें। कलेक्टर ने कालेज परिसर में निर्माणाधीन 605 बेड क्षमता वाले चिकित्सालय निर्माण कार्य का अवलोकन किया। तथा संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कालेज के डीन द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया कि इस वर्ष मेडिकल कालेज 100 एमबीबीएस सीटो के साथ प्रारंभ किया गया है। उन्होने यह बताया कि छात्रो की ऑफ लाईन क्लास का आज दूसरा दिन है। भ्रमण के दौरान चिकित्सा महाविद्यालय के डीन, डॉ. आरडी दत्त, डॉ. राजवीर सिंह चौरसिया, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अरूणवा काली, डॉ. प्रशांत निगम सहित चिकित्सा महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

# आदर्श कालेज में मनाया गया संविधान दिवस

### संविधान के महत्व एवं प्रासंगिकता पर हुई परिचर्चा



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में म.प्र.शासन के उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संविधान निर्माण के 76 साल पूर्ण होने के शुभावसर पर 26 नवम्बार को भारतीय ज्ञान परम्पारा प्रकोष्ठम, राजनीति शास्त्रस विभाग एवं एनएनएस इकाई द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.परमेश्वंर सिंह मरावी ने किया। रडॉ नियाज़ अहमद अंसारी, एनएनएस अधिकारी प्रो रेमसिंह हटिला, प्रो निशी कर्ण, डॉ अरूणेन्द्रं बहादुर सिंह आदि प्राध्यापकों एवं विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने परिचर्चा में उत्सा्ह पूर्वक प्रतिभागिता की। इसमें संविधान निर्माण में डॉ. अम्बोडकर सहित महापुरूषों और महिला सदस्यों् की भूमिका प्राचार्य डॉ मरावी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर सभी से ईमानदारी पूर्वक मूल कर्तव्यों का पालन करने का आव्हाान भी किया। डॉ.राजेन्द्र पटेल ने संचालन किया। डॉ अनुपम सिंह और डा हरेन्द्र कुमार ने फोटो और वीडियोग्राफी कर सहयोग प्रदान किया। डॉ. रिचा तिवारी, डॉ. रूपलता चतुर्वेदी, डा सरिता विश्वाकर्मा, डॉ.विष्णु कांत तिवारी, डा. रश्मि साकेत, डा.राजीव तिवारी, डा.रामवृक्ष द्विवेदी, डा सत्येन्द्र महोबिया, डा नवीन उपाध्यालय, डा सपना झारिया, श्रीमती तबस्सुदम बानो, किरण भारती आदि प्राध्यावपकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# जिला चिकित्सालय में 2 दिवसीय एनक्यूएएस असेसमेंट संपन्न



**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - सिविल सर्जन डॉ केसी सोनी ने बताया कि जिला अस्पताल उमरिया में मंगलवार दिनांक 25 नवम्बर को दो दिवसीय एनक्यूएएस असेसमेंट 24 एवं 25 नवम्बर को 3 सदस्यीय टीम द्वारा संपन्न हुआ। उक्त भ्रमण में जिला अस्पताल उमरिया में समस्त क्रेडेंशियल तथा पैरामीटर उक्तानुसार मानक के अनुरूप मिला इस दौरान समस्त जिला अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। एनक्यूएएस वर्तमान में जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए उपलब्ध हैं।

ये मानक मुख्य रूप से प्रदाताओं के लिए पूर्व-निर्धारित मानकों के माध्यम से सुधार हेतु अपनी गुणवत्ता का आकलन करने और प्रमाणन के लिए अपनी सुविधाओं को प्रस्तुत करने हेतु हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को मोटे तौर पर 8 ष्चिंता के क्षेत्रोंष् के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है - सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायक सेवाएँ, नैदानिक देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम।



### सेवानिवृत्ति पश्चात डॉ अभय पांडेय का पीपीओ जारी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** उच्च शिक्षा विभाग म प्र शासन से सेवानिवृत डॉ अभय कुमार पांडे सह प्राध्यापक रसायन शास्त्र आदर्श कॉलेज उमरिया का पीपीओ आदेश सेवानिवृत्ति पश्चात कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जिला पेंशन अधिकारी अखिलेश कुमार पाठक उपस्थित रहे। डॉ अभय पांडे द्वारा अिधकारियों ,पेंशन अधिकारी कर्मचारियों सहित महाविद्यालय शिक्षा से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# जिले का पहला वीडियो कॉन्फ्रेंस आधारित दस्तावेज पंजीकृत

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश में अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दस्तावेजों का पंजीकरण किया जा रहा है। इसके तहत, दस्तावेजों के लिए उप पंजीयक कार्यालय में व्यक्तिगत उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होती है और अब आप पंजीयक अधिकारी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात कर सकते हैं। इस प्रणाली से दस्तावेजों पर ई-साइन और डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग किया जाता है, जिससे गवाहों को लाने की जरूरत भी खत्म हो जाती है।

उप पंजीयक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गत दिवस मंगलवार 25 नवम्बर को पंजीयन कार्यालय उमरिया मे बिना कार्यालय आए एक मुख्तायारनामा पंजीकृत किया गया। उन्होने बताया कि रजनी गुप्ता द्वारा दस्तावेज मे अपने पति आशुतोष गुप्ता को संपत्ति विक्रय करने का पावर दिया। ज्ञात हो की सम्पदा 2.0 के तहत अनुबंध, पीओए और बंधक आदि के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा दी गई है। इस प्रक्रिया मे सम्बंधित पक्षकार के पास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की लिंक जाती है सब रजिस्टार द्वारा वीडियो मोड पर ही अपलोड दस्तावेज का सत्यापन किया जाता है तथा निष्पादन की पुष्टि की जाती है। इस व्यवस्था से बिना कार्यालय मे आए घर बैठे ही पंजीयन की सुविधा प्राप्त होती है।




जिला पंजीयक पंकज कोरी ने जिले के सभी सेवा प्रदाताओं को प्रत्येक माह कम से कम एक -एक दस्तावेज बुक करने के निर्देश दिए है ।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित दस्तावेज पंजीकरण की मुख्य विशेषताएं**-अब आपको दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए उप पंजीयक कार्यालय जाने की जरूरत नहीं है। आप पंजीयक अधिकारी से सीधे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात कर सकते हैं। दस्तावेजों पर ई-साइन और डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग किया जाता है। ई-हस्ताक्षर के कारण गवाह लाने की जरूरत खत्म हो जाती है। दस्तावेजों की ई-कॉपी को डिजी लॉकर, व्हाट्सएप या ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

## श्रीमती गुप्ता को प्रशस्ति पत्र

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अक्टूबर माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक श्रीमति कविता गुप्ता को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सीईओ नैनपुर सम्मानित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने अक्टूबर माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नैनपुर विनोद मरावी को 92.02 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एसडीएम ने ली उपार्जन बैठक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्रीमती सिडाम ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन से संबंधित आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने समिति के सदस्यों को उपार्जन पॉलिसी के अनुरूप ही कार्य करने तथा एफऐक्यू क्वालिटी का ही धान ख़रीदने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित ध्यान रखें। इस दौरान प्रशासक सहकारिता नितिन तेकाम सहित उपार्जन समिति के सदस्य उपस्थति थे।

## सीएमएचओ को मिला प्रशस्ति पत्र

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती को सीएम हेल्पलाइन कार्य व्यक्तिगत रुचि लेकर प्रकरणों को संतुष्टिपूर्वक बंद कराया गया उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डी.जे. मोहंती के द्वारा बताया कि अक्टूबर माह में कुल 240 शिकायतें लगी जिनमें से 195 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें कुल वेटेज 75.8 रहा।

## महाविद्यालय में संविधान दिवस

**मण्डला/अंजनिया (स्वतंत्र मत)।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में शासन के निर्देशानुसार संविधान दिवस का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ नवीन कुमार हरदहा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान डॉ विजय मौर्य ने संविधान के निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने संविधान की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से डॉ घनश्याम झारिया, डॉ सुरेन्द्र लिल्हारे, डॉ गरिमा छाबड़ा, संदीप चौरसिया, संतोष नंदा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** ग्रामीणों के सामाजिक सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के संचालन का प्रमुख केंद्र बनेगा और स्थानीय गतिविधियों को नई दिशा देगा।यह बात सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मैली में नव-निर्मित सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में कही। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक भवन का निर्माण ग्रामीणों की महत्वपूर्ण आवश्यकता थी जो अब पूरी हो चुकी है। यह भवन गांव में सांस्कृतिक संरक्षण, सामुदायिक एकता तथा युवा प्रतिभाओं के विकास के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ग्राम विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान से फर्जी वोटरों की फूली सांसे घर-घर जाकर बीएलओ मांग रहे दस्तावेज

मण्डला(स्वतंत्र मत)





एसआईआर मतलब मतदाता सूची का शुद्धिकरण विगत कई वर्षो बाद मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में जुड़े बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची से मतदाताओं का मिलान कर रहे हैं। रिकॉर्ड अनुसार 2003 से मतदाता के नाम देखे जा रहे हैं। किन मतदाताओं के नाम पूर्व में थे और वर्तमान में है कौन कहां हैं और जिंदा है और मर चुका है गहन समीक्षा चल रही हैं। जिससे जिले के फर्जी वोटरों में हड़कंप मच गया है। लोग दस्तावेज खोजते नजर आ रहे हैं। हर वार्डो में फर्जी वोटरों की संख्या भले ही कम हो लेकिन कहीं न कहीं कुछ तो है यहीं वजह है कि फर्जी वोटर जुगाड़ जमा रहे हैं। लेकिन मतदाता सूची का शुद्धिकरण का यह अभियान ऐसे फर्जी वोटरों की फजीहत लेकर आ चुका है जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा इस अभियान को शत् समय पर पूर्ण करने के लिए लगातार समीक्षा कर रहे है यहीं नही वे वार्डो का दौरान मतदाताओं से रूबरू हो रहे हैं। वहीं इस काम में लगा शासकीय अमला भी दिनरात से जुटा हुआ है। गीतांजली मार्को के सहयोग से इस सफलता को सुनिश्चित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस उल्लेखनीय कार्य के लिए सभी टीम सदस्यों को कलेक्टर चेम्बर में पुष्पगुच्छ और मिठाई देकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस कार्य से जिले में मतदाता सूची के अद्यतन और निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

***100 प्रतिशत सफलता के साथ पूर्ण***- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निवास के मार्गदर्शन, नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र पन्द्रे के नेतृत्व तथा बीएलओ सुपरवाइजर के उत्कृष्ट समन्वय से यह कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हुआ। मतदान केंद्र 231 सेमरखापा की बीएलओ श्रीमती सुमन पटेल और मतदान केंद्र 235 बनियातारा के बीएलओ चंदरसिंह उइके, सेमरखापा पटवारी श्री हिमांशु अवस्थी और बनियातारा पटवारी श्रीमती गीतांजली मार्को के सहयोग से इस सफलता को सुनिश्चित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस उल्लेखनीय कार्य के लिए सभी टीम सदस्यों को कलेक्टर चेम्बर में पुष्पगुच्छ और मिठाई देकर सम्मानित किया।

***एसआईआर में बीएलओ सम्मानित***- मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। संपर्क के दौरान मतदाताओं को गणनापत्रक का वितरण एवं जानकारी संकलन कर बीएलओ ऐप के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा डिजिटाईज किया जा रहा है।

***निवास क्षेत्र में शत प्रतिशत***- जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य किया जा रहा है। मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। एसडीएम निवास सीएल वर्मा के मार्गदर्शन में बीएलओ द्वारा संपर्क के दौरान मतदाताओं को गणनापत्रक का वितरण एवं जानकारी संकलन कर बीएलओ ऐप के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसर्स द्वारा डिजिटाईजेशन किया जा रहा है।

***एसडीएम ने किया निरीक्षण***- ईआरओ एवं एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजर्स से फील्ड में संपर्क कर रही हैं। सोमवार को उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 319 का भ्रमण कर एसआईआर के कार्य का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने गणना पत्रक भरने, संकलन करने तथा डिजिटलीकरण के संबंध में जानकारी ली।

***बीएलओ की होगी स्वास्थ्य जांच***- निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जिले में चल रहा है। बीएलओ लगातार दिन रात इसमें सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। साथ ही तापमान में गिरावट के चलते उनके स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा के निर्देशन में बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर की स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण कराया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं।

***बिछिया में हुआ शत प्रतिशत कार्य***- मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत घर घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण भरे हुए गणना पत्रक का संकलन तथा जानकारी का बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटलीकरण किया जा रहा है। रविवार देर शाम तक विधानसभा 105 बिछिया के 8 बीएलओ ने अपना कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया है। टास्क पूरा करने वाले बीएलओ में बूथ क्रमांक 16 ग्राम घोरेघाट के बीएलओ महेश कुमार धुर्वे, बूथ क्रमांक 28 ग्राम अहमदपुर के बीएलओ श्री सच्चीदानंद उलाडी, बूथ क्रमांक 73 डोबाबार के बीएलओ छन्नूलाल धुर्वे, बूथ क्रमांक 106 माधोपुर के बीएलओ वासूमणी शुक्ला, बूथ क्रमांक 145 बोडाछपरी के बीएलओ मैकूलाल उइके, बूथ क्रमांक 199 चटुआखार के बीएलओ श्री रामअवतार मरकाम, बूथ क्रमांक 222 बीजा के बीएलओ नर्मदा प्रसाद साहू, बूथ क्रमांक 223 पटपरा के बीएलओ श्रीमती उषा भार्गव शामिल है। शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले इन सभी बूथ लेवल अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।

## अवंती बाई में जागरूकता कार्यक्रम



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा पीएम श्री रानी अवंती बाई स्कूल में मुस्कान अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 500 छात्राओं एवं शिक्षकगण को साइबर सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाएं, महिला सुरक्षा तथा अन्य संवेदनशील मुद्दों पर विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदलते डिजिटल वातावरण में बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा जागरूकता ही सबसे प्रभावी माध्यम है। अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें गुड टच-बैड टच, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों में प्राचार्य जयालक्ष्मी सोनी, शिक्षक प्रवीण वर्मा, डीएसपी महिला सुरक्षा सतीश चतुर्वेदी, महिला थाना प्रभारी आरती धुर्वे, उनि.आकांक्षा, प्रधान आरक्षक नीतू मस्कोले, इंद्र कुमार यादव एवं प्रशांत चौबे सहित शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## तीन दिन से नहीं बना मध्यान भोजन बच्वें परेशान

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)




स्कूल में पढ़ने वाले प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के बच्चों को शिक्षा के साथ साथ मिड डे मिल भी दिया जाता है ताकि बच्चे शुद्ध खाना खाकर शिक्ष हासिल कर सकें यह योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना में से एक योजना है जिसका सभी स्कूलों को कड़ी से पालन करना अनिवार्य है इसके बावजूद भी यह योजना कागजों में ही दम तोड़ती हुई नजर आ रही है ऐसे ही मामला जिले के बिछिया विकासखंड के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला खटोला में देखने को मिला जहां बच्चे के मध्यान भोजन पर खुलेआम डाका डाला जा रहा है माध्यमिक शाला में 106 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं बच्चों के द्वारा बताया गया कि हमें तीन दिन से मध्यान भोजन नहीं मिला और हमें अपने घर से खाने के लिए टीफिन लेकर आते है बच्चों के द्वारा स्कूल प्रबंधन पर मीनू अनुसार मध्यान भोजन न देने के आरोप बच्चों के द्वारा लगाए गए बच्चों ने बताया की स्कूल में चावल ना होने के कारण 3 दिन से कोई खाना नहीं बना और जब खाना बनता है हमें हर रोज दाल चावल ही दिया जाता है खाने में और कोई मीनू नहीं दिया जाता और स्कूल में टीचरों की कमी होने के कारण हमारी पढ़ाई भी नहीं हो पाती जिसके कारण हमें हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बच्चों के द्वारा यह आरोप लगाया गया कि स्कूल प्रबंधन के द्वारा कल स्कूल को खुला ही छोड़ दिया गया था छुट्टी के बाद ताला नहीं लगाया गया और पानी की एक टंकी चोरी हो गई है जब इसकी जानकारी बच्चों के द्वारा प्रबंधक को दी गए उसने उसके बाद भी स्कूल प्रबंधक के द्वारा लापरवाही की गई जब पत्रकारों के द्वारा स्कूल प्रबंधन से जानकारी लेनी चाहिए तो उसने अपना पल्ला झाड़ने हुए बताया कि 3 दिन से स्कूल में चावल नहीं है जिसके कारण से हम बच्चों का मध्यान भोजन नहीं बना पाए और कल बच्चों द्वारा बताया गया था कि स्कूल का ताला खुला है मुझे ये जानकारी मिली थी जानकारी लगने के बावजूद भी स्कूल प्रबंधक के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया इस सब जाहिर होता है कि स्कूल प्रबंधन के द्वारा खुलेआम लापरवाही की जा रही है जिसका खामियां बच्चों को भुगताना पड़ रहा है

### इनका कहना

मुझे यह जानकारी अभी मिली है में अभी तीन कट्टी चावल स्कूल में पहुंचा देता हूं कल से बच्चों को खाना मिल जाएगा और स्कूल में छुट्टी के बाद प्रबंधन के द्वारा स्कूल में ताला ना लगने पर लापरवाही की गई है इसमें जो दोषी होगा उसे पर करवाई की जाएगी।

**कुलदीप कटहल**
**बीईओ बिछिया**

## गाड़ी आने के ठीक पहले अचानक बदल दिया जाता है प्लेटफार्म

### रेल पुल पार कर दूसरे प्लेटफार्म तक पहुँचने में होती है परेशानी

### वृद्ध और बच्चो के साथ समान लेकर चढ़ना उतरना एक दुष्कर कार्य

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नैनपुर रेलवे प्लेटफार्म में यत्रीगाडियो में इजाफे के साथ रेल यात्रियों की असुविधा भी बढ़ती जा रही है। निरन्तर आनर वाली गाड़ियों के निर्धारित प्लेटफार्म न होने से अक्सर यात्री परेशान होते देखे जाते है। खासकर उस समय जब गाड़ी आने के ठीक पहले प्लेटफार्म बदल दिया जाता है । अक्सर देखा जाता है कि यात्री गाड़ी का इंतजार करते यात्री निर्धारित प्लेटफार्म में खड़े रहते हैं। मगर गाड़ी आने के ठीक पहले उनके आने के प्लेटफार्म के बदले जाने की सूचना प्रसारित की जाती है। इसी तरह का वाक्या बीते दिनों गोंदिया से चलकर नैनपुर आने वाली मेमू ट्रेन के समय हुआ । यात्री प्लेटफार्म में गाड़ी आने का इंतजार कर रहे थे । अचानक उक्त गाड़ी आने के प्लेटफार्म में परिवर्तन कर दिया गया। अब एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए यात्रियों को भारी मशक्कत करते देखा गया । जाहिर है कि प्लेटफार्म एक से दो नम्बर तक जाने के लिए यात्रियों को रेलवे पुल से होकर जाना होता है। जिसकी लंबी दूरी के साथ चढ़ने उतरने में काफी परेशानी होती है। खासकर वृद्ध और बच्चो के साथ सामान लेकर लबी दूरी तय करना पुल चढ़ना और उतरना यह एक काफी दुस्साहस का काम होता है। उसपर ट्रेन पकड़ने की जल्दी और सीट पाने की जद्दोजहद यह काफी परेशानी पैदा कर देता है। अचानक प्लेटफार्म के बदले जाने से लोग न केवल परेशान होते हैं। अपितु जल्दबाजी में दुर्घटना या किसी घटना का भी अंदेशा रहता है। अक्सर यह हालत सुबह के समय होते हैं। जब गोंदिया, छिंदवाड़ा और जबलपुर से गाड़ी आने का समय लगभग आगे पीछे रहता है। वही दूसरी ओर छिन्दवाड़ा से नैनपुर आने वाली यात्रीगाडी को आऊटर में कभी कभी तो आधे आधे घंटे तक रोक कर रखा जाता है। क्योंकि प्लेटफार्म में इसी समय कोई मालगाड़ी यदि खड़ी हो तो प्लेटफार्म खाली ही नही मिलता है। जब तक मालगाड़ी या किसी अन्य गाड़ी को रवाना न किया जाए तब तक गाड़ी के प्लेटफार्म में प्रवेश की कोई गुंजाइश ही नही रहती है। बढ़ती गाड़ियों की संख्या और यात्रियों की सुविधा कर मद्देनजर अब नैनपुर में प्लेटफार्मों की संख्या में और इजाफा करने की जन मांग भी की जा रही है। साथ प्लेटफार्म में डिस्प्ले बोर्ड तो लगा दिए गए है। मगर उनमे प्लेटफार्म नंबर भर दिखाई देता है । यदि यत्रीगाडियो के कोच संख्या का डिस्प्ले भी शुरू कर दिया जाए तो यात्रियों को और बेहतर सुविधा मिलने लगेगी। अपेक्षा है कि रेल प्रशासन इस बाबद कार्यवाही कर नैनपुर प्लेटफार्म में सुविधाओं की बेहतरी के लिए जल्द कार्य शुरू करेगा।

## भीमोरी चन्दगांव में लगा शिविर

मण्डला(स्वतंत्र मत)

बुधवार को निःशुल्क अंधत्व निवारण शिविर ग्राम पंचायत भीमोरी एवं ग्राम पंचायत चन्दगांव में दादा वीरेन्द्र पूरी महाराज देवजी नेत्रालय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 56 मरीजों ने अपनी आंख का जांच करवाई जांच उपरांत 14 मरीजों को चयनित कर मोतियाबिंद ऑपरेशन देव जी नेत्रालय जबलपुर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस अवसर पर अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, हरे सिंह पंद्रे जनपद सदस्य,सहस राम धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत भीमोरी, श्रीमति बिसनी बाई मरावी सरपंच ग्राम पंचायत चन्द गांव, हलकारी दास पड़वार,माखन दास पड़वार,मोती मरकाम रहे।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद मण्डला

Tele-07642-250706 E-mail-cmomandla@mpurban.gov.in Web site- Nagarpalikamandla.mp-np.in

क्रमांक/रा.शा./2025/3841 मण्डला, दिनाक 24/11/2025

### ई- निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका नवनिर्मित बस स्टैण्ड राजू की होटल के पीछे कलेक्ट्रेट कालोनी रोड में 23 व्यावसायिक भू-खण्ड को राईट ऑफ आक्यूपेशन आधार पर आवंटन हेतु ई-निविदा, Web site-mp tenders.gov.in में दिनांक 13/12/2025 को समय शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त ई-निविदा दिनांक 15/12/2025 को समय दोपहर 11:00 बजे से तकनीकी निविदा फॉर्म एवं दिनांक 16/12/2025 को समय दोपहर 11:00 बजे से फायनेंसियल बिड (दर) खोली जावेंगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिनांक 13/12/2025 को समय 5.30 बजे तक अमानत राशि ऑनलाईन जमाकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| स्थान | भूखण्ड/दुकान क्रमांक | आउटर साईज (मीटर में) | आरक्षण वर्ग | आरक्षित मूल्य | प्रतिभूति निक्षेप (अमानत राशि) | लीज अवधि | वार्षिक (भू-भाटक) किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_464723 | 1. | 40.8 | अनारक्षित | 25,67,808 रु. | 2,56,800 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464725 | 2. | 40.8 | अनारक्षित | 25,67,808 रु. | 2,56,800 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464726 | 3. | 32 | अनारक्षित | 22,63,680 रु. | 2,26,400 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464727 | 4. | 40.8 | अनारक्षित | 25,67,808 रु. | 2,56,800 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464728 | 5. | 40.8 | अनारक्षित | 25,67,808 रु. | 2,56,800 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464729 | 6. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464730 | 7. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464732 | 8. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464733 | 9. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464734 | 10. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464736 | 11. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464737 | 12. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464738 | 13. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464739 | 14. | 20 | अनारक्षित | 11,75,040 रु. | 1,17,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464740 | 15. | 20 | अनारक्षित | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464741 | 16. | 20 | अन्य विछड़ा वर्ग | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464742 | 17. | 20 | अनुसूचित जनजाति | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464743 | 18. | 20 | अनुसूचित जनजाति | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464744 | 19. | 20 | अनुसूचित जाति | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464745 | 20. | 20 | अनुसूचित जाति | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464746 | 21. | 20 | अनारक्षित | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464750 | 22. | 20 | अनारक्षित की विधवा महिलाओं के लिए | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |
| 2025_UAD_464751 | 23. | 20 | अनारक्षित | 13,65,120 रु. | 1,36,550 रु. | 30 वर्ष | निविदा में प्राप्त उच्चतम आर्फर का 2% |

नोटः- 1. इच्छुक निविदादाता निविदा संबंधी नियम व शर्तें Web site-mp tenders.gov.in में देखी जा सकती हैं एवं ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र राशि 2,000 रूपय निर्धारित है। निविदा प्रपत्र केवल Web site-mp tenders.gov.in से क्रय किये जा सकते है।
2. इच्छुक व्यक्ति द्वारा आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र निविदा प्रपत्र में संलग्न करना होगा। 3. नगरपालिका के किसी भी प्रकार के बकायादारों को निविदा प्रपत्र प्रदान नहीं किया जावेगा।

(विनोद कछवाहा) अध्यक्ष न.पा.परिषद मण्डला | (अखिलेश कछवाहा) उपाध्यक्ष न.पा.परिषद मण्डला | (सुधीर मिश्रा) प्रभारी सदस्य राजस्व वित्त एवं लेखा विभाग | मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मण्डला

संपादकीय

## नाकाम होता नक्सलवाद

माओवादी नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा बीते दिनों मार दिया गया। उस पर 1 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। आंध्रप्रदेश के एलूरी सीताराम राजू जिले में सुरक्षा बलों ने जो घेराबंदी कर मुठभेड़ की, तो नक्सलियों के शवों में हिड़मा, उसकी पत्नी राजक्का उर्फ राजे और चार अंगरक्षकों के शव भी पाए गए। हिड़मा कितना खूंखार और हत्यारा नक्सली था, इसी से स्पष्ट होता है कि वह 263 जवानों की जिंदगी छीनने का गुनहगार था। उसने 150 से अधिक नक्सली हमलों की रणनीति तय की थी, लेकिन 26 बड़े और खौफनाक हमलों का 'मास्टरमाइंड' वही था। 2010 का वह दिन याद आते ही कंपकंपी छूटने लगती है और मन गुस्से, आक्रोश से भर उठता है, जब हिड़मा की रणनीति के आधार पर, बारूदी सुरंग बिछा कर, दंतेवाड़ा में एक साथ सीआरपीएफ के 76 जवानों को 'शहीद' कर दिया गया था। ऐसा हमला फिर दोबारा नहीं किया जा सका, लेकिन नक्सली 2017 और 2021 में सीआरपीएफ पर दो हमले करने में कामयाब जरूर रहे। उन हमलों में कुल 47 जवान मारे गए थे। उसके बाद सीआरपीएफ ने अपनी रणनीति में आमूल परिवर्तन किया। हिड़मा छत्तीसगढ़ के 32 कांग्रेस नेताओं का भी हत्यारा था। उस हमले में पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला और महेन्द्र करमा सरीखे वरिष्ठ कांग्रेसी भी मारे गए। बहरहाल ऐसे भी संकेत सामने आए हैं कि हिड़मा उस मुठभेड़ में मारे जाने से पहले आत्मसमर्पण की सोच रहा था। हथियार डालने से पहले वह सरकार के साथ अपने कुछ मुद्दों और चिंताओं पर बात करना चाहता था, लिहाजा उसने एक पत्रकार को मध्यस्थ बनाया था, लेकिन वह संवाद संभव न हो सका और अंततः हिड़मा को ढेर होना पड़ा। मुद्दा यह नहीं है कि हिड़मा सरीखे नक्सली मारे जा रहे हैं और हिड़मा के बाद माओवादी सशस्त्र संघर्ष और विद्रोह बहुत कमजोर हो जाएगा, अंततः वे 31 मार्च, 2026 से पहले ही समाप्त हो सकते हैं। दरअसल माओवादी नक्सलियों में नेतृत्व और रणनीति को लेकर विभाजन गहराता जा रहा है। नक्सलवाद के वैचारिक प्रमुख एवं मुख्य प्रवक्ता एम. वेणुगोपाल राव ने नक्सलियों के नाम दो पत्र जारी किए थे। सारांश यह था कि अब सशस्त्र संघर्ष पर विराम लगा देना चाहिए। वामपंथी विद्रोह के बुनियादी कारणों को संबोधित करना चाहिए। जिस सोच के साथ नक्सलवाद की शुरुआत की गई थी, वह मकसद नाकाम रहा है, क्योंकि देश की आदिवासी आबादी आज भी भूमिहीन है और हाशिए की जिंदगी जीने को विवश है। वे समुदाय भारत में सबसे अधिक गरीब हैं। करीब 12.90 करोड़ में से 6.50 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के शिकार हैं। अर्थात आय के अलावा, अपर्याप्त पोषण, शिक्षा की कमी, खराब स्वास्थ्य, पेयजल की कमी, बिजली और आवास सरीखी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। वनों पर अधिकार के उनके दावों को नकारा जाता रहा है, बल्कि उनसे जबरन छीन लिए जाते हैं। उनके इलाकों में ग्राम सभा की अनुमति के बिना ही कथित विकास की परियोजनाएं स्वीकृत कर दी जाती हैं। वामपंथी आतंकवाद पर संपूर्ण जीत के लिए इन मुद्दों को पहले संबोधित करना जरूरी है।

# भारत-कनाडा के रिश्तों में नई गर्माहट बड़े बदलाव का संकेत



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत और कनाडा के रिश्तों पर पड़ी बर्फ धीरे-धीरे पिघल रही है और दोनों देशों के बीच एक नए विश्वास, सहयोग और साझेदारी का वातावरण आकार ले रहा है। वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप, व्यापारिक हितों और तकनीकी साझेदारियों की बढ़ती जरूरतों ने दोनों देशों को पुनः संवाद और सहयोग की राह पर लौटने के लिए प्रेरित किया है। जून से शुरू हुआ यह सकारात्मक बदलाव अब व्यापक रूप में दिखाई देने लगा है, जिसका संकेत हाल ही में की गई द्विपक्षीय बैठकों, उच्चस्तरीय संपर्कों और आर्थिक सहयोग की घोषणाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य एवं कनाड़ा द्वारा अब नागरिकता के बंद दरवाजे खोलने की घोषणा इस परिवर्तन की गहराई और व्यापकता को रेखांकित करती है। यह लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाने का संकल्प मात्र नहीं है बल्कि यह उस नये दौर की प्रतीकात्मक दस्तक है जिसकी ओर दोनों देश बढ़ रहे हैं और इससे दोनों देशों को फायदा होगा।

पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के रिश्तों में जिस तरह तनाव और अविश्वास ने जगह बनाई थी, वह दोनों देशों के लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-आधारित संबंधों के विपरीत था। खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा में बढ़ती गतिविधियों, राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और न्यायिक प्रक्रियाओं ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास पैदा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच दूरी सार्वजनिक रूप से दिखाई देती थी और कूटनीतिक संवाद लगभग ठहर-सा गया था। जस्टिन ट्रूडो ने राजनीतिक दबाव एवं स्वार्थ के चलते भारत से ऐतिहासिक संबंधों को धुंधलाया, जिसका खामियाजा उन्होंने भुगता भी है। लेकिन अब नई सरकार के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नये जोश, आत्मीयता एवं संवेदनाओं के साथ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों, व्यापारिक अवसरों के विस्तार और नई आर्थिक-रणनीतिक जरूरतों ने दोनों पक्षों को यह अहसास कराया कि रिश्तों का ठहराव किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। इसी समझ ने दोनों देशों को संवाद के नये पुल बनाने और पुराने अवरोधों को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ाया।

नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाड़ा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है। ऐसे में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप्स, ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं जिनकी दिशा अब खोली जा रही है। वैसे भी भारत के स्टूडेंट्स के लिये अब भी कनाड़ा सबसे पसंदीदा जगहों में एक हैं। कनाडा अपने नागरिकता कानून में भी बदलाव करने जा रहा है, उससे भी भारतीयों को फायदा होने की व्यापक संभावनाएं है।



पीयूष गोयल के वक्तव्य में दिखती आर्थिक साझेदारी की दृष्टि इस बात का परिचायक है कि भारत और कनाडा अब केवल राजनीतिक संवाद से आगे बढ़कर व्यावहारिक सहयोग के नए आधार बना रहे हैं। 50 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है, लेकिन यह उन आर्थिक संभावनाओं का वास्तविक अनुमान भी है जो दोनों देशों की नीतियों, संसाधनों और क्षमताओं में मौजूद है। भारत कनाडा के लिए एक विशाल बाजार है और कनाडा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा, खनिज, कृषि और तकनीकी साझेदार। इसी परस्पर निर्भरता और जरूरत ने दोनों देशों को फिर से एक-दूसरे की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। अब जरूरी है कि विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी रखते हुए जल्द समझौते तक पहुंचा जाये।

हाल के वर्षों में दुनिया बहुध्रुवीय स्वरूप की ओर बढ़ रही है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और पश्चिम एशिया जैसे शक्ति केंद्रों के बीच उभर रही नई अनिश्चितताओं ने मध्यम और उभरती शक्तियों को नए साझेदार तलाशने के लिए विवश किया है। भारत और कनाडा इस वैश्विक संरचना में ऐसे दो देश हैं जिनके पास जनसांख्यिकीय शक्ति, आर्थिक संसाधन, शिक्षा-तकनीक की क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों का साझा आधार मौजूद है। ऐसे में इन दोनों का साथ आना न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक है बल्कि एक नई वैश्विक संरचना के निर्माण में भी उपयोगी हो सकता है। यह संरचना सहयोग, नवाचार, जलवायु न्याय, हरित तकनीकों और स्थायी विकास पर आधारित हो सकती है। कनाडा में भारतीय मूल की बड़ी आबादी दोनों देशों के रिश्तों को मानवीय और सामाजिक आधार भी देती है। जब भी रिश्तों में तनाव आया, प्रवासी भारतीय समुदाय उसके बीच पुल की तरह खड़ा दिखाई दिया है। यही समुदाय आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक रिश्तों को नई दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यह समुदाय न केवल कनाडा के आर्थिक विकास का हिस्सा है बल्कि भारत-कनाडा संबंधों की गहरी कड़ी भी है। यही कारण है कि दोनों सरकारों ने इस सामाजिक संबंध को और मजबूत करने का प्रयास शुरू किया है जिससे गलतफहमियाँ कम हों, लोगों के बीच भरोसा बढ़े और राजनीतिक विवादों का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर सीमित रहे।

वर्तमान दौर में भारत की वैश्विक छवि एक निर्णायक, प्रभावशाली और विश्व-हितैषी शक्ति के रूप में उभर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक शैली, वैश्विक मंचों पर सक्रियता और विकास-शांति आधारित विदेश नीति ने भारत की स्थिति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। दूसरी ओर कनाडा भी एक स्थिर लोकतंत्र और बहुसांस्कृतिक देश के रूप में वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। दोनों देशों की यह समान सोच और नई वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा दृष्टिकोण अब आपसी सहयोग के लिए अधिक अनुकूल अवसर पैदा कर रहा है। समीक्षा के इस चरण में यह स्पष्ट है कि भारत-कनाडा संबंधों में आया यह सकारात्मक मोड़ केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि गहरे आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक हितों पर आधारित है। मार्क कार्नी सरकार को भी यह समझ आ रही है कि भारत जैसे मजबूत साझेदार से दूरी कनाडा की आर्थिक और वैश्विक भूमिका के लिए सही नहीं। वहीं भारत भी उन देशों के साथ संबंधों का विस्तार चाहता है जो तकनीक, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा और नवाचार के क्षेत्रों में मूल्यवान साझेदारी दे सकते हैं। यही वजह है कि दोनों देश अब नयी समझ विकसित करते हुए एक ऐसे दौर की ओर बढ़ रहे हैं जिसमें संवाद, सहयोग और परस्पर सम्मान केंद्रीय भूमिका निभाएंगे।

अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत और कनाडा के रिश्तों में शुरू हुई यह नई गर्माहट एक बड़े बदलाव का संकेत है। यह बदलाव न केवल आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देगा बल्कि वैश्विक शांति, नई तकनीक, हरित विकास और सामाजिक सौहार्द की दिशा में भी नई संभावनाएँ खोलेगा। दोनों देश यदि इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते रहे तो यह केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती नहीं देगा, बल्कि एक नई विश्व संरचना के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# चीन की हठधर्मिता



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत-चीन के सम्बन्ध 1962 के बाद से सामान्य नहीं रहे हैं जिसकी मूल वजह चीन की हठधर्मिता रही है क्योंकि वह दोनों देशों के बीच खिंची मैकमोहन रेखा का अस्तित्व स्वीकार नहीं करता है। 1914 में यह रेखा भारत-तिब्बत व चीन के बीच खिंची थी मगर 1949 में आजाद होते ही चीन ने तिब्बत को कब्जा लिया था जिसके बाद चीन का रुख और भी ज्यादा हठीला हो गया और 1962 में उसने भारत पर आक्रमण कर दिया और तिब्बत से लगा भारत का अक्साई चिन इलाका कब्जा लिया। इसके बाद से चीन के रुख में समय-समय पर कुछ परिवर्तन भी देखने को मिलता रहा परन्तु भारत का रुख हमेशा ही सह अस्तित्व का बना रहा और उसने हर चन्द कोशिश की कि चीन के साथ उसके सम्बन्ध मधुर बने रहे जिसके लिए दोनों देशों के बीच सीमा पर शान्ति व सौहार्द बनाये रखने के लिए कई समझौते भी किये गये परन्तु चीन ने अपनी हठधर्मिता के चलते कभी इनका पूरी निष्ठा के साथ सम्मान नहीं किया और यदाकदा भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण का क्रम जारी रखा। भारत की हर चन्द कोशिश रही कि इन विवादों का हल कूटनीतिक स्तर पर शान्तिपूर्ण तरीके से निकले किन्तु चीन इसके बावजूद अब तक अपनी आदत से बाज नहीं आता है और भारत के क्षेत्रों पर अपना दावा ठोकता रहता है।

1962 के बाद से भारत में जितनी भी सरकारों का गठन हुआ सभी ने चीन के साथ मधुर सम्बन्ध बनाने के प्रयास किये और इस श्रृंखला में 2003 में सत्ता पर काबिज भाजपा नीत एनडीए सरकार के मुखिया स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार कर लिया। बदले में चीन ने सिक्किम को भारत का अंग मान लिया परन्तु इसके ठीक बाद चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोक दिया। उस समय वाजपेयी सरकार के तिब्बत को चीन का अंग स्वीकार करने के कदम का देश के विपक्ष ने भी विरोध नहीं किया परन्तु जब 2003 में थोड़े ही दिनों बाद चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपने देश के नक्शे में दिखाया तो भारत की संसद में इसका तीव्र विरोध हुआ और विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से लोकसभा व राज्यसभा दोनों में भारी हंगामा किया गया।

भारत सरकार द्वारा कड़ा विरोध पत्र लिखे जाने का चीन पर कोई असर नहीं पड़ा और इसके बाद भी वह अरुणाचल को अपना ही हिस्सा बताता रहा और अरुणाचल के निवासियों को चीन जाने के लिए भारत सरकार जो पासपोर्ट जारी करती थी उनके साथ वीजा को अलग प्रकार से नत्थी करके जारी करने की इसने नीति अपनाई और अरुणाचल वासियों को अपना नागरिक बताने की घृष्टता की। भारत द्वारा इसके विरोध का चीन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा और जब 2004 में केन्द्र में कांग्रेस नीत डॉ. मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार का गठन हुआ तो इसने प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह द्वारा अरुणाचल में विकास योजना चलाने तक का विरोध किया और उनकी अरुणाचल यात्रा का भी बुरा मनाया। तब से लेकर आज तक चीन अरुणाचल के भारतीय नागरिकों के प्रति इसी प्रकार का रवैया अपनाता रहा है परन्तु हाल ही में पिछले 14 वर्ष से लन्दन में रहने वाली अरुणाचल मूल की एक भारतीय महिला प्रेमा थोंगडोक के साथ चीन ने अपने शंघाई हवाई अड्डे पर जिस प्रकार का व्यवहार किया उसे किसी भी सूरत में भारत स्वीकार नहीं कर सकता है। प्रेमा जी के भारतीय पासपोर्ट में उनका जन्म स्थान अरुणाचल प्रदेश दिखाया गया था। वह लन्दन से शंघाई होते हुए जापान जा रही थीं। शंघाई हवाई अड्डे पर सुरक्षा कर्मियों ने प्रेमा जी को 18 घंटे तक रोक कर रखा और उनसे कहा कि वह चीनी नागरिक हैं। उन्होंने बामुश्किल शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास से सम्पर्क किया तब उनकी मदद के लिए भारतीय अधिकारियों का एक दल आया और उसने उनके पक्ष का दावा चीनी अधिकारियों के सामने रखा। चीनी अधिकारी जिद कर रहे थे कि वह चीनी हवाई सेवा की मार्फत जापान जायें क्योंकि वह चीनी नागरिक हैं। जबकि प्रेमा जी अरुणाचल के वेस्ट कमेंग जिले की रूपा तहसील की रहने वाली हैं।

इस घटना का भारत ने गंभीरता से संज्ञान लिया है और बीजिंग स्थित अपने दूतावास के माध्यम से कड़ा विरोध जताया है। नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास को भी इस बारे में सचेत किया है। सवाल यह है कि चीन ऐसी हरकतें क्यों करता रहता है? इसका कारण यह है कि 2005 में चीन के साथ सीमा पर वार्ता के लिए जो उच्चस्तरीय तन्त्र स्थापित किया गया था उसका मोटा फार्मूला यह है कि सीमा क्षेत्र में जो स्थान जिस देश के शासन तन्त्र में चल रहा है वह उसी का हिस्सा माना जाये। इस वार्ता तन्त्र की अभी तक दो दर्जन से अधिक बैठकें हो चुकी हैं परन्तु कोई सर्वमान्य हल नहीं निकला है। इसमें भारत की ओर से इसके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नेतृत्व करते हैं और चीन की ओर से इसके विदेश विभाग के समकक्ष मन्त्री। चीन ने जिस प्रकार 2020 में भारत के लद्दाख इलाके में अतिक्रमण किया था उसका मन्तव्य भी यह निकाला गया था कि चीन भारत-चीन के बीच बनी नियन्त्रण रेखा की स्थिति को बदलना चाहता है परन्तु भारत की ओर से इसका कड़ा प्रतिकार होने के बाद अब स्थिति तनावपूर्ण तो नहीं बल्कि सामान्य भी नहीं कही जा सकती क्योंकि लद्दाख में भारत व चीन की ओर से कम से कम पचास-पचास हजार फौजी तैनात हैं। इसके बावजूद चीन सीमावर्ती इलाकों में निर्माण कार्य करता रहता है। अरुणाचल को लेकर भी चीन का रुख सन्देहास्पद बना हुआ है। दरअसल यह चीन की हठधर्मिता ही है कि वह वार्ता तन्त्र के बावजूद ऐसी बेहूदा हरकतें करता रहता है और भारत को पिन चुभोता रहता है।

## भर गये सदियों के घाव, केसरिया ध्वज लहराते ही नया युग शुरू



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

आज अयोध्या की धरती पर एक ऐसा क्षण उत्पन्न हुआ जो केवल ईंट-पत्थर और वास्तुकला का नहीं, बल्कि पीढ़ियों की आस्था, अनवरत संकल्प और सामूहिक स्मृति का साक्षी बना। जब केसरिया धर्मध्वज गर्व से श्रीराम जन्मभूमि के शिखर पर लहरा उठा, तो वह केवल एक ध्वज नहीं था- वह सैकड़ों वर्ष के अरसे से बँधी हुई वेदना का, अटूट विश्वास का और उन अनगिनत लोगों के संघर्ष का प्रतीक बन गया जो इस पवित्र भूमि को पुनः उसकी गरिमा प्रदान करने के लिये अग्रसर थे। विवाह पंचमी के अभिजीत मुहूर्त पर, वैदिक मंत्रों की गूँज और 'जय श्रीराम' के उद्घोष के बीच जो आराधना हुई, वह व्यक्तिगत श्रद्धा से ऊपर उठकर राष्ट्र के सांस्कृतिक स्मरण का साझा अनुष्ठान बन गई। मंदिर के चारों ओर निर्मित परकोटे की शिल्पकला, मुख्य मंदिर की दीवारों पर उकेरे गए 87 प्रसंग और कॉपर-शिल्प की 79 समृद्ध झांकियाँ, यह सब केवल स्थापत्य कौशल का प्रदर्शन नहीं, बल्कि रामकथा के विविध आयामों का मूर्त रूप हैं जो हमारी परंपरा की बहुरंगी विविधता को दर्शाते हैं। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं रहा; यह उन अनेकों साधना-यात्रियों, संतों, पुरोहितों, शिल्पकारों, वास्तुकारों, अनुगामियों, श्रमिकों और दानदाताओं की कहानियों का संगम रहा जिनकी तपस्या और त्याग भारत के इतिहास में विशेष स्थान रखते हैं। जिन लोगों ने वर्षों, दशकों तक अपनी ऊर्जा समर्पित की, वह आज जहां भी रहे हों, उनके मन में आज निश्चित रूप से आत्म-संतोष का भाव रहा होगा। साधु-संतों की भक्ति-भाषाएँ, श्रद्धालुओं की भीड़ और नगरवासियों की आतिथ्य-भावना ने भी यह प्रमाणित किया कि आस्था और सामूहिक विश्वास किस तरह किसी स्थान की आत्मा को पुनर्जीवित कर सकते हैं। नया ध्वजारोहण केवल अतीत का जश्न नहीं है; यह भविष्य की दिशा का संकेत भी है। आज की अयोध्या, जहाँ प्राचीन रामकथा और आधुनिक योजनाओं का अप्रत्याशित संगम दिख रहा है, वह इस बात का उदाहरण है कि विरासत और विकास साथ-साथ फल-फूल सकते हैं। महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे से लेकर आधुनिकीकरण किए गए रेलवे टर्मिनलों, रामपथ और भक्ति-पथ तक, ये सब उस दृष्टि का हिस्सा हैं जो तीर्थ को वैश्विक रूप से सुलभ, सुरक्षित और आदर्श-आधारित बनाने की कल्पना करती है।

इस पवित्र क्षण पर, हमें उन अनगिनत नामरहित कर्मयोगियों को भी याद करना चाहिए जिनका श्रम बिना किसी प्रचार-प्रसार के मंदिर निर्माण को साकार करने में सहायक रहा। वे श्रमिक जिनके हाथों ने पत्थरों को संवारा; वे शिल्पकार जिनकी कला ने कथानक को जीवन दिया; वे पुरोहित, संत और पंडित जिनके अनुष्ठानिक ज्ञान ने मार्ग दिखाया; और वे स्वयं सेवक व आयोजक जिनकी रात-दिन की मेहनत ने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की, इन सबका आभार केवल शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही राम मंदिर आंदोलन के नेतृत्वकर्ताओं, भागीदारों तथा श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता के बिना आज के इस दिन की कल्पना करना संभव नहीं था।

आज का दिन हमें यह भी संदेश देता है कि किसी भी महान लक्ष्य की पूर्ति के लिये संकल्प, सहनशीलता और सामूहिक भागीदारी अनिवार्य हैं। बहरहाल, जब केसरिया ध्वज आकाश में लहरा रहा था, तब उसके साथ एक नयी आशा भी ऊँची हुई कि यह स्थान उन मूल्यों का प्रसार भी करेगा जो व्यक्ति को नैतिक, दयालु और समाज-प्रेरित बनाते हैं। अयोध्या की यह गाथा निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों को श्रद्धा, सेवा, समर्पण और साझा-सपनों के लिये प्रेरित करेगी। जय श्रीराम।

# भारतीय परम्पराओं का अनुपालन कर हमें संयुक्त परिवारों को बचाना होगा



प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

इसी संदर्भ में आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श भी गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं यह सभी मिलकर भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि प्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोय, यह भारतीय विचारधारा है।

भारतीय सनातन संस्कृति की विचारधारा के ठीक विपरीत आज वैश्विक बाजार शक्तियां भारत में भी उपभोक्तावाद को फैलाने का प्रयास कर रही हैं। विशेष रूप से दीपावली एवं रक्षाबंधन जैसे शुभ त्यौहारों के अवसर पर कुछ मीठा हो जाए जैसे विज्ञापन देकर यह विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता है कि भारतीय मिठाइयों एवं व्यंजनों जैसे जलेबी, इमरती तथा दूध एवं खोए से बनी मिठाईयां खाने से मधुमेह का रोग हो जाता है, अतः सदियों से भारत में उपयोग हो रहे इन स्वादिष्ट व्यंजनों के स्थान पर केडबरी चाकलेट अधिक स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका अधिक उपयोग करना चाहिए। इस प्रकार, भारी भरकम राशि खर्च कर, विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा निर्मित मीठे पदार्थों को, विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय समाज के मानस पर उतारने का प्रयास किया जाता है। साथ ही, विभिन्न भारतीय त्यौहारों के समय वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा यह भी कह कर कि, दीपावली के शुभ अवसर पर जलाए जाने वाले फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं; होली पर्व पर भारी मात्रा में पानी की बर्बादी की जाती है; महाशिवरात्रि पर्व पर दूध की बर्बादी की जाती है; माई बॉडी माई चोईस; हमको भारत में रहने में डर लगता है; आदि विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।



भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी। विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं। अब बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाय ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमे संयुक्त परिवार के नुक्सान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं। सास बहू के बीच, ननद देवरानी के बीच, दो बहिनों के बीच, पड़ोसियों के बीच, छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़े दिखाए जाते हैं एवं जिनका अंत परिवार की टूट के रूप में बताया जाता है, ताकि भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को बढ़ावा मिल सके। भारत एक विशाल देश है एवं विश्व में सबसे बड़ा बाजार है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यदि अपने इस कुचक्र में सफल हो जाती हैं तो उनकी सोच के अनुसार भारत में उत्पादों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इससे विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सीधे सीधे फायदा होगा। इसी कारण के चलते आज जोर्ज सोरोस जैसे कई विदेशी नागरिक अन्य कई विदेशी संस्थानों एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

अब हम समस्त भारतीय नागरिकों को वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा फैलाए जा रहे उक्त वर्णित जाल में नहीं फंसते हुए, हमारे अपने भारतीय व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाते हुए अपनी भारतीय परम्पराओं का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। हमें अपने जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए चाहे वह तुलनात्मक रूप से थोड़ा महंगा ही क्यों न हो। उदाहरण के तौर पर हमारे जीवन में रोजाना उपयोग होने वाले कुछ उत्पादों के नाम यहां पर दिए जा सकते हैं, जिनका उत्पादन सदियों से भारत में ही पर्याप्त मात्रा में होता चला आया है। केवल और केवल भारतीय कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग एवं विदेशी कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली जानी चाहिए। जैसे, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, सौंदर्य प्रसाधन औषधियां, टुथथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश, दाढ़ी का साबुन ब्लेड्स रेजर, बिस्किट चाकलेट दुग्ध उत्पाद ब्रेड, चाय काफी, शीतपेय शरबत चटनी अचार मुरब्बा, आइसक्रीम खाद्यतेल खाद्य पदार्थ, विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु घड़ियां, लेखन सामग्री, जूते चप्पल पोलिश, तैयार कपड़े, कम्प्यूटर लैपटॉप एवं उपकरण, टेलिकॉम उपकरण, बाम और मरहम, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, स्वचालित वाहन एवं मोबाइल फोन आदि। जब भी बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी ही लाएंगे जैसे तथ्यों को आत्मसात करना चाहिए। इससे न केवल चीन बल्कि अमेरिका को भी संदेश जाएगा कि भारत अब कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो चुका है तथा वैश्विक स्तर पर भारत अब इनके दबाव में आने वाला नहीं है।



# राम मंदिर पर फहराया ध्वज तो पाकिस्तान को लगी मिर्ची

नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को ध्वजारोहण हुआ। राम मंदिर पर हुए ध्वजारोहण से जहां राम भक्तों में खुशी देखने को मिल रही है। वहीं, पाकिस्तान को मिर्ची लगी है। उसने ध्वजारोहण समारोह को लेकर भारत की तीखी आलोचना की है और इसे देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए एक चिंताजनक संकेत बताया है। दरअसल, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस रिलीज जारी की है, जिसमें राम मंदिर को ध्वस्त बाबरी मस्जिद स्थल पर बनाया गया बताया और भारत में मुसलमानों के प्रति बढ़ती असहिष्णुता और हाशिए पर होने पर गहरी चिंता व्यक्त की।

बता दें कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम जन्मभूमि मंदिर के ऊपर पवित्र ध्वज फहराया। इसको लेकर पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पाकिस्तान ने कहा कि अयोध्या में ऐतिहासिक बाबरी मस्जिद स्थल पर बने तथाकथित राम मंदिर पर झंडा फहराया गया। साथ ही आरोप लगाया कि सदियों पुराने पूजा स्थल बाबरी मस्जिद को 6 दिसंबर 1992 को फासीवादी विचारधाराओं से प्रेरित चरमपंथी भीड़ ने ध्वस्त कर दिया था।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के बयान में बाबरी विध्वंस के बाद भारत में हुई न्यायिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं की आलोचना की गई है। पाकिस्तान ने दावा किया कि मस्जिद के विध्वंस के लिए जिम्मेदार लोगों को बाद में बरी कर दिया गया और कानूनी फैसलों ने मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। साथ ही भारतीय राज्य पर अल्पसंख्यकों के प्रति भेदभाव का आरोप लगाया। यही नहीं पाकिस्तान ने ध्वजारोहण समारोह को व्यापक मुद्दों से जोड़ते हुए भारत पर अपने मुस्लिम समुदाय को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने का खतरा लगातार बना हुआ है।

पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि अयोध्या में हुआ यह आयोजन बहुसंख्यक हिंदुत्व विचारधारा के प्रभाव में मुस्लिम सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नष्ट करने का जानबूझकर किया गया प्रयास था। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि भारत भर में कई अन्य ऐतिहासिक मस्जिदें भी अब ध्वस्तीकरण या परिवर्तन के इसी तरह के खतरों का सामना कर रही हैं। अनेक ऐतिहासिक मस्जिदों को अब भी अपवित्र किए जाने या ध्वस्त किए जाने के समान खतरों का सामना करना पड़ रहा है।

पाकिस्तान ने वैश्विक संस्थाओं से भी अपील की है कि वे संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया और नफरत भरे भाषणों पर ध्यान दें। उसने मुस्लिम विरासत स्थलों की रक्षा और वैश्विक संधियों व सम्मेलनों के तहत अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतराष्ट्रीय हस्तक्षेप का आह्वान किया है। राम मंदिर पर हुए ध्वजारोहण से डरे हुए पाकिस्तान ने भारत सरकार से आग्रह किया कि मुसलमानों सहित सभी धार्मिक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करके और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों के अनुसार उनके पूजा स्थलों की रक्षा करके अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे।

# जाना है जापान, पहुंचेंगे चीन समझ गए न!

## जिनपिंग से 1 घंटे बात कर बोले ट्रंप- मेरे यार हैं वो

वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद आशावाद व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने व्यापार और अगले साल अप्रैल में अपनी चीन यात्रा सहित कई क्षेत्रों पर चर्चा की। ट्रंप ने एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। जापानी प्रधानमंत्री ताकाइची के साथ अपनी बातचीत के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए, ट्रंप ने कहा कि उनकी उनसे बहुत अच्छी बातचीत हुई और उन्होंने कहा मेरे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। मेरी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ भी बहुत अच्छी बातचीत हुई और मुझे लगता है कि दुनिया का वह हिस्सा ठीक चल रहा है। ट्रंप ने कहा कि शी के साथ अपनी बातचीत में उन्होंने मुख्यत: व्यापार पर चर्चा की।



ट्रंप ने कहा कि मैंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कई मुद्दों पर बात की, व्यापार और हमारे कृषि उत्पादों की ख़रीद पर, और उन्होंने (शी जिनपिंग) कहा कि वह मुझसे सहमत हैं। वह -- मुझे लगता है कि वह आपको सकारात्मक पहलुओं से काफ़ी आश्चर्यचकित कर देंगे... मैंने उनसे पूछा, मैं चाहता हूँ कि आप इसे थोड़ा तेज़ी से ख़रीदें। मैं चाहता हूँ कि आप और ख़रीदें। वह कमोबेश इसके लिए सहमत हो गए हैं। मुझे लगता है कि राष्टपति शी जिनपिंग के कार्यों से हमें सुखद आश्चर्य होगा। मेरे उनके साथ अच्छे संबंध हैं, बहुत अच्छे संबंध हैं। मैं उन्हें पसंद करता हूँ। वह मुझे पसंद करते हैं। मैं अप्रैल में वहाँ जा रहा हूँ... मैं अप्रैल में जापान के साथ चीन जा रहा हूँ।

ट्रंप और शी के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की हालिया टिप्पणियों के बाद चीन-जापान संबंध संकट भरे दौर से गुजर रहे हैं। ताकाइची ने कहा था कि अगर चीन ताइवान के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है तो जापान की सेना भी इसमें शामिल हो सकती है। जापान, अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसके बारे में चीन का कहना है कि वह उसी का हिस्सा है।

## फ्रांस के राजदूत ने मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई, (वार्ता)।** भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की सत्रहवीं बरसी पर शहीदों और पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने की फ्रांस की प्रतिबद्धता को दोहराया। फ्रांसिसी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक बयान में कहा, मुंबई हमले 26/11, इन भयानक हमलों के 17 साल पूरे होने पर, फ्रांस पीड़ितों की यादों का सम्मान करता है। फ्रांस आतंकवाद की अपनी स्पष्ट निंदा की पुन: पुष्टि करता है और इस आपदा से लड़ने में भारत के साथ एकजुट खड़ा है। यह दिन पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा समूह के दस आतंकवादियों द्वारा किए गए क्रूर हमलों की याद दिलाता है, जो 26 नवंबर 2008 की रात समुद्र के रास्ते मुंबई में घुस आए थे। हमलावरों ने चार दिनों के दौरान ताज महल पैलेस होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट होटल, सहित कई स्थानों को निशाना बनाया था।

# बाबर की औलादों को भारत में रहने का हक नहीं

कोलकाता

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक द्वारा बाबरी मस्जिद पर की गई टिप्पणी को लेकर उसकी कड़ी आलोचना की और कहा कि ऐसी टिप्पणियों से साफ़ पता चलता है कि बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी घुसपैठियों के वोट बैंक पर निर्भर है। पत्रकारों से बात करते हुए, गिरिराज सिंह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के विधायकों की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसे लोगों को भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है।



सिंह ने कहा कि बंगाल बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का गढ़ बन गया है। उन्हें पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज़ मुहैया कराए गए हैं, जिससे वे अवैध रूप से रह सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस इन घुसपैठियों के वोट बैंक पर निर्भर है। ममता बनर्जी इन अवैध घुसपैठियों को खुश करने के लिए हर असंवैधानिक और हिंदुओं के ख़िलाफ़ काम करती हैं। टीएमसी विधायकों का बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण का दावा दुर्भाग्यपूर्ण है। जो लोग खुद को बाबर और औरंगज़ेब की औलाद कहते हैं, उन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

यह टिप्पणी टीएमसी विधायक कबीर द्वारा यह घोषणा करके विवाद खड़ा करने के बाद आई है कि वह 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे, जो अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में है। उन्होंने कहा, हम 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। इसे पूरा होने में तीन साल लगेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न मुस्लिम नेता भाग लेंगे।

अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवादित ढांचे को 6 दिसंबर, 1992 को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था। इससे पहले, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने का दावा करने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक हुमायूं कबीर पर तीखा हमला किया और इसे वोटों के लिए तुष्टिकरण की राजनीति बताया।

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को 27 साल की सजा काटने का आदेश

ब्रासीलिया, (वार्ता)

ब्राज़ील सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्ज़ेंडर डी मोसियस ने पूर्व राष्टपति जेयर बोल्सोनारो और उनके छह करीबी सहयोगियों को तख्तापलट की कोशिश मामले में दोषी पाये जाने पर 27 साल की जेल की सजा काटने का आदेश दिया है। ग्लोबो अखबार ने यह जानकारी दी है। मंगलवार को प्रकाशित रिपोर्ट में न्यायमूर्ति मोराएस के हवाले से कहा गया मैं जेयर बोल्सोनारो की सजा तुरंत शुरू करने का आदेश देता हूं। यह सजा 27 साल और तीन महीने की होगी, जिसमें 24 साल और नौ महीने पूर्ण रूप से बंद जेल में तथा शेष दो साल और छह महीने अर्ध-हिरासत में काटने होंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, मुकदमा वर्चुअल तरीके से चला और न्यायमूर्ति मोराएस ने घोषणा की कि यह अब अंतिम रूप से पूरा हो चुका है, क्योंकि बोल्सोनारो के बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने सोमवार को निर्धारित अंतिम तारीख तक कोई नयी अपील दाखिल नहीं की थी। पूर्व राष्टपति अपनी सजा राजधानी ब्रासीलिया स्थित फेडरल पुलिस मुख्यालय में काटेंगे, जहां वह पहले से ही मामले की सुनवाई के समय से ही हिरासत में हैं। बोल्सोनारो के कार्यकाल के दौरान उनके कई करीबी सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी भी इस मामले में दोषी ठहराए गए हैं। इनमें पूर्व न्याय मंत्री एंडरसन टोरेस, पूर्व नौसेना कमांडर एडमिरल अल्मीर गार्नियर सांतोस, संस्थागत सुरक्षा मंत्रालय के पूर्व मंत्री जनरल ऑगुस्तो हेलेनो, पूर्व रक्षा मंत्री जनरल पाउलो सर्जियो नोगेइरा, पूर्व चीफ़ ऑफ़ स्टाफ़ जनरल ब्रागा नेटो तथा ब्राज़ीलियाई खुफिया एजेंसी (एबीआईएन) के पूर्व निदेशक एलेक्ज़ेंडर डी मोराएस रामागेम शामिल हैं । रामागेम इस समय करअमेरिका में हैं। श्री जेयर बोल्सोनारो 2019 से 2022 तक ब्राज़ील के राष्टपति रहे। वे 2022 का राष्टपति चुनाव मौजूदा राष्टपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा से हार गए थे। श्री लूला के शपथ ग्रहण के ठीक एक सप्ताह बाद आठ जनवरी 2023 को बोल्सोनारो के हजारों समर्थकों ने ब्रासीलिया में संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट और राष्टपति भवन पर हिंसक हमला किया तथा तोड़फोड़ की। उस दिन पुलिस ने लगभग 2,000 लोगों को गिरफ्तार किया था।

नवंबर 2024 में ब्राज़ील की संघीय पुलिस ने श्री बोल्सोनारो और उनकी पूर्व सरकार के कई सदस्यों पर तख्तापलट की साजिश रचने, आपराधिक संगठन चलाने तथा लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। सितंबर 2025 की शुरुआत में ब्राज़ील के सुप्रीम फेडरल ट्रिब्यूनल (एसटीएफ ) ने 70 वर्षीय बोल्सोनारो को तख्तापलट की साजिश रचने का दोषी ठहराते हुए उन्हें 27 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई थी। ब्राज़ील में अगला राष्टपति चुनाव अक्टूबर 2026 में निर्धारित है।

## मायावती ने केंद्र, राज्य सरकारों से की संविधान के मूल मूल्यों पर ईमानदारी से अमल करने की अपील

**लखनऊ, (वार्ता)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार एवं बहुजन समाज के महानायक भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को नमन किया। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि पूरा देश आज संविधान दिवस मना रहा है। इस विशेष अवसर पर वे बाबा साहेब को नमन करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से यह अपेक्षा करती हैं कि वे केवल संविधान दिवस मनाने तक सीमित न रहें। बल्कि संविधान के समतामूलक, मानवतावादी और कल्याणकारी उद्देश्यों पर ईमानदारी और निष्ठा से अमल करें।

उन्होंने कहा कि जनता सरकार से उम्मीद करती है कि वह संविधान में निहित मूल मूल्यों के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के कमजोर वर्गों, बहुजन, दलित, पिछड़े और वंचित समुदायों की आकांक्षाओं को पूरा करे। सुश्री मायावती ने कहा कि संविधान डॉ. आंबेडकर की ऐसी देन है, जो भारत को सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों पर आगे बढ़ने की राह दिखाता है। बसपा अध्यक्ष ने अपने संदेश के अंत में कहा कि यही समय की मांग है कि सरकारें संविधान के मार्ग पर चलते हुए देश की जनता की उम्मीदों को पूरा करें। उन्होंने अपने संदेश का समापन जय भीम, जय भारत, जय संविधान के नारे के साथ किया।

## घर की सफाई के दौरान तीन भाइयों के हाथ लगा खजाना, मिली सुपरमैन नंबर 1 की पहली कॉपी, 81 करोड़ में हुई नीलाम

**नई दिल्ली।** घर की सफाई करते हुए अक्सर सालों पुरानी कोई बेशकीमती चीज हाथ लग जाती है, जिनसे लोगों की काफी यादें जुड़ी होती हैं। मगर, अमेरिका के टेक्सस में तीन भाइयों ने अपनी मां के सामान से एक कॉमिक ढूंढ निकाली, जिसकी कीमत 9.12 मिलियन डॉलर (लगभग 81 करोड़ रुपये) है। दरअसल यह मशहूर सुपरहीरो %सुपरमैन नंबर 1% की पहली कॉमिक की कॉपी है। 81 करोड़ रुपये में बिकने के बाद यह दुनिया की सबसे महंगी कॉमिक बन गई है।

तीनों भाइयों की मां का पिछले साल सैन फ्रांसिस्को में निधन हो गया था। हाल ही में वो घर की सफाई कर रहे थे, तभी उन्हें मां का एक कार्डबोर्ड मिला। इसमें कुछ अखबारों की कटिंग धूल खा रही थी। जब सभी ने कार्डबोर्ड खोलकर देखा, तो उसमें सबसे पुरानी कॉमिक्स का कलेक्शन मिला। कॉमिक एट हैरिटेज ऑक्शन के उपाध्यक्ष लॉन एलन के अनुसार, मृतक महिला ने अपने बच्चों को बताया था कि उनके पास कई कीमती कॉमिक बुकों का कलेक्शन है। हालांकि, उनके बच्चों ने कभी उसे नहीं देखा था। महिला की मौत के बाद बच्चों ने उनके घर को बेचने का फैसला किया। इस दौरान जब वो बेसमेंट में बने एक कमरे में गए, तो उन्हें यह कॉमिक मिली। तीनों भाइयों ने जब कॉमिक का बॉक्स खोला, तो उन्होंने निलामी करने वाली कंपनी को मैसेज भेजा। एलन मामले की जांच के लिए सैन फ्रांसिस्को पहुंचे। उन्होंने सुपरमैन की कॉपी की जांच के लिए इसे एक्सपर्ट्स के पास भेजा, तो पता चला कि यह कॉमिक की पहली कॉपी है। सुपरमैन की पहले संस्करण में 5 लाख कॉपियां पब्लिश की गईं थीं और यह कॉपी उन्हीं में से एक थी। इस कॉमिक की नीलामी 9.12 मिलियन डॉलर में हुई है, जिसके साथ यह दुनिया की सबसे महंगी कॉमिक बन गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड एक्शन कॉमिक नंबर 1 के नाम था, जिसे 6 मिलियन डॉलर (लगभग 53 करोड़) में नीलाम किया गया था।

## जल्द भारत के दौरे पर आ सकते हैं नेतन्याहू, अधिकारी कर रहे दौरे को लेकर बातचीत

**तेल अवीव/नयी दिल्ली, (वार्ता)।** इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जल्द भारत के दौरे आ सकते हैं। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि उनके (श्री नेतन्याहू) भारत दौरे के लिए नयी तारीख तय करने को लेकर भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत की जा रही है। गौरतलब है कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए आत्मघाती कार विस्फोट के बाद श्री नेतन्याहू दौरा टाल दिया गया था। दौरे के टलने के बावजूद श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि भारत के साथ इज़रायल का रिश्ता मज़बूत है। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री (श्री नेतन्याहू) को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा पर 'पूरा भरोसा' है।

सोशल मीडिया एक्स पर इज़रायली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने कहा, भारत के साथ इज़रायल का रिश्ता और प्रधानमंत्री नेतन्याहू और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच रिश्ता बहुत मज़बूत है। श्री नेतन्याहू को श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा पर पूरा भरोसा है, और टीमें पहले से ही दौरे की नयी तारीख तय कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 10 नवंबर को हुए आत्मघाती कार विस्फोट के बाद इज़रायली प्रधानमंत्री का दिसंबर में होने वाला दौरा टाल दिया गया था। लाल किला के पास हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे और 30 से ज़्यादा लोग घायल हुए थे। इससे पहले श्री नेतन्याहू जनवरी 2018 में भारत के आधिकारिक दौरे पर आए थे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**


# हुस्नलाल-भगतराम फिल्म थी फिल्म इंडस्ट्री की पहली संगीतकार जोड़ी

भारतीय फिल्म संगीत जगत में अपनी धुनों के जादू से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले संगीतकार तो कई हुए और उनका जादू भी श्रोताओं के सर चढ़कर बोला लेकिन उनमें कुछ ऐसे भी थे जो बाद में गुमनामी के अंधेरे में खो गये और आज उन्हें कोई याद भी नहीं करता, फिल्म इंडस्ट्री की पहली संगीतकार जोड़ी हुस्नलाल-भगतराम भी ऐसी ही एक प्रतिभा थे।

हिन्दी फिल्मों के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक मोहम्मद रफी को प्रारंभिक सफलता दिलाने में हुस्नलाल-भगतराम का अहम योगदान रहा था। चालीस के दशक के अंतिम वर्षों में जब मोहम्मद रफी फिल्म जगत में बतौर पार्श्वगायक अपनी पहचान बनाने में लगे थे तो उन्हें काम ही नहीं मिलता था। तब हुस्नलाल-भगतराम की जोड़ी ने उन्हें एक गैर फिल्मी गीत गाने का अवसर दिया था।वर्ष 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद इस जोड़ी ने मोहम्मद रफी को राजेन्द्र कृष्ण रचित गीत ह्लसुनो सुनो ऐ दुनिया वालो बापू की अमर कहानीह्व गाने का अवसर दिया। देशभक्ति के जज्बे से परिपूर्ण यह गीत श्रोताओं में काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद अन्य संगीतकार भी मोहम्मद रफी की प्रतिभा को पहचानकर उनकी तरफ आकर्षित हुये और अपनी फिल्मों में उन्हें गाने का मौका देने लगे। मोहम्मद रफी हुस्नलाल-भगतराम के संगीत बनाने के अंदाज से काफी प्रभावित थे।



मोहम्मद रफी, हुस्नलाल-भगतराम के संगीत बनाने के अंदाज से काफी प्रभावित थे और उन्होंने कई मौकों पर इस बात का जिक्र भी किया है। मोहम्मद रफी सुबह चार बजे ही इस संगीतकार जोड़ी के घर तानपुरा लेकर चले जाते थे जहां वह संगीत का रियाज किया करते थे। हुस्नलाल-भगतराम ने मोहम्मद रफी के अलावा कई अन्य संगीतकारों को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी। सुप्रसिद्ध संगीतकार जोडी शंकर जयकिशन ने हुस्नलाल-भगतराम से ही संगीत की शिक्षा हासिल की थी। मशहूर संगीतकार लक्ष्मीकांत भी हुस्नलाल-भगतराम से वायलिन बजाना सीखा करते थे। छोटे भाई हुस्नलाल का जन्म 1920 में पंजाब में जालंधर जिले के कहमां गावं में हुआ था जबकि बडे भाई भगतराम का जन्म भी इसी गांव में वर्ष 1914 में हुआ था। बचपन से ही दोनों का रूझान संगीत की ओर था। हुस्नलाल वायलिन और भगतराम हारमोनियम बजाने में रूचि रखते थे। हुस्नलाल और भगतराम ने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा अपने बडे भाई और संगीतकार पंडित अमरनाथ से हासिल की। इसके अलावा उन्होंने पंडित दिलीप चंद बेदी से से भी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा ली थी। 1930-1940 के दौरान संगीत निर्देशक शास्त्रीय संगीत की राग-रागिनी पर आधारित संगीत दिया करते थे। हुस्नलाल-भगतराम इसके पक्ष में नहीं थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत में पंजाबी धुनों का मिश्रण करके एक अलग तरह का संगीत देने का प्रयास दिया और उनका यह प्रयास काफी सफल भी रहा। उन्होंने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1944 में प्रदर्शित फिल्म चांद से की। इस फिल्म में उनके संगीतबद्ध गीत दो दिलों की ये दुनिया श्रोताओं में काफी लोकप्रिय हुये लेकिन फिल्म की असफलता के कारण संगीतकार के रूप में वे अपनी खास पहचान नहीं बना सके। वर्ष 1948 में प्रदर्शित फिल्म प्यार की जीत में अपने संगीतबद्ध गीत एक दिल के टुकड़े हजार हुयेह्व की सफलता के बाद हुस्नलाल-भगतराम फिल्म जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये। मोहम्मद रफी की आवाज में कमर जलालाबादी रचित यह गीत आज भी रफी के दर्द भरे गीतों में विशिष्ट स्थान रखता है लेकिन दिलचस्प बात यह है कि हुस्नलाल-भगतराम ने यह गीत फिल्म प्यार की जीत के लिये नही बल्कि फिल्म सिंदूर के लिये संगीतबद्ध किया था। फिल्म सिंदूर के निर्माण के समय जब हुस्नलाल-भगतराम ने फिल्म निर्माता शशिधर मुखर्जी को यह गीत सुनाया तो उन्होंने इसे अनुपयोगी बताकर फिल्म में शामिल करने से मना कर दिया। बाद मे निर्माता ओ. पी. दत्ता ने इस गीत को अपनी फिल्म प्यार की जीत में इस्तेमाल किया। वर्ष 1950 में प्रदर्शित फिल्म चांद में अपने संगीतबद्ध गीत चुप चुप खड़े हो जरूर कोई बात है की सफलता के बाद यह जोड़ी फिल्म जगत में चोटी के संगीतकारो में शुमार हो गयी। इस गीत से जुड़ा एक रोचक तथ्य है कि उस जमाने में गांवों में रामलीला के मंचन से पहले दर्शको की मांग पर इसे अवश्य बजाया जाता था। लता मंगेशकर और प्रेमलता की युगल आवाज में रचे-बसे इस गीत की तासीर आज भी बरकरार है । साठ के दशक मे पाश्चात्य गीत.संगीत की चमक से निर्माता निर्देशक अपने आप को नही बचा सके और धीरे धीरे निर्देशकों ने हुस्नलाल-भगतराम की ओर से अपना मुख मोड़ लिया। इसके बाद हुस्नालाल दिल्ली चले गये और आकाशवाणी में काम करने लगे जबकि भगतराम मुंबई में ही रहकर छोटे-मोटे स्टेज कार्यक्रम में हिस्सा लेने लगे। । भगतराम 26 नवंबर 1973 को बडी ही खामोशी के साथ इस दुनिया को अलविदा कह गये । हुस्नलाल इससे पहले 28 दिसंबर 1968 को चल बसे थे।



## गुस्ताख इश्क़ की सेलिब्रिटी स्क्रीनिंग 28 नवंबर तक के लिये स्थगित

बॉलीवुड के ही मैन धर्मेन्द्र के निधन पर भावुक होते हुये फैशन डिजाइनर से निर्माता बने मनीष मल्होत्रा ने अपनी फिल्म गुस्ताख इश्क़ ्-कुछ पहले की सेलिब्रिटी स्क्रीनिंग को 28 नवंबर तक स्थगित कर दिया है। भारतीय सिनेमा इस समय महान अभिनेता धर्मेंद्र के दुखद निधन पर शोक में डूबा है। इसी दुखद परिस्थिति को देखते हुए गुस्ताख इश्क़ ्-कुछ पहले जैसा के निर्माताओं ने फ़िल्म की सेलिब्रिटी स्क्रीनिंग को 28 नवंबर तक स्थगित कर दिया है, जो फ़िल्म की रिलीज़ तिथि भी है। यह निर्णय दिवंगत कलाकार धर्मेन्द्र के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए लिया गया है और पहली बार निर्माता बने मनीष मल्होत्रा द्वारा उठाया गया एक संवेदनशील कदम है। आज के समय में जहां ज़्यादातर फ़िल्म निर्माता रिलीज़ शेड्यूल पर अटल रहते हैं, वहीं मनीष मल्होत्रा द्वारा लिया गया यह निर्णय धर्मेंद्र के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा को दर्शाता है,ख़ासकर तब जब गुस्ताख इश्क़ उनकी पहली सिनेमाई प्रस्तुति है। दर्शक और इंडस्ट्री के लोग इस स्क्रीनिंग का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन सामूहिक शोक के समय इस तरह के फैसले को व्यापक रूप से एक संवेदनशील और सराहनीय कदम माना जा रहा है।




## 29 नवंबर को अनमोल सिनेमा पर दिखायी जायेगी 'कातेरा'

अनमोल सिनेमा पर 29 नवंबर को फिल्म 'कातेरा' दिखायी जायेगी। निर्देशक तरुण सुधीर की पेशकश %कातेरा%, जिसमें सुपरस्टार दर्शन, खूबसूरत आराधना राम और दमदार विलेन जगपति बाबू अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी एक साधारण लोहार कातेरा की है, जो गांव के लोगों के लिए उम्मीद की किरण बनता है। वह अत्याचारी जमींदार देवराय के खिलाफ डटकर खड़ा होता है। कातेरा किसानों को उनकी जमीन का हक दिलाने के लिए संघर्ष करता है। यह कहानी अत्याचार और न्याय के बीच की लड़ाई दिखाती है। इसमें अन्याय सहने वालों की ताकत और सत्ता के घमंड का संघर्ष है, जो हौसले और पक्के इरादों की मिसाल बन जाता है। 'कातेरा', अनमोल सिनेमा पर पहली बार, शनिवार, 29 नवंबर, शाम 7-30 बजे प्रसारित होगी।

# जनसुनवाई में आये 95 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 95 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में एक जिला एक उत्पाद एवं निर्यात कार्यशाला सम्पन्न

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में एक जिला- एक उत्पाद एवं निर्यात कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सावित्री सिग्नेचर होटल नरसिंहपुर में आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने एक जिला- एक उत्पाद योजना के उद्देश्य बारे में बताते हुए कहा कि जिले में तुअर दाल को विशिष्ट पहचान मिलेगी और इसकी मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग से उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। इससे वोकल फॉर- लोकल को भी सफलता मिलेगी। साथ ही जिले में इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाने के लिए विभागों को निर्देशित किया।महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री पंकज पटेल ने एक जिला- एक उत्पाद के महत्व एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर बताई।

उन्होंने एक जिला- एक उत्पाद में कार्य कर रहे एफपीओ एवं क्रेशको को एक्सपोर्ट पॉलिसी का लाभ लेने के लिए कहा। एमपी डीआईसी भोपाल के एक्सपोर्ट सेल के श्री तनमय निगम ने एक्सपोर्ट के संबंध में सम्पूर्ण जारी प्रदान की। कार्यशाला में एक जिला- एक उत्पाद के संबंध में निर्यात के लिए प्रक्रिया, भूमि आवंटन प्रक्रिया एवं खाद्य प्रसंस्करण हेतु एमएसएमई प्रोत्साहन योजना की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में महाप्रबंधक एमपीआईडीसी श्री आरपी चक्रवर्ती, उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, अन्य विभागीय अधिकारी, ज़िले के दाल व्यापारी, उद्योगपति और किसान मौजूद थे।



# अंधविश्वास पर विज्ञान का प्रहार

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

जादू नहीं विज्ञान है. समझना समझाना आसान है कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि शास. उत्कृष्ठ वि?द्यालय करेली में अंधविश्वास और भ्रांतियों से पर्दा उठने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रप से नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता नेमा, वार्ड पार्षद ज्योति सोनी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद वर्मा मौजूद रहे। मंच संचालन विद्यालय के छात्र खेमचंद्र कुशवाहा व रागिनी जाटव ने किया। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम पांच स्थानो में हाई स्कूल रमखिरिया शास. सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय करेली शास. कन्या विद्यालय करेली, शास. उच्च. मा. विद्यालय कठौतिया व शास. उच्च. मा. वि?द्यालय नयाखेड़ा रहे, विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा ने आभार प्रदर्शन ?किया। मार्गदर्शक शिक्षिका का सुषमा नेमा प्रीति दीक्षित व माधुरी चौबे रही ।

# एसआईआर के तहत जिले में 74.19 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य हुआ पूर्ण

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जिले में सुचारू रूप से क्रियाशील है। अभियान के तहत जिले की सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ एवं सहायक दल द्वारा ऑनलाइन डिजिटाईजेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि मंगलवार 25 नवंबर की शाम 6 बजे तक जिल में 6 लाख 45 हजार 186 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो 74.19 प्रतिशत है। इसके लिए जिले में 977 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। साथ ही बीएलओ की सहायता के लिए नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय का स्टाफ, वार्ड प्रभारी, पटवारी ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, शिक्षक, ग्राम कोटवार आदि नियुक्त किए गए हैं।

## एसआईआर के कार्य में विधानसभावार उपलब्धि

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सिंह ने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 118 गोटेगांव के अंतर्गत 258 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 65 हजार 655 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 74.95 प्रतिशत है। इसी तरह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत 262 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 70 हजार 411 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 71.92 प्रतिशत है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 120 तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 226 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 48 हजार 971 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 77.19 प्रतिशत है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 121 गाडरवारा के अंतर्गत 231 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 60 हजार 149 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 73.25 प्रतिशत है।

# जिले में मोटा अनाज (ज्वार) एवं धान उपार्जन के लिए केन्द्रों का निर्धारण

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

## मोटा अनाज (ज्वार) का उपार्जन 24 दिसम्बर 2025 तक और धान का उपार्जन एक दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक किया जाएगा

राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में उपायुक्त सहकारिता एवं जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन एवं जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन नरसिंहपुर से पात्र सहकारी समितियों एवं रिक्त गोदामों की प्राप्त जानकारी अनुसार जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा उपरांत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह मोटा अनाज (ज्वार) एवं धान उपार्जन के लिए केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मोटा अनाज (ज्वार) का उपार्जन 24 दिसम्बर 2025 और धान का उपार्जन एक दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक नियमानुसार किया जाएगा। कलेक्टर ने उपार्जन कार्य से जुड़े संबंधित विभाग एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 अंतर्गत जारी उपार्जन नीति एसओपी अनुसार दिए गए निर्देशों का अक्षरश: कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करते हुए उपार्जन कार्य सम्पादित करेंगे।

कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक मोटा अनाज (ज्वार) उपार्जन के लिए गोटेगांव तहसील के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) इमलिया- कामती हेतु उपार्जन केन्द्र स्थल एमपी डब्ल्यूएलसी शासकीय गोदाम गोटेगांव को बनाया गया है। धान उपार्जन के लिए नरसिंहपुर तहसील अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) सिंहपुर हेतु चौकसे वेयर हाउस सिंहपुर, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) करहैया हेतु पालीवाल वेयर हाउस बहोरीपार व उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) केरपानी हेतु श्रीमां वेयर हाउस लोलरी- राजमार्ग को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है। तहसील करेली के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था सहकारी विपणन संस्था मर्यादित करेली हेतु सीडब्ल्यूसी शासकीय वेयर हाउस कठौतिया, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) करेली हेतु नर्मदा वेयर हाउस बधुवार व उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) सिल्हेटी हेतु एमपी डब्ल्यूएलसी शासकीय गोदाम करेली बस्ती को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है। तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) सूरना हेतु मां नर्मदा वेयर हाउस भौरझिर व उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) तेंदूखेड़ा हेतु श्री राधावल्लभ वेयर हाउस उमरपानी को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है। तहसील गोटेगांव के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) सिवनीबंधा हेतु श्री वंदावन पंडा वेयर हाउस नयागांव, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) इमलिया- कामती हेतु एमपी डब्ल्यूएलसी शासकीय गोदाम गोटेगांव, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) मेख हेतु पटवा वेयर हाउस श्रीनगर, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) सालीवाड़ा हेतु बालाजी वेयर हाउस गर्रा रोड कंजई, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) बढ़ैयाखेड़ा हेतु हरिओम वेयर हाउस गर्रा रोड कंजई, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) लाठगांव हेतु पद्मावती वेयर हाउस सूकरी कुंडा, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) खमरिया हेतु राव वेयर हाउस गर्रा रोड कंजई, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) उमरिया हेतु शैल वेयर हाउस श्रीनगर, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) करेलीकलां हेतु श्रीजी वेयर हाउस कुसीवाड़ा व उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) श्रीनगर हेतु अन्नपूर्णा वेयर हाउस श्रीनगर को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है। इसी तरह गाडरवारा तहसील के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) गोटीटोरिया, चारगांव केन्द्र क्रमांक एक हेतु मां गुर्जर वेयर हाउस जमाड़ा रोड 36, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) गोटीटोरिया, चारगांव केन्द्र क्रमांक 02 हेतु आदिशक्ति वेयर हाउस जमाड़ा रोड, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) नांदनेर हेतु मै. अंजली वेयर हाउस नांदनेर, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) खुर्सीपार हेतु शारदा वेयर हाउस पिठहेरा, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) आड़ेगांव हेतु तिरूपति वेयर हाउस खमरिया, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) छैनाकछार हेतु मेसर्स श्री सांई आशीष वेयर हाउस मगरमोहा चीचली रोड गाडरवारा, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) सिहोरा हेतु एमपी डब्ल्यूएलसी शासकीय गोदाम गाडरवारा, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) गाडरवारा केन्द्र क्रमांक एक हेतु एमपी डब्ल्यूएलसी शासकीय गोदाम गाडरवारा, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) गाडरवारा केन्द्र क्रमांक दो हेतु स्वामी वेयर हाउस कामती, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) करपगांव हेतु गुरू कृपा वेयर हाउस बटेसरा, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) इमलिया- सालीचौका केन्द्र क्रमांक एक हेतु सिद्धि वेयर हाउस सालीचौका, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) इमलिया- सालीचौका केन्द्र क्रमांक दो हेतु गर्भित वेयर हाउस सालीचौका, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) पनारी हेतु पूर्णिमा वेयर हाउस रहमा व उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) कौड़िया हेतु दिव्या वेयर हाउस ककरा रोड गाडरवारा को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है। सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) तूमड़ा केन्द्र क्रमांक एक हेतु मां नर्मदा वेयर हाउस झिकौली, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) तूमड़ा केन्द्र क्रमांक दो हेतु मां अन्नूपर्ण वेयर हाउस रमपुरा, उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) मड़गुला केन्द्र क्रमांक एक हेतु मां रेवा वेयर हाउस देवरी व उपार्जन केन्द्र संस्था बहुउद्देशीय सहकारी समिति (बी-पेक्स) मड़गुला केन्द्र क्रमांक दो हेतु आर. लक्ष्मण वेयर हाउस गरधा को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है।

# रामायण केंद्र द्वारा व्याख्यान एवं कवि सम्मेलन आयोजित



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** स्थानीय-भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत रामायण केन्द्र भोपाल मध्यप्रदेश जिला ईकाई नरसिंहपुर के पावन तत्त्वाधान में प्रभु श्रीराम पर केंद्रित रामचरित मानस और राम के जीवन आदर्श विषय पर व्याख्यान माला एवं आध्यात्मिक काव्य समारोह का आयोजन पी.जी.कालेज वर्चुअल कक्ष नरसिंहपुर में बहुत ही गरिमामय और भक्ति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।प्रथम सत्र में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रभु श्रीराम और माता सरस्वती का पूजन किया गया कवि कुंज बिहारी यादव द्वारा मां सरस्वती की मधुर वंदना के साथ कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमति भागवती देवी राय रामायणी ने प्रभु श्रीसीताराम जी के विवाह पर भाव मय रसपूर्ण कथा के साथ जीवन के आदर्श पर अपना व्याख्यान दिया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रि.सब इंजी.श्री एस एस पटेल द्वारा कार्यक्रम के विषय पर आधारित सारगर्भित व्याख्यान दिया गया।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आमंत्रित कवियों द्वारा प्रभु श्रीराम को समर्पित काव्य पाठ हुआ।जिसमें कवियित्री अनामिका चौकसे ने भूमिजा भूमि का मान है जानकी,राम है देह तो प्राण है जानकी। पंक्तियों से मां जानकी की महिमा प्रस्तुत की। करेली के कवि अमित जैन संजय ने अपने भाव कुछ यूं प्रकट किये नीति के पुजारी रहे,धर्म के विचारी रहे,मेरे श्रीराम जी। चीचली के ओज कवि विनीत नामदेव कहा चुभूँ पैरों में गद्दारों के,ऐसा शूल कर देना।भगत मुझको बनाना,या अवध की धूल कर देना। बरमान से आये कवि ध्यान सिंह कौरव ने उत्कृष्ट भाव प्रकट करते हुए पढ़ा राम राम रटते रहो दुख तुम्हें होगा नहीं।राम के सहारे कभी रहके तो देखिए। नरसिंहपुर के सुरीले कवि आशीष सोनी ने हृदय स्पर्शी भाव रखे कांटे बीने कंकड़ बीने,रस्ता हमने बुहारा है।पुष्प बिछाये हैं राहों में,स्वागत राम तुम्हारा है।कवि कुंज बिहारी यादव कुंजनने भरत की उत्कृष्ट भक्ति का गान करते हुए कहा राम से माँग कर राम की पादुका,ले चला शीश धर राम की पादुका।कार्यक्रम संयोजक और संचालन कर रहे कवि प्रोफेसर डा .गनेश कुमार सोनी ने राम नाम गुणगान करते हुए कहा सत्कर्मों से खिलता,जीवन का ये रूप है।मित्र भाव से बनता,सुन्दरता का प्रतिरूप है।अंतिम कवि के रूप में ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ कवि डॉ शंकर सहर्ष ने अपने भाव इस प्रकार रखे रगों रगों में खून राम का,राम दिलों की धड़कन है।जीव जीव में राम समाये,राम बिना क्या जीवन है।

कार्यक्रम में श्रीमति ज्योति तिवारी,श्रीमति शकुन नामदेव,श्रीमति भारती दीक्षित, नीलम मेहरा ओम मालवीय,श्री एस के चतुर्वेदी,एड.संदीप नेमा,राजेन्द्र राय,गणेश चतुर्वेदी,सी वी शर्मा,धन्नू लाल मेहरा,हनुमत सिंह ठाकुर,गंगाराम महाजन,गेंदालाल साहू,डा.महेश त्रिपाठी,रीतेश अग्रवाल,गुरू चरण तिवारी।की पावन उपस्थिति रही।आभार प्रर्दशन रामायण केन्द्र ईकाई नरसिंहपुर के अध्यक्ष प्रदीप नेमा ने किया।

# सहभागिता से सांईखेड़ा उमर सेठान घाट नदी में बनाया 300 बोरी बंधान



## बोरी बंधान से किसानों, नागरिकों व पशु- पक्षियों को मिलेगा भरपूर जल

नरसिंहपुर।

जिले में जल संचय अभियान के तहत नदी में बोरी बंधान कर बहते जल को रोककर उसका उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड सांईखेड़ा उमर सेठान घाट नदी में सहभागिता से 300 बोरी बंधान बनाया गया। बोरी बंधान के माध्यम से नदी में बहते पानी को रोका जाएगा।

पानी का ठहराव होने से किसानों, नागरिकों व पशु- पक्षियों को भरपूर पानी मिलेगा। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा, वृंदावन जन उत्थान समिति तूमड़ा के अध्यख श्री राकेश खेमरिया, सेंट्रल पब्लिक स्कूल सांईखेड़ा के विद्यार्थियों, श्री नितिन तिवारी, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम सांईखेड़ा के परामर्शदाता व विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि बोरी बंधान होने जाने से किसानों को सब्जी, बागवानी और फसलों की सिंचाई को पर्याप्त पानी मिल रहा है। इसके अलावा पशु- पक्षियों को भी पानी उपलब्ध हो रहा है।



# कलेक्टर ने निर्माणाधीन माईनिंग कालेज का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** कलेक्टर श्री गौरव बैनल के द्वारा आज तियरा में निर्माणाधीन माईनिंग कालेज का निरीक्षण किया। एवं चल रहे निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन एकेडमी बिल्डिंग, प्रशासनिक भवन, छात्रावास सहित पुस्तकालय का अवलोकन कर भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुयें संबंधित संविदाकार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लायें ताकि गुणवत्ता के साथ कालेज का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण किया जा सके। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य के प्रगति की जॉच करे तथा कार्य मे जितनी देरी हुई उसकी गणना कर संबंधित संविदाकार पर नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्यवाही करे। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को भी निर्देश दिए कि कार्य की लगातार मानीटरिंग करे तथा यह सुनिश्चित करे।

# लगभग 94 ग्राम स्मैक जप्त, कीमत 10 लाख 30 हजार

## लगभग 4 किलो 800 ग्राम गांजा कीमत लगभग 60 हजार रूपये

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थो की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जप्त किए जा रहे है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विगत सात दिनों में जिला नरसिंहपुर में अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जप्त किए गए है।

*अवैध मादक पदार्थ (स्मैक)94 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत ? 10 लाख 30 हजार अनुमानित)थाना ठेमी ने संतोष लोधी निवासी ग्राम तिंदनी, थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर, शिवराज उर्फ बंटी यादव निवासी ग्राम जमुनिया, थाना सुआतला, जिला नरसिंहपुर से 50.5 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत 6 लाख अनुमानित)जप्त की। थाना स्टेशनगंज के अतंर्गत तवर मेहरा निवासी ग्राम ढागीढाना, जिला नरसिंहपुर से मादक पदार्थ 8 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत ? 80 हजार अनुमानित) जप्त की। थाना गोटेगांव के अंतर्गत शरद तिवारी निवासी देवमुरलीधर



वार्ड, गोटेगांव जिला नरसिंहपुर। रिंकू चैबे निवासी गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर को गिरपतार कर15 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत ? 1.5 लाख अनुमानित)

थाना गाडरवारा के अंतर्गत घनश्याम उर्फ घंशू प्रजापति निवासी शास्त्री वार्ड गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर को गिरपतार 8.8 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत 90 हजार अनुमानित)जप्त की।

थाना तेन्दूखेडा के अंतर्गत देव उपाध्याय निवासी जिला सागर,आदित्य साहू निवासी जिला सागर से 11.7 ग्राम स्मैक (अंतर्राष्टीय बाजार में कीमत 1.10 लाख अनुमानित) जप्त की।

थाना करेली के अंतर्गत अनिल पटेल (काछी) निवासी जिला सागर से 1 किलो 500 ग्राम गांजा से जप्त की थाना कोतवाली नरसिंहपुर के अंतर्गत कमलेश सिंह ठाकुर निवासी झिरना मोहल्ला, कठोतिया, जिला नरसिंहपुर को गिरपतार कर1 किलो 200 ग्राम गांजा जप्त की। थाना सांईखेडा के अंतर्गत घनश्याम विश्वकर्मा निवासी कामती, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर से 800 ग्राम गांजा *थाना गाडरवारा,विमलेश ओझा निवासी ग्राम खला, थाना डोंगरगांव, जिला नरसिंहपुर से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई।इसी प्रकार नरसिंहपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध ताबडतोड़ कार्यवाही करते हुए लगभग 58 लीटर अंग्रेजी, 283 लीटर देशी एवं 659 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 1000 हजार लीटर अवैध शराब जप्त। (कीमत ? 2 लाख अनुमानित) जप्त कर 122 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के कार्यवाही की गयी है।

## नरसिंहपुर पुलिस की आमजन से अपील

हमारी प्राथमिकता युवा पीढ़ी को नशे से बचाना है। मादक पदार्थों की अवैध गतिविधियों की जानकारी हो, तो कृपया तुरंत निकटतम थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। अपने बच्चों एवं आसपास पर भी रखे नजर।






# खेल प्रतिभाओं को मिलेगा मंच ताकि वे देश के लिये खेल सकें

## केन्द्रीय मंत्री ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल मैदान फारेस्टर मैदान में सांसद खेल महोत्सव का केन्द्रीय सूचना प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल मुरूगन के मुख्य आतिथ्य, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के विशेष आतिथ्य और सांसद विष्णुदा शर्मा के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव का आगाज हुआ। केन्द्रीय मंत्री एल मुरूगन ने कहा कि खेल महोत्सव में 75 हजार युवाओं ने पंजीयन कराया है। जो किसी भी संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक है। उन्होंने इस महोत्सव में प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि खेलो इंडिया के माध्यम से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन गांव-गांव की युवा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा। सांसद व्हीडी शर्मा ने कहा कि खेल महोत्सव में लगभग 75 हजार खिलाड़ियों का पंजीयन किया जा चुका है। खेलो इंडिया के तहत कटनी से प्रारंभ हो रहे खजुराहो लोकसभा के सांसद खेल महोत्सव में गांव-गांव के खिलाड़ियों की सहभागिता के प्रयास किये जाएंगे। ताकि वे अपने खेल का प्रदर्शन कर खेल प्रतिभा को निखार सकें। विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप सांसद खेल महोत्सव में अनेक खेलों को शामिल किया गया है। पूर्व में भी कटनी में इसी फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से राज्य व राष्ट्रीय स्तयर पर खिलाड़ियों को प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि फारेस्टर प्लेग्राउंड में निर्माणाधीन स्टेडियम में अत्याधुनिक एस्ट्रो टर्फ, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट व लॉन टेनिस कोर्ट बन रहा है। जिससे यहां एक साथ 12 प्रकार के खेलों का आयोजन हो सकेगा। इस अवसर पर विधायक प्रणय पांडेय, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, अरविंद पटेरिया, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रहलाद लोधी, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी केदार जाधव, अंतर्राष्ट्रीय तैराक सत्येन्द्र सिंह लोहिया, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, एसपी अभिनय विश्वकर्मा, सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, आयुक्त तपस्या परिहार, पूर्व विधायक अलका जैन, पीताम्बर टोपनानी, रामरतन पायल, रामचंद तिवारी, चमनलाल आनंद, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिकों सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।

***कबड्डी, कुश्ती, बॉलीबॉल से प्रतियोगिताओं की शुरुआत***- अतिथियों ने महिला कबड्डी मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया। इसके बाद कुश्ती एवं महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह ने दर्शकों का मन मोह लिया। रस्साखींच प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा रस्सा खींचकर किया गया। जनप्रतिनिधियों की टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसे देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे।

***वरिष्ठ खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों का सम्मान***- कार्यक्रम में कटनी की प्रतिष्ठित खेल प्रतिभाओं, वरिष्ठ खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों एवं महोत्सव में विशेष भूमिका निभाने वाले सहयोगियों का सम्मान किया गया। संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने तथा आभार प्रदर्शन लोकसभा संयोजक सुशील त्रिपाठी ने किया।

## श्री संकर्षण सेवा समिति करेगी श्री नारायण आश्रम के निर्माण का कार्य: डॉ. बदरी प्रपन्नाचार्य महाराज



कटनी (स्वतंत्रमत)

13 नवंबर दिन गुरुवार को ग्राम कैलवारा खुर्द में स्थित भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी के मंदिर में श्री राजगुरु आचार्य आश्रम के श्री श्री 1008 डॉक्टर बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज जी के सानिध्य में जिले के समस्त शिष्यों की एक वृहद बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें श्री गुरुदेव स्वामी जी महराज ने सभी शिष्यों की सहमति से जबलपुर कटनी बायपास में आश्रम की भूमि पर बनने वाले मंदिर एवं आश्रम के निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया की उक्त भूमि पर बनने वाले आश्रम का नाम श्री नारायण आश्रम रखा जाएगा इसके निर्माण से संबंधित संचालन समिति का नाम संकर्षण सेवा समिति रखा गया। जिसमें समिति के श्री राजगुरु आचार्य आश्रम नयागांव चित्रकूट के तत्वाधान में कटनी जबलपुर बाईपास पर स्थित आश्रम की भूमि पर श्री संकर्षण सेवा समिति श्री नारायण आश्रम का निर्माण कार्य करेगी। समिति इस प्रकार से है संरक्षक श्री विनोद मिश्रा, अध्यक्ष श्री 1008स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य महाराज, उपाध्यक्ष प्रीतेश बिलैया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मोहन सहसंयोजक राजेश तिवारी, संयोजक रामचंद्र झुडेले, सचिव निर्मल ताम्रकार, सहसचिव चंद्रिका प्रसाद गर्ग, मीडिया प्रभारी हितेश बिलैया, निर्माण समिति वीरेन्द्र मैनी बिट्टू, सुनील द्विवेदी, विपिन दुबे, मंदिर व्यवस्था समिति भरत तिवारी, विष्णु दुबे, अमित शुक्ला, प्रमोद दुबे, संदीप दुबे, प्रचार प्रसार व्यवस्था, धन प्रबंधन समिति श्रीकांत दुबे, मनोज तिवारी, विजय ठाकुर, बब्लू गौतम, ललित सोनी, गिरीश सरावगी, नारायण अग्रवाल, अनिल बिलथरिया, केशव पाठक, उमेश नोगरहिया, तीरथ साहू, मोहन अग्रवाल अमित सोनी, भूषण पाठक एवं अन्य शिष्य मंडल। बैठक में बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही सभी सदस्यों में आश्रम निर्माण के लिए बढ़चढ़ कर सहयोग दिया। निर्माण समिति से मिली जानकारी के अनुसार शीघ्र ही स्वामी जी से भूमि पूजन की तिथि का निर्धारण होगा भूमि पूजन के साथ ही आश्रम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। बैठक में श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पुजारी सुरेंद्र दुबे के साथ ही मुन्ना लाल बिलैया, केशव पाठक, रामू दुबे, नीरज दुबे, मोनू दुबे, वीरेन्द्र चौबे, चंद्रिका चौबे, संत चौबे, महंत चौबे, अनुराग निखरा, संतोष निखरा, कृष्ण कुमार निखरा, शुभम जार, सुरेंद्र दुबे, सुरेन्द्र मोहन मिश्रा, जगदीश नौग्रहिया, अजय तिवारी, बाबा तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी, आशीष दुबे एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं शिष्यों के उपस्थिति रही। अंत में आचार्य आश्रम से आए सुनील शास्त्री एवं भूपेश शास्त्री ने सभी का आभार के साथ ही बैठक का समापन किया।



## श्रीराम जानकी विवाह उत्सव 2025 त्रिसोलिया निवास में बड़ी धूमधाम से मनाया गया

कटनी (स्वतंत्रमत)

हमारे आराध्य श्रीराम एवं माता जानकी का विवाह विवाह पंचमी के शुभ दिन विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति कटनी एवं अखिल भारतीय गहोई महिला महासभा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष उमरानी त्रिसोलिया के निवास स्थान जलपादेवी वार्ड, कटनी में श्री राम जानकी विवाह उत्सव के रूप में हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। लगातार 31 वर्षों से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है यह 32वां अवसर है जिसमें रामजी की बारात ढोल नगाड़ों भजनों के साथ धूमधाम से निकाली गई जिसमें वरिष्ठ जन, आत्मीय जन, मातृ शक्ति, राम भक्त बंधु सम्मिलित हुए। त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत मगरमाटी, हल्दी, मेहंदी, लगुन, विवाह की सभी रस्म विदाई, रामायण कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण के साथ, पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में अखंड भारत हिंदू राष्ट्र संगठन जिला कटनी पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे। सभी राम भक्तों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

## खेल महोत्सव में बच्चों का बढ़ चढ़कर दिख रहा उत्साह



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव विगत कुछ दिवस पहले प्रारंभ हो चुका है। विद्यालय की छात्र-छात्राओं की सहभागिता पूर्ण उत्साह के साथ देखने को मिल रही है। विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन जैसे फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, लॉन्ग टेनिस, बैडमिंटन लॉन्ग जंपिंग आदि खेल जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और उनके उत्साह वर्धन के लिए विद्यालय की प्राचार्या एवं उपप्राचार्या ने निरंतर उनके खेल की सराहना की एवं उनके मनोबल को बढ़ाया। जीवन में निरंतर उन्हें ऐसा ही प्रदर्शन करने और आगे बढ़ाने की शुभ आशीष दी। विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और इसके साथ ही सकारात्मक सोच का विकास होता है इसलिए विद्यालय निरंतर उनके विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है और उनके उज्जवल भविष्य की निरंतर प्रगति के लिए प्रयासरत है।

## कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस धूमधाम से मना

कटनी (स्वतंत्रमत)

भारत के संविधान के निर्माण और अंगीकरण की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मनाया जाने वाला संविधान दिवस शासकीय कन्या महाविद्यालय में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार राजनीति विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य थीम भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने सभी उपस्थित प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कार्यालय स्टॉफ तथा छात्राओं के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान पूरे सभागार में हम भारत के लोग की गूंज सुनाई दी, जिसने सभी को संविधान के प्रति निष्ठा और गर्व का भाव जगाया। उद्घाटन संबोधन में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि भारतीय संविधान



विश्व का सबसे जीवंत और वृहद् लिखित संविधान है, जो हमें समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प देता है। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संविधान सभा के अन्य सदस्यों के योगदान को याद करते हुए कहा कि यह संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय गणतंत्र की आत्मा है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. विमला मिंज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब युवा पीढ़ी संविधान के मूल्यों को हृदय से अपनाए। उन्होंने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन पर बल देते हुए छात्राओं से संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा रखने का आह्वान किया। प्रस्तावना वाचन के पश्चात् दो रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पहली थी भारतीय संविधान प्रश्नमंच प्रतियोगिता जिसमें छात्राओं ने संविधान की विभिन्न धाराओं, अनुच्छेदों और संशोधनों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिए। परिणाम इस प्रकार रहे:- प्रथम स्थान आंकाक्षा जायसवाल, द्वितीय स्थान संध्या पटेल, तृतीय स्थान साक्षी चौधरी दूसरी प्रतियोगिता मौलिक अधिकारों पर स्लोगन प्रतियोगिता थी, जिसमें छात्राओं ने रचनात्मक और प्रेरक स्लोगन प्रस्तुत किए। परिणाम इस प्रकार रहे:- प्रथम स्थान सोनम पटेल, द्वितीय स्थान पूजा कोरी, तृतीय स्थान सोनम ठाकुर विजेताओं को प्राचार्य और प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की समिति सदस्यों डॉ. रोशनी पाण्डेय, प्रियंका सोनी, स्मृति दहायत, सृष्टि श्रीवास्तव, आंजनेय तिवारी, डॉ. मदन सिंह मरावी तथा मीनाक्षी वर्मा का विशेष योगदान रहा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, के.जे. सिन्हा, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, मिथलेश्वरी, शिल्पी कुमारी सिंह, नागेंद्र यादव, डॉ. अशुतोष द्विवेदी, डॉ. अनिल द्विवेदी, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, नम्रता निगम, डॉ. सोनिया कश्यप, आरती वर्मा, श्वेता कोरी, देववती चक्रवर्ती, रत्नेश कुशवाहा, डॉ. वंदना चौहान, पूनम गर्ग तथा सुषमा वर्मा सहित कई अन्य शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जेपीवी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया मुकुंदपुर चिड़ियाघर का शैक्षिक भ्रमण

कटनी (स्वतंत्रमत)

जेपीवी डीएवी विद्यालय के कक्षा तीसरी एवं चौथी के विद्यार्थियों ने मुकुंदपुर चिड़ियाघर का अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक शैक्षिक भ्रमण किया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थी 24 नवंबर 2025 को प्रात: 8:30 पर विद्यालय की बसों द्वारा मुकुंदपुर के लिए प्रस्थान हुए। इस यात्रा में उनके साथ विद्यालय की शिक्षिका मणि निगम, प्रांशुल जैन तथा रूपाली शुक्ला का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। कक्षा चौथी के विद्यार्थी 25 नवंबर 2025 को मुकुंदपुर पहुँचे। इस भ्रमण की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एस.के. सिन्हा द्वारा की गई। मुकुंदपुर चिड़ियाघर में विद्यार्थियों ने विभिन्न दुर्लभ एवं आकर्षक प्राणियों- टाइगर, चीता, भालूए बारहसिंगा आदि को निकट से देखा। तितली पार्क में विभिन्न रंग-बिरंगी तितलियों एवं पुष्पों की सुंदरता ने बच्चों को अत्यंत प्रभावित किया। पंछी पार्क में विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के पक्षियों एवं बत्तखों का अवलोकन किया। वन भ्रमण के दौरान प्रकृति, पेड-पौधों और जीव-जंतुओं के बारे में बच्चों ने महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने के बाद विद्यार्थियों ने बसों से ही सफेद बाघ व अन्य वन्य जीवों का अवलोकन किया, जो इस भ्रमण का मुख्य आकर्षण रहा।

## बच्चों के शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है: आउट डोर गतिविधि

कटनी (स्वतंत्रमत)

सनशाइन एकेडमी रायवाड़ा में बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी के लिए डीपीएस ले जाया गया जहां उनको स्केटिंग और ताइक्कांडो जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चे इन गतिविधियों को करते समय बहुत ही उत्साहित नजर आए और उन्होंने इन गतिविधियों का बहुत ही आनंद लियास शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें स्केटिंग और ताइक्कांडो जैसी गतिविधियों को पूरा करने में उनका प्रशिक्षण किया। स्केटिंग बच्चों को संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करता है वही ताइक्कांडो बच्चों में शारीरिक फिटनेस आत्मरक्षक कौशल और मानसिक अनुशासन को बढ़ावा देती है। इन गतिविधियों के दौरान स्कूल के निर्देशिका जूही जैन ने कहां की इस तरह की गतिविधियां स्कूल में बहुत आवश्यक है क्योंकि इससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ ही स्कूल की वाइस प्रिंसिपल शबनम अख्तर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कीस इस गतिविधि के दौरान ट्रैफिक टीआई राहुल पाण्डेय जी ने बच्चों को समझाया कि अध्ययन के साथ साथ खेल का भी हमारे जीवन में महत्त्व होता है इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को यातायात के नियमों से भी अवगत कराया।

## बसाडी संकुल में अर्जित अवकाश के नाम पर करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप

### कलेक्टर से लिखित शिकायत

कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बसाडी संकुल में अर्जित अवकाश के भुगतान में करोड़ों रुपये के हेराफेरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक प्रधान अध्यापक के पुत्र ने जिला कलेक्टर के नाम लिखित शिकायत पेश करते हुए इस विशाल वित्तीय अनियमितता की तत्काल और उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। शासकीय प्राथमिक शाला बहेड़ीकला में प्रधान अध्यापक के पद पर कार्यरत रहे स्वर्गीय कुशल प्रसाद सिंह के पुत्र राघवेंद्र सिंह, ने मंगलवार को कलेक्ट कार्यालय पहुंचकर



कलेक्टर के नाम एक शिकायत सौंपी जिसमें राघवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उनके पिता, कुशल सिंह, की 21 अगस्त 2021 को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। नियमानुसार, उन्होंने पिता के अर्जित अवकाश की बकाया राशि के भुगतान के लिए बसाडी संकुल में आवेदन किया। मेरा आवेदन संकुल बसाडी द्वारा अपात्र होने का हवाला देते हुए पहले खारिज कर दिया गया था। जब मैंने इस मामले की शिकायत की, तो 17 अक्टूबर 2025 को पत्र जारी करते हुए संकुल प्राचार्य द्वारा अर्जित अवकाश देने की अनुशंसा कर दी गई। लेकिन इसके बावजूद, मुझे फिर से अपात्र घोषित करते हुए अर्जित अवकाश का लाभ नहीं दिया जा रहा है। फरियादी ने यह भी बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, उनके मुताबिक उस पर भी गलत जानकारी देकर शिकायत को जानबूझकर बंद कर दिया गया

***करोड़ों की अनियमितता का चौंकाने वाला खुलासा***- राघवेंद्र सिंह ने अपनी शिकायत में एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए दावा किया है कि बसाडी संकुल में अर्जित अवकाश के नाम पर करोड़ों रुपये की बड़ी गड़बड़ी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया 15 से 20 शिक्षकों के अर्जित अवकाश का बिल बिना किसी वरिष्ठ अधिकारी के अनुशंसा आदेश पत्र के ही नियम विरुद्ध तरीके से पास कर दिया गया। यहां तक कि पैरालाइज्ड शिक्षकों को भी अर्जित अवकाश की राशि प्रदान की गई है, जो नियमों के विरुद्ध है। राघवेंद्र सिंह ने दावा किया है कि वह इन गंभीर अनियमितताओं को लेकर लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कलेक्टर से इस करोड़ों रुपये के घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करवाने और दोषी संकुल कर्मचारियों व अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। इस संबंध मे शिवमंगल सिंह बीईओ बड़वारा का कहना है कि यहां से बिल बनाकर भेज दिया गया है ट्रेजरी से आपत्ति आई है सक्षम अधिकारी की अनुसार सा मांगी गई है इस वजह से उनका अर्जित अवकाश की राशि रुकी हुई है।

# दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत

## भारत का टेस्ट सीरीज में किया सुपड़ा साफ

गुवाहाटी (वार्ता)




साइमन हार्मर (छह विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन बुधवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 63.5 आवर में 140 रन पर ढ़ेर कर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो मैचों की सीरीज भी 2-0 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले हार्मर की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत का चायकाल के समय तक 90 के स्कोर पर पांच विकेट कर दिया था।

चायकाल के बाद भारत का छठा विकेट साई सुदर्शन के रूप में गिरा। उन्होंने 139 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाये। वॉशिंगटन सुदंर 44 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुये। 62वां ओवर कर रहे केशव महाराज की पहली गेंद पर छक्का लगाकर रवींद्र जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अगले ही ओवर में हार्मर, नीतीश कुमार रेड्डी को बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटा दिया। इसी के साथ छठी सफलता हार्मर के नाम रहीं। 64वें ओवर की पहली गेंद पर केशव महाराज ने रवींद्र जडेजा को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। रवींद्र जडेजा ने 87 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 54 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर महाराज ने को आउटकर 140 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया।


पहले टेस्ट में टेम्बा बवुमा ने अर्धशतकीय पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई तो वहीं गुवाहाटी टेस्ट में पारी लड़खड़ाने के बाद मुथुसामी और यानसन ने दक्षिण अफ्रीका को एक बड़े स्कोर पर पहुंचा और दोनों ही मैचों में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजो विशेषकर यानसन और हार्मर ने भारतीय बल्लेबाज़ों की नाक में दम कर रख दिया और एक ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत हासिल कर ली।न्यूजीलैंड के बाद अब दक्षिण अफ्रीका ने भारत का घर पर सूपड़ा साफ कर दिया। हार्मर ने भारत में दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे अधिक टेस्ट विकेट लिए हैं, उन्होंने डेल स्टेन को पीछे छोड़ दिया है । बिना कोई टेस्ट हारे कप्तान के तौर पर सबसे अधिक टेस्ट जीत - बावुमा 12 मैचों में 11 जीत के साथ सबसे आगे हैं, वह माइक ब्लेयरली के साथ थे जिन्होंने इससे पहले 15 में से 10 जीत हासिल की थीं।

दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने 23 ओवर में 37 रन देकर छह विकेट लिये। केशव महाराज को दो विकेट मिले। सेनुरन मुतुसामी और मार्को यानसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पूर्व भारत ने आज सुबह कल के 27 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। पहले सत्र की शुरुआत में 24वें ओवर में साइमन हार्मर ने कुलदीप यादव (पांच) को बोल्ड कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने ध्रुव जुरेल (दो) को एडन मारक्रम के हाथों कैच आउट भारत के मैच ड्रा कराने की उम्मीदों को करारा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान ऋषभ पंत ने साई सुदर्शन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया और इसी दौरान एक चौका और एक छ्क्का लगाते हुए तेज शुरुआत का संकेत भी दिया।

32वें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्मर ने पंत को मारक्रम के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवां झटका दिया। पंत ने 16 गेंदों मे 13 रन बनाये। कुछ देर पिच पर जमने के बाद रवींद्र जडेजा ने भी हाथ खोला और 43वां शुरु कर रहे केशव महाराज की पहली ही गेंद छक्का जड़ा दिया। भारत ने चायकाल तक पांच विकेट पर 90 रन बनाये और साई सुदर्शन 138 गेंदों में (14) तथा रवींद्र जडेजा 40 गेंदों में (30) मैच बचाने के लिए संघर्ष करते दिखे।

# 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी करेगा अहमदाबाद

ग्लासगो (वार्ता)



वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेल अहमदाबाद में होंगे। राष्ट्रमंडल के 74 सदस्य देशों ने बुधवार को इन खेलों की मेज़बानी के लिए अहमदाबाद के नाम पर आधिकारिक तौर पर मुहर लगा दी। राष्ट्रमंडल खेलों की महासभा की बैठक में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इन खेलों के लिये अहमदाबाद में मेजबानी के लिए भारत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष में इन खेलों के आयोजन के लिए अहमदाबाद के नाम पर मुहर लगते ही गरबा नर्तकों के नृत्य और ढोल वादकों की प्रस्तुति से महासभा का सभागार गूंज उठा। राष्ट्रमंडल खेलों के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने इस अवसर पर कहा, यह कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के लिए एक नये स्वर्णिम युग की शुरुआत है। 'गेम्स रिसेट' के बाद, हम कॉमनवेल्थ की 74 टीमों का स्वागत करने के लिए शानदार फॉर्म में ग्लासगो 2026 के लिए रवाना होंगे और उसके बाद कॉमनवेल्थ खेलों के विशेष शताब्दी संस्करण के लिए अहमदाबाद 2030 पर अपनी नज़रें गड़ाएंगे। उन्होंने कहा,भारत अपने साथ विशालता, युवा ऊर्जा, महत्वाकांक्षा, समृद्ध संस्कृति, अपार खेल जुनून और प्रासंगिकता लेकर आता है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2034 और उसके बाद के खेलों की मेज़बानी के लिए कई देशों ने गहरी रुचि दिखाई है। हम कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अपनी अगली शताब्दी की शुरुआत बहुत अच्छी कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्रमंडल खेल संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा दिखाये गये विश्वास से हम बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 2030 के खेल न केवल राष्ट्रमंडल आंदोलन के सौ साल पूरे होने का जश्न मनाएंगे, बल्कि अगली सदी की नींव भी रखेंगे। ये खेल पूरे राष्ट्रमंडल के एथलीटों, समुदायों और संस्कृतियों को मित्रता और प्रगति की भावना से एक साथ लाएंगे।

# टीम अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रही हैः सूर्यकुमार




मुंबई (वार्ता)

भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए राष्ट्रीय टीम की अगुवाई को लेकर उत्साहित हैं। खास कार्यक्रम के दौरान सूर्यकुमार ने कहा, मेरा मतलब है, उस टी-20 विश्वकप में जाना एक बड़ी चुनौती है। मैं इस बार टीम का नेतृत्व करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्वकप 2024 में भारत की जीत को याद करते हुए कहा, मुझे उस ट्रॉफी को देखकर बहुत मोटिवेशन मिलता है। जब हम वेस्ट इंडीज (2024 इवेंट के को-होस्ट) पहुंचे और हर बार जब हमारा राष्ट्र गान बजाया जाता था तो हमारी नजर इस सिल्वरवेयर पर होती थी। हर बार। क्रिकेटर ने आगे कहा, हमने सोचा है कि जैसे ही हम फाइनल आये, हमें यह ट्रॉफी जीतनी है। और इसे फिर से करीब से देखने के बाद, इससे मुझे बहुत मोटिवेशन मिलता है। वह भी भारत में खेलते हुए मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होने वाला है। उन्होंने कहा कि लड़के बहुत उत्साहित हैं। हर कोई टी-20 विश्व कप में जाने वाली इस टीम का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्सुक है। मैंने बहुत सारे अनुभव शेयर किए हैं। मैं 2023 में एक शानदार टीम का हिस्सा था, जब हमने भारत में एकदिवसीय विश्व कप खेला था। माहौल बिल्कुल अलग था। मैंने उनसे कहा है कि यह बिल्कुल अलग गेम है। हां, फैंस वैसे ही होंगे (टर्नआउट में), जैसा आप फ्रेंचाइजी क्रिकेट में देखते हैं, लेकिन जब भारत आता है, जब आप देश के लिए खेलते हैं, तो इसका इमोशन बिल्कुल अलग होता है। इसलिए वे बहुत उत्साहित हैं। हम एक अलग तरह का क्रिकेट खेलने की कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है, हम वर्ल्ड कप में भी यही करते रहेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी 2026 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ करेगा।



## जोकोविच शीर्ष चार में एक साल पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**लंदन (वार्ता)।** सर्बिया के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एटीपी रैंकिंग के इतिहास में शीर्ष चार में एक साल पूरा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। 38 साल और पांच महीने की उम्र में सर्बिया महान खिलाड़ी जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष चार में 2025 सीजन का समापन किया। इसी के साथ उन्होंने एटीपी रैंकिंग के इतिहास में सबसे अधिक टॉप चार फिनिश के लिए रोजर फेडरर और राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व नंबर वन जाकोविच ने वर्ष 2025 का समापन नंबर चार पर किया। जोकोविच ऐसा करने वाले 14 खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने अब यह दूसरी सबसे ज़्यादा बार किया है, कॉनर्स और नडाल को पीछे छोड़ दिया है और केवल फेडरर से पीछे हैं। एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) की 17 नवंबर को जारी रैंकिंग में जोकोविच चौथे स्थान पर थे।

# हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिएः गौतम गंभीर



**गुवाहाटी (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से सीरीज हार के बाद आलोचनाओं के बीच कहा कि इस हार की जिम्मेदारी सभी को लेनी चाहिए। आज यहां दूसरे टेस्ट में भारत की 408 रन से हार के बाद उनके भविष्य को लेकर गंभीर ने कहा, यह बीसीसीआई को तय करना है। मैंने पहले भी यह कहा है, भारतीय क्रिकेट जरूरी है, मैं जरूरी नहीं हूं। मैं वही आदमी हूं जिसने इंग्लैंड में नतीजे हासिल किए, चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीता। यह एक ऐसी टीम है जो सीख रही है। हार को सबकी कमियों बताते हुए गंभीर ने कहा कि तीसरे दिन भारत का 95/1 से 122/7 पर आना और मजबूत एग्जिक्यूशन की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने कहा, गलती सबकी है, सबसे पहले मैं। 95/1 से 122/7 तक जाना मंजूर नहीं है। आप किसी एक इंसान या किसी खास शॉट को दोष नहीं दे सकते। गलती सबकी है। मैंने कभी किसी एक इंसान को दोष नहीं दिया और आगे भी ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए आपको सबसे तेज़-तर्रार और टैलेंटेड क्रिकेटरों की आवश्यकता नहीं है। हमें कम स्किल वाले मजबूत लोगों की जरूरत है। वे अच्छे टेस्ट क्रिकेटर बनते हैं। उन्होंने पूरे देश में रेड-बॉल क्रिकेट को प्राथमिकता देने में बदलाव लाने की अपील करते हुए कहा, च्अगर आप सच में टेस्ट क्रिकेट को लेकर सीरियस हैं, तो टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देना शुरू करें। सबके प्रयास की जरूरत है। आप केवल खिलाड़ियों या किसी खास इंसान को दोष नहीं दे सकते। वहीं भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच श्रीकांत ने गंभीर पर बहुत अधिक प्रयोगज्ज करने का आरोप लगाया और कहा कि चयन में लगातार बदलाव से टीम की स्टेबिलिटी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर भले ही बदलावों को 'ट्रायल एंड एरर' कहें, लेकिन उनका अपना अनुभव बताता है कि कंसिस्टेंसी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता, खासकर उस टीम में जो अब अपने पिछले 18 टेस्ट में से नौ हार चुकी है, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ़ घरेलू मैच में क्लीन स्वीप भी शामिल है। श्रीकांत ने ऑलराउंडर्स की ओर बढ़ते झुकाव की आलोचना की - हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी के पर्दापण और सरफराज खान, साई सुदर्शन और कुलदीप यादव के लिए कम मौकों का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में वाशिंगटन सुंदर के नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने और फिर नीचे भेजे जाने जैसे पोजिशनल बदलावों पर भी सवाल उठाए। श्रीकांत नीतीश रेड्डी के सिलेक्शन को लेकर खास तौर पर नाराज थे, उन्होंने एक ऑल-राउंडर के तौर पर उनकी काबिलियत पर सवाल उठाया और पूछा कि उन्हें हार्दिक पांड्या की जगह कैसे लिया जा सकता है।

# गेहूं में टिकाव- चीनी, दालें मजबूत-तेलों में घट-बढ़

नयी दिल्ली,(वार्ता)



दिल्ली थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चावल के साथ गेहूं में भी टिकाव रहा। आवक कम रहने से चीनी और दालों के दाम चढ़ गये जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.72 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं भी 2,857.42 रुपये पर कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहा। आटे की कीमत भी लगभग स्थिर रही। दालों में मजबूती रही। मूंग दाल भी 25 रुपये और मसूर दाल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का भाव चार रुपये और चना दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। उड़द दाल की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 32 रिंगिट चढ़कर 4,022 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50.86 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 39 रुपये और सरसों तेल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। अन्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल के भाव 42 रुपये और सूरजमुखी तेल के चार रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गये। वनस्पति 54 रुपये और पाम ऑयल 14 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। चीनी भी तीन रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई।दाल चना 7884.82 रुपये, मसूर काली 8177.93 रुपये, मूंग दाल 10123.08 रुपये, उड़द दाल 10371.47 रुपये, तूअर दाल 10623.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.42 रुपये और चावल 3854.72 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3308.46 प्रति क्विंटल। चीनी एस 4326.21 रुपये और गुड़ 4997.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17653.91 रुपये, मूंगफली तेल 17729.02 रुपये, सूरजमुखी तेल 15695.76 रुपये, सोया तेल 13780.51 रुपये, पाम ऑयल 12471.72 रुपये और वनस्पति 14494.11 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# बजाज ऑटो ने पेश किया नया ई-रिक्शा

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश की अग्रणी तिपहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने बुधवार को दो नये इलेक्ट्रिक उत्पाद भारतीय बाजार में पेश किये। बजाज ऑटो लिमिटेड के इंट्रा सिटी कारोबार इकाई के अध्यक्ष समरदीप सुबंध ने यहां एक कार्यक्रम में बजाज रिकी ई-रिक्शा और बजाज रिकी ई-कार्ट पेश करते हुए कहा कि ये अपनी श्रेणी में बाजार में अब तक उपलब्ध दूसरे उत्पादों की तुलना में ज्यादा माइलेज देते हैं और संतुलन, मजबूती तथा परिचलान खर्च के मामले में सबसे बढ़िया हैं। रिकी ई-रिक्शा पी4005 की एक्स-शोरूम कीमत 1,90,890 रुपये और ई-कार्ट सी4005 की 2,00,879 रुपये रखी गयी है। उन्होंने बताया कि भारतीय जरूरतों के हिसाब से और ई-रिक्शा चलाकों की समस्याएं जानने के बाद दोनों उत्पाद बनाये गये हैं। रिकी ई-रिक्शा एक बार चार्ज करने पर 149 किलोमीटर चलाता है जो आम ई-रिक्शा की तुलना में 40-45 प्रतिशत अधिक है। इसमें 5.4 किलोवाट की लीथियम आयरन फॉस्फेट (एलएफपी) बैट्री है जो 4.5 घंटे में पूरी तरह चार्ज होती है। इसमें मोनोकोक चेसीस, हाइड्रॉलिक ब्रेकिंग और इनडेपेंडेंट सस्पेंशन भी है। देश के चार शहरों पटना, गुवाहाटी, रायपुर और मुरादाबाद में पायलट आधार पर इसे ई-रिक्शा चालकों को दिया गया था और उनके फीडबैक के बाद इसे अब 25 शहरों में पेश किया जा रहा है। श्री सुबंध ने बताया कि अगले साल मार्च तक देश के लगभग सभी बाजारों में इसे पेश कर दिया जायेगा। ये शहर उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम में होंगे।

# बीओबीकार्ड ने पेश किया कैशबैक क्रेडिट कार्ड

नयी दिल्ली,(वार्ता)




बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बीओबीकार्ड ने बुधवार को अपने नये कैशबैक क्रेडिट कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह क्रेडिट कार्ड 49 रुपये मासिक या 499 रुपये वार्षिक शुल्क पर उपलब्ध होगा। उसने बताया कि इस कार्ड का कैशबैक स्ट्रक्चर काफी सीधा और स्पष्ट है। ऑनलाइन तथा ऑनलाइन दोनों प्लेटफॉर्मों पर इस्तेमाल में ग्राहक को कैशबैक का लाभ मिलता है। यह कार्ड ऐसे समय में पेश किया गया है जब ग्राहक किराना, यूटिलिटी, परिवहन, ऑनलाइन शॉपिंग और लाइफस्टाइल खर्चों के लिए डिजिटल भुगतान पर तेजी से निर्भर हो रहे हैं। कैशबैक की अर्हता को पूरा करने वाले हर ऑनलाइन लेनदेन पर पांच प्रतिशत कैशबैक मिलता है जबकि अन्य सभी लेनदेन पर एक प्रतिशत फ्लैट कैशबैक मिलेगा। ईंधन के लिए खर्चों पर एक प्रतिशत सरचार्ज वेवर और छह से 48 महीने तक की स्मार्ट ईएमआई की सुविधा उपलब्ध है, जिससे दैनिक खरीदारों को किफायती भुगतान विकल्प मिलते हैं। बीओबीकार्ड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवींद्र राय ने कहा कि कैशबैक क्रेडिट कार्ड ऐसे नवोन्मेषी क्रेडिट समाधान प्रदान करता है जो आज के ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करें। ग्राहक इस क्रेडिट कार्ड के लिए बीओबी कार्ड के डीआईवाई (डू-इट-योरसेल्फ) प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पूरी आवेदन प्रक्रिया डिजिटल होती है, जिससे आवेदकों को एक सुविधाजनक और निर्बाध अनुभव मिलता है।

## इंद्रजाल ने पेश किया देश का पहला एंटी ड्रोन पेट्रोल व्हीकल

**हैदराबाद (वार्ता)।** काउंटर-ड्रोन एवं एयर डिफेंस प्रौद्योगिकी कंपनी इंद्रजाल ड्रोन डिफेंस ने बुधवार को देश का पहला एंटी ड्रोन पेट्रोल व्हीकल (एडीपीवी) लॉन्च किया जो सीमा पार से आने वाले ड्रोनों को मार गिराने में सक्षम होगा। यह पूरी तरह से मोबाइल एआई से लैस काउंटर ड्रोन सिस्टम है जो ड्रोन हमलों से बचाव के देश के तौर-तरीकों को बदलने की क्षमता रखता है। आज दुनिया में युद्ध के दौरान बढ़ते ड्रोन के इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। सीमा पार से आतंकवादी संगठन भी ड्रोन का इस्तेमाल हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के लिए करते हैं। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मौजूदा समय में एंटी-ड्रोन उपकरण वाहनों पर अलग से लगाये जाते हैं जो तभी काम करते हैं जब वाहन अपनी जगह पर स्थिर हो। वहीं, इंद्रजाल का एडीपीवी चलते हुए भी ड्रोन का पता लगा सकता है, एआई की मदद से खतरे का आंकलन कर सकता है और तुरंत उसे मारकर गिरा सकता है।

# शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी सेंसेक्स 1022 अंक उछला




**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त तेजी देखी गयी और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1022.50 अंक (1.21) प्रतिशत उछलकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 320.50 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 26,205.30 अंक पर पहुंच गया। लगातार तीन कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बाजार में रौनक लौटी है। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच दोनों प्रमुख सूचकांक आज गिरावट में खुले, लेकिन खुलते ही हरे निशान में चले गये। बीच कारोबार में सेंसेक्स 85,644.19 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,215.15 अंक तक चढ़ने में कामयाब रहा। वैश्विक बाजारों में तेजी के अलावा घरेलू स्तर पर पिछले तीन दिन की गिरावट के बाद कम भाव पर खरीद का असर भी दिखा। छोटी और मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। एनएसई के सभी सूचकांक हरे निशान में रहे। धातु, आईटी, बैंकिंग, फार्मा, ऑटो और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। सेंसेक्स की बढ़त में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एलएंडटी का योगदान सबसे अधिक रहा। भारती एयरटेल में गिरावट रही।

# किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता:डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने गौतमपुरा से 1.34 लाख किसानों के खातों में अंतरित की 249 करोड़ रूपए भावांतर राशि




भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान भाई हमारे अन्नदाता हैं। वे तरह-तरह के जोखिम उठाकर समाज और देश के लिए अन्न-धन का भंडार भरते हैं। प्रकृति की मार सहकर और खुद के दाना-पानी की चिंता में न रहकर सबका उदर पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर जवान और खेतों में हमारे किसान दोनों समान रूप से राष्ट्र की सेवा में तत्पर रहते हैं। किसान भाइयों के घर-आंगन में खुशहाली और आर्थिक समृद्धि लाना ही हमारी सरकार का मूल लक्ष्य है। हम प्रदेश के हर किसान को उसके द्वारा उत्पादित फसल का समुचित दाम दिलाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को इंदौर जिले के गौतमपुरा में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोयाबीन की फसल पर भावान्तर भुगतान योजना के तहत प्रदेश के 1.34 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 249 करोड़ रुपये अंतरित किये। अब तक प्रदेश के 4.39 लाख से अधिक किसानों द्वारा 7.85 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन फसल का विक्रय किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर जिले को 264 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात भी दी। इसके तहत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनमें इनगोरिया से देपालपुर तक मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है। यह 10 मीटर चौड़ी सड़क होगी, जो देपालपुर और बड़नगर विधानसभा क्षेत्रों को आपस में जोड़ेगी।

***किसानों के नुकसान की सरकार कर रही भरपाई***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर किसान को उसकी मेहनत, उसके समर्पण का समुचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भावान्तर भुगतान योजना के जरिए किसानों को बाजार भाव में कमी से होने वाले नुकसान की भरपाई की जा रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति हर हाल में बेहतर एवं मजबूत हो सके और खेती-किसानी लाभ का व्यवसाय बने।

***मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं***- स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर से देपालपुर तक फोरलेन रोड के निर्माण की घोषणा की। यह 37 कि.मी. लंबी रोड होगी, जिसके निर्माण पर करीब 745 करोड़ रूपए खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने गौतमपुरा में महाविद्यालय खोलने तथा यहां के वर्तमान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में प्रोन्नत (अपग्रेड) करने की घोषणा की। अब यहां एक सर्वसुविधायुक्त बड़ा अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंदौर से हातौद तक फोरलेन सड़क बनाने की बात भी कही।

***एक-एक खेत तक पहुंचाएंगे पानी***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में किसान हितैषी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे हमारा प्रदेश कृषि के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी बना रहे। किसानों के लिये धन की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार भावांतर की राशि दे रही है, वहीं केन्द्र सरकार से किसानों को सम्मान निधि भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी खेत सिंचाई सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। हम एक-एक खेत तक पानी पहुंचाएंगे। देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में 1538 करोड़ रूपए की लागत से 27 हजार हेक्टेयर रकबे को सिंचित करने के लिए चंबल नदी पर एक बैराज बनाया जा रहा है। इससे विधानसभा क्षेत्र के 75 गांव लाभान्वित होंगे।

***प्रदेश में चल रहा है विकास का दौर***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोलर पॉवर पम्प के जरिए हम किसानों को ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इससे किसान अपनी बिजली से ही अपना खेत-अपना घर-अपनी दुकान रौशन कर सकेंगे। बिजली बिल का झंझट अब खत्म हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास का दौर चल रहा है। यह क्रम आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि मालवा ऋषि-मुनियों की धरती रही है। गौतमपुरा सदियों पहले ऋषि गौतम की कर्मभूमि रहा है। विश्व को गीता का ज्ञान देने वाले भगवान श्रीकृष्ण के सम्मान में आने वाली 1 दिसम्बर को गीता जयंती पूरे मध्यप्रदेश में मनाई जाएगी।

***पक्की सड़क की मिली सौगात***- विधायक देपालपुर मनोज निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि आज देपालपुर से इनगोरिया के बीच 10 मीटर चौड़ी सड़क की सौगात गौतमपुरा की जनता को मिली है। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के किसानों को सोयाबीन फसल के लिए 1300 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक के भावांतर की राशि ट्रांसफर की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दूसरी बार प्रदेश के किसानों को भावांतर की राशि भेज रहे हैं। इंदौर से देपालपुर तक फोरलेन रोड की आवश्यकता पर जोर दिया।




# शिक्षा का उद्देश्य है समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना : पटेल

## राज्यपाल डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू के 7वें दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

भोपाल (स्वतंत्र मत)

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका कमाना नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। आप सभी युवाओं को डॉ. अम्बेडकर के सपनों का भारत बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर प्राप्त हो। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मूल मंत्र को याद दिलाया और बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और विचारों से प्रेरणा लेने का आहवान किया। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू के 7वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय संविधान के शिल्पकार और युग पुरुष डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल श्री पटेल ने संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थितजनों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय के सामाजिक न्याय के दूत हैं। सामाजिक न्याय , समरसता और समावेशी विकास के सिद्धांतों का आजीवन अनुसरण करें। विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान में लगायें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरुजनों का हमेशा सम्मान करें। माता-पिता के संघर्ष, त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखें। उनकी सेवा पुण्य का कार्य है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि महू डॉ. अम्बेडकर की जन्मभूमि है। इस पावन धरा पर स्थित विश्वविद्यालय , सामाजिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने युवा शक्ति को राज्य और राष्ट्र के विकास की धुरी बताया। उन्होंने सामाजिक-आर्थिक असमानताओं पर शोध और उनके व्यावहारिक समाधान प्रयासों के लिए विश्वविद्यालय के शोधार्थियों की सराहना की। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि यह संस्थान सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध और अध्ययन को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने शोध कार्यों को सीधे जनहित और राज्य की विकास योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करें।

## बस स्टैंड की दुकानें व्यवस्थित करने सीएमओ ने किया निरीक्षण

**हटा (स्वतंत्र मत)।** बस स्टैंड से विश्राम गृह की ओर सड़क निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। वाहनों के आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए सीएमओ राजेन्द्र खरे ने एसआईआर के सर्वे की व्यस्तताओं के बीच बस स्टैंड का निरीक्षण कर दुकानदारों को मुख्य मार्ग से हटकर दुकानें लगाने के निर्देश दिए। हाथ ठेला चालकों को बीच स्टैंड से अलग हटकर ठेला लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान चर्चा में सीएमओ श्री खरे ने बताया कि बस स्टैंड की प्रतीक्षालय के आसपास लगने वाली दुकानें एक साथ पीछे की ओर लगाने की व्यवस्था की जाएगी। सर्वे के बाद बस स्टैंड की व्यवस्थाओं में सुधार कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण अच्छे से हो जाए कोई अवरूद्ध पैदा ना हो ताकि आमजन को सड़क का उपयोग जल्द करने मिले, यही प्रयास किया जा रहा है।



# सड़क हादसे में बीएलओ घायल

## पटवारी और तहसीलदार ने अस्पताल भेजा

दमोह (स्वतंत्र मत)

दमोह जिले के केरबना मार्ग पर सड़क हादसे में बीएलओ के घायल होने की घटना सामने आई। घायल बीएलओ जीवन सिंह गौंड को पटवारी की मदद से अस्पताल भेजा गया। एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल दमोह लाया गया। घटना की सूचना पर बटियागढ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी, पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया भी जिला अस्पताल पहुंचे, घायल बीएलओ जीवन सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी पथरिया निकेत चौरसिया ने बताया कि बीएलओ आलमपुर से कार्य कर लौट रहे थे तभी बाइक अनियंत्रित हुई और हादसा हो गया। घटना के बाद पटवारी द्वारा बटियागढ़ अस्पताल लाया गया उसके बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल दमोह लाया गया उनकी स्थिति अब बेहतर है।

# भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय बैठक का समापन

दमोह (स्वतंत्र मत)

मप्र भारतीय मजदूर संघ प्रदेश पदाधिकारी व कार्य समिति का समापन हुआ-भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री देवेंद्र चौबे ने बताया कि प्रदेश कार्य समिति को मार्गदर्शन करने हेतु अभा अध्यक्ष हिरण्डमय पांड्या, अभा महामंत्री रविंद्र हमते का आगमन भोपाल में हुआ। इस अवसर पर अभा उपाध्यक्ष केपी सिंह, अभा महामंत्री रामनाथ गणेश से उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस के सत्र में अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह एवं संचालन महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर द्वारा किया गया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील उपस्थित रहे। संगठनात्मक चर्चा, संगठन संबंधी कार्यों को गति देने हेतु हुई, हम



विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन रहे है हम, न्यूनतम वेतन की बात पर संघर्ष कर रहे हैं, जबकि मांग लिविंग वेज की बड़ी चर्चा होनी चाहिए, हमें पच परिवर्तन के विषय पर, समाज में काम करना है, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, जैसे विषयों पर प्रमुखता से कार्य करना है। श्रम संहिताओं पर सरकार ने पूर्व में सुझाव मांगा था हमने तय समय सीमा में सरकार को सुझाव भी दिया हमने 25 सुझावों के साथ सरकार के चार श्रम संहिताओं का समर्थन किया, जिसमें सरकार ने असंगठित क्षेत्र के 90 प्रतिशत मजदूरों को श्रम संहिता में सामाजिक सुरक्षा प्रदान की, महिला श्रमिकों को हेल्थ बेनिफिट में 3500 बोनस दिया जावेगा।

## जिला चिकित्सालय में किया पौधारोपण

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** महामाया रक्तदान एवं जन कल्याण समिति के सदस्य जिला चिकित्सालय दमोह पहुंचे, जहां उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समिति के सदस्यों ने अस्पताल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनकी सुरक्षा तथा नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। अध्यक्ष अखिलेश रजक मनुष्य तभी मानवता की ओर बढ़ता है जब वह प्रकृति और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाता है। इसी संदेश के साथ सदस्यों ने जिला अस्पताल में मौजूद लोगों तथा शहरवासियों से अपील की कि वे आगे आएं और अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने बताया कि बारिश के इस मौसम में लगाए गए पौधे अधिक सुरक्षित और तेजी से विकसित होते हैं, इसलिए सभी नागरिकों को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। समिति का यह प्रयास जिला अस्पताल परिसर को हरियाली से भरने और मरीजों व परिजनों के लिए बेहतर वातावरण बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. पहलाद पटेल, पूर्व सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन, आरएमओ डॉ. चक्रेश चौधरी, अध्यक्ष अखिलेश रजक, सचिव अभिषेक जैन रहे।

# प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। भारत की प्राचीन संस्कृति में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम माने गए हैं। पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है। इसमें तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है। राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व और आनंद का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैंपियनशिप के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आयोजन स्थल पहुंचने पर उन्हें कैप लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय सहित अधिकारी एवं खेल प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल बना है। भारत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मध्यप्रदेश ने वॉटर स्पोर्ट्स में एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इसी वर्ष हुए 38वें नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टीवल में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में आयोजित चेंपियनशिप में शामिल होने आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश की कला-संस्कृति और स्वाद से रू-ब-रू होते हुए भोपाल के आसपास स्थित पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए भी प्रेरित किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह 4 दिवसीय रोइंग चैंपियनशिप, वॉटर स्पोर्ट्स के कुंभ के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल-खिलाड़ी और खेल मैदान को प्रोत्साहित करने के लिए संपूर्ण प्रदेश में प्रयास कर रही है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद नैनपुर जिला-मण्डला (म.प्र.)

**Office of Municipal Council Nainpur, District-Mandla (M.P.) Phone No. 07646-240106, Email ID-cmonanpur@mpurban.gov.in**

**NIT No. 2884/PWD/NP/2025** नैनपुर दिनांक 24/11/2025

## // द्वितीय /तृतीय निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देख जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_455373_2 दि. 26.11.2025 | वार्ड क्र. 11 में सामुदायिक मंगल भवन जीर्वोद्धार व बिल्डिंग निर्माण कार्य ( 2nd Call) | 03 Month 26,04,960 | 5,000/- 19,600/- | 20-12-2025 |
| 2025_UAD_434889_2 दि. 26.11.2025 | मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य ( 2nd Call) | 02 Month 4,98,200/- | 2,000/- 5,000/- | 20-12-2025 |
| 2025_UAD_455375_2 दि. 26.11.2025 | वार्ड क्र. 01 में नसीर कबाड़ी से शिव मंदिर तक रिन्यूवल कोट कार्य ( 2nd Call) | 02 Month 5,43,132/- | 2,000/- 5,500/- | 20-12-2025 |
| 2025_UAD_455376_2 दि. 26.11.2025 | वार्ड क्र. 11 में श्रुति तिलगाम से तीरथ चौबे तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ( 2nd Call) | 02 Month 5,28,997/- | 2,000/- 5,300/- | 20-12-2025 |
| 2025_UAD_455377_2 दि. 26.11.2025 | वार्ड क्र. 11 में रमेश से सुनील पंजवानी, बसंत से शंकर तक सी.सी. रिनुवल एवं नाली में स्लैब कार्य ( 2nd Call) | 02 Month 4,05,349/- | 2,000/- 4,100/- | 20-12-2025 |
| 2025_UAD_455379_2 दि. 26.11.2025 | वार्ड क्र. 02 में नवीन हाई स्कूल शाला भवन में मरम्मतीकरण ( 2nd Call) | 02 Month 3,54,917/- | 2,000/- 3,600/- | 20-12-2025 |
| 2025_UAD_420142_3 दि. 26.11.2025 | वार्ड क्र. 02 में ग्याना बाई के सामने नाली पुलिया निर्माण कार्य ( 3rd Call) | 02 Month 94,368/- | 1,000/- 2,000/- | 20-12-2025 |
| 2025_UAD_420146_3 दि. 26.11.2025 | वार्ड क्र. 11 में सुनिल अनिल एवं पार्क के सामने जया जैन तक नाली में फ्लोरिंग कार्य ( 3rd Call) | 02 Month 96,065 | 1,000/- 2,000/- | 20-12-2025 |

शर्तें :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**(श्रीमति कृष्णा पंजवानी)**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद, नैनपुर**

**(डॉ. एल. एस. सारस)**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, नैनपुर**

## सूने मकान से जेवर ले उड़े चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाने में अंशुल कुमार उम्र 38 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी सुभाष नगर आधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि विगत दिन वह घर मे ताला लगाकर सपरिवार गाजियाबाद गया था। इसी दौरान उसके मकान मालिक राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने फोन पर बताया कि उसके मकान के दरवाजे का ताल टूटा हुआ है। वह शाम को घर वापस आया तो देखा कि अलमारी खुली थी अंदर जाकर चैक किया तो सोने की चेन का 1 पेंडल, 2 जोडी कान के कुण्डल, 3 अंगूठी, 1 हाय, एवं नगद 65 हजार रूपये गायब थे।

## बड़े भाई ने किया हमला

**जबलपुर।** गोसलपुर थाने में राजेश चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी टिकरिया गोसलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसका बडा भाई रामकेश चौधरी उसके घर के सामने आया एवं पुरानी बुराई पर गालीगलौज करने लगा। उसने बाहर निकलकर मना किया तो उसे लिपट कर उसे जमीन पर पटक दिया तथा हाथ मुक्को से मारपीट करते हुये उसका एक दांत तोड दिया। उसके चिल्लाने पर लोग बचाने आये तो दुबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

## पलंग से गिरने पर वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** माढोताल थाने में मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि बाबूलाल अहिरवार उम्र 70 वर्ष निवासी शंकर नगर कटंगी को विगत दिन अपने घर मे पलंग से गिर जाने से सिर में आई थी। जिसके कारण उन्हें उनकी बेटी द्वारा कैजुअल्टी में लाया गया था जहां पर इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




### स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं और अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का किया अवलोकन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने आज शैक्षणिक उद्देश्य से एक क्षेत्रीय अध्ययन भ्रमण किया, जिसके अंतर्गत उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन एवं विनिर्माण संस्थान, अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का अवलोकन किया। इस अध्ययन यात्रा का संयोजन अनामिका शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को चेयरमैन एचएस ओबेरॉय का विशेष मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्राप्त रहा। भ्रमण का प्रथम चरण प्रातः 10 बजे आरम्भ हुआ, जब विद्यार्थियों ने प्राथमिक जानी टीकाकरण व्यवस्था, दवाओं के वितरण की पद्धति स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर समुदाय को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने रोगी पंजीकरण, सामान्य बाह्य रोगी उपचार प्रक्रिया, टीकाकरण व्यवस्था, मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, आवश्यक दवाओं के वितरण की पद्धति, आपातकालीन सहायता तथा विभिन्न जनस्वास्थ्य योजनाओं के संचालन का निकट से निरीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उन्हें प्राथमिक स्तर की चिकित्सा व्यवस्था की संरचना तथा उसकी सामाजिक आवश्यकता के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। भ्रमण का द्वितीय चरण दोपहर 12 बजे प्रारम्भ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन एवं विनिर्माण संस्थान, जबलपुर के आधुनिक अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र का विस्तृत अवलोकन किया।

***स्वच्छ जल प्रबंधन को बारीकी से समझा***- विशेषज्ञों ने उन्हें अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक शोधन-चरण-प्रारम्भिक छटाई, गाद पृथक्करण, वायु मिश्रण, रोगाणुनाशन, शुद्ध जल के पुनः उपयोग तथा ठोस अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान-के बारे में जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि स्वच्छ जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के मध्य गहरा पारस्परिक संबंध है । भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हेतु विशेषज्ञों से संवाद स्थापित किया। प्राचार्या डॉ. कविता शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के क्षेत्रीय अध्ययन विद्यार्थियों के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यावहारिक समझ को सुदृढ़ करते हैं तथा उन्हें समाजोन्मुख स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अधिक संवेदनशील एवं सक्षम बनाते हैं ।

## रहवासी इलाके में तेंदुए की दस्तक ग्रामीणों में डर का माहौल

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



सिहोरा के ग्राम माल्हा में तेंदुए की बढ़ती आवाजाही ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है । जंगल और पहाड़ियों में रहने वाला यह खतरनाक जानवर अब सीधे रहवासी इलाके में घुसपैठ कर रहा है। हाल ही में मंगलवार की रात से लेकर बुधवार की सुबह तक माल्हा गांव में कई बार तेदुंए का मूवमेंट देख गया । वहीं अधिकारी कर्मचारियों का कहना है कि अभी तक उसके पंजे के निशान कहीं नहीं मिले हैं। वही ग्रामीणों का कहना है की बकरियों पर नजर रखना पड़ता है। तेंदुआ रात के अंधेरे में कई घरों की बाडियों तक पहुंच गया है । शासकीय प्राथमिक शाला माल्हा के प्रभारी उत्तम तिवारीयों ग्राम डूडी के कृषक वासुदेव मिश्रा ने बताया कि तेंदुआ क्षेत्रीय निवासी सुषमा यादव, सीताराम ठाकुर, अखिलेश और कल्लू बाई के घर की बाड़ी में देखा गया है।


South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

ruby moviemagic — EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| 120 BAHADUR (HINDI) | 10:30 AM, 1:15 PM, 4:00 PM, 6:50 PM & 9:30 PM<br>ruby 4:00 PM & 10:15 PM |
| MASTIII 4 (HINDI) | 9:45 AM, 12:25 PM & 6:15 PM<br>ruby 2:00 PM |
| SISU (HINDI) | ROAD TO REVENGE - 11:10 AM |
| DE DE PYAAR DE 2 (HINDI) | 1:00 PM, 3:50 PM, 6:55 PM, 9:00 PM & 10:00 PM<br>ruby 1:20 AM, 4:30 PM<br>ruby 7:00 PM, 9:45 PM |
| KANTARA(HINDI) | 3:15 PM \| ruby 7:15 PM |

@moviemagic_jbp | MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS | Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508






प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

mgm NURSING

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कटनी (म.प्र.)**

**फोरेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.)- 483501**

ईमेल आई डी- mgmnursingkte@gmail.com फोन नंबर:- 07622-405074, मोबाइल नंबर:- 7771001902
वेबसाइट- www.mgmcollegeofnursing.in इंस्टा आईडी- mgm_college_of_nursing_katni

SC ST OBC

छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।

| क्रमांक | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | जी.एन.एम. | 3 वर्ष | 12वीं (सभी विषय) सीधे प्रवेश |

मान्यता प्राप्त
- मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल (म.प्र.)
- इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली
- उच्च शिक्षा विभाग भोपाल से मान्यता प्राप्त

विशेषताएं एवं सुविधा
- छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
- अत्याधुनिक शिक्षा के माध्यम से स्मार्ट क्लासेस सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी एवं प्रयोगशालाएँ कम्प्यूटर लैब सुविधा
- एम.जी.एम. अस्पताल एवं जिला अस्पताल, कटनी एवं मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
- सी.सी. टीवी कैमरा युक्त कॉलेज परिसर



*Celebrating 9th Year of Establishment*

# HITKARINI LAW COLLEGE

Approved by Bar Council of India, Affiliated to Rani Durgavati University Jabalpur & Recognized by Higher Education, M.P. Bhopal

Opp. Victoria Hospital, Jonesganj, Jabalpur (M.P.)

Scan Enquiry

**Courses Offered**
- LL.B (3 Years Course) 180 Seats
- LL.M. 40 Seats (2 Years Course) in Criminal Group
- B.A.LL.B. 60 Seats (5 Years Integrated Law Program)

**Achievements in the Last 10 Years**
- Late Shri B.L. Shrivastava Memorial Award – Given to 10 Students
- Gold Medal Awards – Awarded to 10 Students
- Sant Kumar Tiwari Achievement Award – For 30 Lecture Series
- Moot Court Competition – 10 Awards
- National Seminars Organized by the College – 4
- Seminars Attended by Faculty – 25
- Papers Presented (National and International) – 6
- Articles Published by Faculty – 13

**Advanced Learning Initiatives**
- PPT-Based Classes
- Legal Aid Awareness Camps – 20Lectures by District Legal Services Authority (DLSA) – 20Para Legal Volunteers – 115 Students
- Practical Training for Students
- Visits to High Court, District Court, Police Station, Central Jail, and Other Institutions – 15
- Lok Adalat Visits – 10

**RANK HOLDERS** (3 Civil Judges)


Nalini Kesharvani


Vipin Thakur


Priti Thakur

**GOLD MEDAL RECIPIENT**


Bhupendra


Arpita Khare


Swati Chouhan


Sakshi Tiwari

University & College TOPERS


Dharmbrat Arya


Workshop on Professional Ethics: Bar and Bench, by Hon'ble Retd. Justice Dinesh Kumar Paliwal (17 Sept 2025)

Online Registration Admission Facility Available

Hitkarini is Proactively Looking to recruit exceptional TEACHING TALENT Across various fields

Scan to Apply

Click for Apply - https://careers.hitkarini.com/

FOR ADMISSION CONTACT: 0761-4129823
2401160, 9329335741, 9827393711

website- www.hitkarini.com
E-mail- hit.law.jbp@gmail.com

Scholarship for SC/ST/OBC/Minority


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**